■ औरंगाबाद एवं बोकारो से प्रकाशित
www.navbihartime.com
■ बिहार-झारखंड का अपना अखबार

वर्ष : 35, अंक : 305
पृष्ठ : 12
औरंगाबाद, बुधवार
9 अप्रैल 2025
मूल्य : 3.00 रुपये
रजि. नंबर : 52290/90

# नवबिहार टाइम्स

अपना प्रदेश, अपनी बात

**देश और दुनिया के इतिहास में आज की प्रमुख घटनाएं**

**1667 :** पेरिस में पहली पब्लिक आर्ट प्रदर्शनी लगाई गई।
**1838 :** लंदन में नेशनल आर्ट गैलरी खोली गई।
**1893 :** हिन्दी के प्रमुख साहित्यकार राहुल सांकृत्यायन का जन्म।
**1948 :** भारतीय अभिनेत्री जया बच्चन का जन्म।
**1965 :** भारतीय और पाकिस्तान की सेना के बीच कच्छ के रण में लड़ाई छिड़ी।

**सफल और असफल लोग अपनी क्षमताओं में बहुत भिन्न नहीं होते हैं, वे अपनी क्षमता तक पहुंचने के लिए अपनी इच्छाओं में भिन्न होते हैं।**

# नीतीश सरकार ने खोला नौकरियों का पिटारा

## कैबिनेट ने दी 27 हजार नई नियुक्तियों की मंजूरी | सबसे अधिक 20 हजार बहाली स्वास्थ्य विभाग में होगी

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** नीतीश सरकार ने विधानसभा चुनाव से पहले बिहार में 27 हजार से अधिक नये पदों पर बहाली करने का फैसला किया है। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की अध्यक्षता में मंगलवार को हुई कैबिनेट की बैठक में इस आशय के प्रस्ताव को मंजूरी दी गई। कैबिनेट की बैठक में कुल 27 प्रस्तावों पर मुहर लगी है। सरकार ने कृषि, नगर विकास एवं आवास, मद्य निषेध, उत्पाद एवं निबंधन विभाग, राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग, सामान्य प्रशासन विभाग में हजारों नए पद सृजित किए हैं। नौकरी की चाहत रखने वाले युवाओं के लिए यह बड़ी खुशखबरी है। अकेले स्वास्थ्य विभाग में 20 हजार से अधिक नए पद सृजित किए गए हैं, जिन पर नियुक्ति होनी है। वहीं, कृषि विभाग में लिपिक संवर्ग के 2590 पदों के पुनर्गठन की स्वीकृति दी गई है। मद्य निषेध विभाग में मद्य निषेध सिपाही, कार्यालय परिचारी, निम्न वर्गीय लिपिक, प्रयोगशाला सहायक समेत कुल 48 पदों के सृजन की स्वीकृति दी गई है। बिहार कर्मचारी चयन आयोग में डाटा एंट्री ऑपरेटर के कुल 29 एवं कार्यालय परिचारी के छह पद, कुल 35 पदों के सृजन की स्वीकृति




दी गई है। स्वास्थ्य विभाग में एकीकृत आयुष अस्पताल पटना के संचालन के लिए कल 36 पदों के सृजन की स्वीकृति दी गई है। वहीं, कैबिनेट सचिवालय के तहत विभिन्न कार्यालय में सहायक उर्दू अनुवादक के कुल 3306 पद के सृजन की स्वीकृति दी गई है। शिक्षा विभाग के रिटायर्ड सचिव बैद्यनाथ यादव और तत्कालीन निदेशक प्राथमिक शिक्षा पंकज कुमार को एक मार्च 2025 के प्रभाव से एक वर्ष के लिए संविदा के आधार पर परामर्शी नियुक्त करने की स्वीकृति दी गई है। इसके साथ ही कैबिनेट में राजस्व और भूमि सुधार विभाग से जुड़े दो महत्वपूर्ण प्रस्तावों को मंजूरी दी गई। बता दें कि, राज्य में जमीन सर्वे का काम तेजी से जारी है। ऐसे में जमीन सर्वे के काम में आसानी लाने के लिए सरकार के द्वारा कई फैसले लिए जा रहे हैं। इसी कड़ी में आज कैबिनेट बैठक में राज्यस्व विभाग से जुड़ी दो अहम प्रस्तावों को मंजूरी दी है। पहला निर्णय नवादा जिले के पकरीबरावां अंचल के कचना मौजा में 6.27 एकड़ गैर-मजरूआ सरकारी भूमि के हस्तांतरण को लेकर लिया गया। यह भूमि खाता संख्या 606 के तहत आती है और इसका उपयोग 132/33 केवी ग्रिड उपकेंद्र के निर्माण के लिए किया जाएगा। इस जमीन को बिहार स्टेट ट्रांसमिशन कंपनी लिमिटेड को 5 करोड़ 64 लाख 30 हजार रुपये की राशि पर सशुल्क आधार पर हस्तांतरित करने की स्वीकृति दी गई है। दूसरे बड़े फैसले के तहत राज्य के अंतर्गत संचालित सभी 827 राजस्व न्यायालयों के आधुनिकीकरण की योजना को मंजूरी मिली है। इसके तहत इन न्यायालयों में वीडियो कांफ्रेंसिंग की सुविधा लागू की जाएगी। इस परियोजना के लिए कुल 38 करोड़ 12 लाख 10 हजार 210 रुपये की स्वीकृति दी गई है, जिससे जरूरी आधुनिक उपकरणों की आपूर्ति और स्थापना की जाएगी। राज्य सरकार के इन फैसलों को डिजिटल गवर्नेंस और आधारभूत संरचना के विस्तार की दिशा में अहम कदम माना जा रहा है। वहीं नीतीश कैबिनेट ने मुजफ्फरपुर जिले के कुढ़नी अंचल के चहुआ मौजा, थाना संख्या 265, खाता संख्या 1347, खेतरा संख्या 3358 की कुल 5.07 एकड़ भूमि को कर्मचारी राज्य बीमा निगम (ईएसआईसी) अस्पताल के निर्माण हेतु सशुल्क हस्तांतरण की स्वीकृति प्रदान कर दी है। यह भूमि वर्तमान में ''अनाबाद सर्वसाधारण किरम - शिव स्थान'' के रूप में चिन्हित है, जिसे अब श्रम एवं रोजगार मंत्रालय, भारत सरकार को 2,09,25,918 रुपये (दो करोड़ नौ लाख पच्चीस हजार नौ सौ अठारह रुपये) के भुगतान पर ट्रांसफर किया जाएगा। इस भूमि पर 100 बेड का आधुनिक ईएसआईसी अस्पताल स्थापित किया जाएगा। जिससे क्षेत्र के श्रमिकों और आम नागरिकों को स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध हो सकेंगी। कैबिनेट की बैठक में राज्य मंत्री और उप मंत्री का दर्जा प्राप्त नेताओं के वेतन में वृद्धि करने की भी स्वीकृति दी है। राज्य मंत्री के वेतन में 35 हजार रुपए और उपमंत्री के वेतन में 36 हजार 500 रुपए की वृद्धि की गई है।

# झारखंड में 1373 माध्यमिक आचार्यों की होगी नियुक्ति

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की अध्यक्षता में मंगलवार को झारखंड कैबिनेट की बैठक हुई। इसमें 14 प्रस्तावों पर मुहर लगी। झारखंड में 1373 माध्यमिक आचार्यों की नियुक्ति के प्रस्ताव को कैबिनेट से स्वीकृति मिली है। पुनरीक्षित पुनर्वास नीति-2012 को 2027 तक के लिए अवधि विस्तार दिया गया है। एविएशन टर्बाइन फ्यूल की दर में संशोधन किया गया है। इसे चार फीसदी से बढ़ाकर 12 फीसदी किए जाने के प्रस्ताव को स्वीकृति दी गयी। झारखंड मंत्रालय के मंत्रिपरिषद सभागार में कैबिनेट की बैठक आयोजित हुई।

### 1373 माध्यमिक आचार्यों के पद सृजन की स्वीकृति

झारखंड के सरकारी माध्यमिक विद्यालय शिक्षक संवर्ग तथा सरकारी +2 विद्यालय शिक्षक संवर्ग के क्रमशः रिक्त 9,470 एवं 797 पद में से क्रमशः 8,650 एवं 250 पद, कुल 8,900 पदों का प्रत्यर्पण एवं 510 सरकारी +2 विद्यालयों में माध्यमिक आचार्य संवर्ग के आवश्यकता आधारित 1373 माध्यमिक आचार्यों के पद सृजन की स्वीकृति दी गयी है।

### ग्रासरूट्स इनोवेशन इंटर्नशिप योजना को स्वीकृति

झारखंड ग्रासरूट्स इनोवेशन इंटर्नशिप योजना की स्वीकृति दी गयी। झारखंड अवर शिक्षा सेवा संवर्ग (प्राथमिक शाखा) के पदाधिकारियों को राज्य शिक्षा सेवा वर्ग -2 (निरीक्षी शाखा) के पद पर प्रोन्नति की स्वीकृति दी गयी है।

### औद्योगिक निवेश को प्रोत्साहित करने के लिए स्पेन एवं स्वीडन यात्रा और उसके खर्च की स्वीकृति

झारखंड कैबिनेट ने सरकारी अस्पतालों द्वारा विभिन्न स्वास्थ्य बीमा योजना से अधिकतम क्लेम की राशि प्राप्त कर अस्पतालों के बेहतर प्रबंधन एवं स्वास्थ्य सुविधाओं को इंडियन पब्लिक हेल्थ के मानक के अनुरूप करने के लिए अस्पताल प्रबंधन के लिए मार्ग-निर्देश जारी करने की स्वीकृति दी।

## संक्षिप्त समाचार

### कांग्रेस जिला उपाध्यक्ष ने कार से नौ को कुचला, तीन की मौत

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**जयपुर।** जयपुर में सोमवार रात को शराब के नशे में कांग्रेस के जिला उपाध्यक्ष उस्मान खान ने एसयूवी दौड़ाते हुए नौ लोगों को कुचल दिया। घटना में भाई-बहन सहित तीन लोगों की मौत हो गई, जबकि छह लोग गंभीर रूप से घायल हैं। सरकार ने पीड़ित परिवारों को 50 लाख रुपए और संविदा पर नौकरी देने का ऐलान किया। सांसद मंजू शर्मा ने पीड़ित परिवार से बातचीत की है। वहीं मंगलवार को कांग्रेस पार्टी ने उस्मान खान को जिला उपाध्यक्ष के पद से हटा दिया है। पुलिस के अनुसार, सबसे पहले शहर की एमआई रोड पर कार के वाहनों को टक्कर मारने की जानकारी मिली थी। इसके बाद कार शहर की तंग गलियों में घुस गई।

### आर्मी जवान की सड़क दुर्घटना में मौत

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**भागलपुर।** भागलपुर में सोमवार की रात एक सड़क हादसे में आर्मी के एक जवान की मौत हो गई। आर्मी का जवान पिछले 9 महीने से छुट्टी लेकर घर पर था और बीमार मां की सेवा कर रहा था। मृत जवान की पहचान भ्रमरपुर नारायणपुर के रहने वाले रामशरण कुमर के बेटे मुकुंद कुमर उर्फ मोनू कुमार के रूप में हुई है। मुकुंद सुखना 33 कोर सेना मुख्यालय में आर्मी जवान थे। उन्होंने 2017 में आर्मी जॉइन की थी। जानकारी के मुताबिक, आर्मी जवान मुकुंद की मां का जून 2024 में एक्सीडेंट हो गया था। एक्सीडेंट में मुकुंद की मां का पैर बुरी तरह जख्मी हो गया था। जानकारी के बाद मुकुंद मां की सेवा के लिए जून 2024 में ही घर आ गए थे। मुकुंद की मां लगभग पूरी तरह से ठीक हो गई थी। कहा जा रहा है कि मुकुंद दो से तीन दिनों में अपने पोस्ट तैनाती के लिए जाने वाले थे। इससे पहले हादसे में उनकी मौत हो गई।

### मकई के खेत में मिला युवक का शव

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** पटना के बाढ़ में मकई के खेत में एक युवक का शव मिला है। सिर, चेहरे और गले पर चोट के निशान हैं। हत्या की आशंका जताई जा रही है। घटना घोसवारी थाना क्षेत्र के गोसाई गांव की है। ग्रामीणों की सूचना पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राकेश कुमार दलबल के साथ मौके पर पहुंचे। शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के कारणों का खुलासा हो पाएगा। मृतक की पहचान नहीं हो सकी है। आसपास के थानों से संपर्क किया जा रहा है। पहचान के लिए डेड बॉडी को 72 घंटे तक रखा जाएगा। पुलिस के मुताबिक प्रारंभिक जांच में हत्या का मामला लग रहा है।

## जर्मनी से बिहार आए आईआईटीयन की मौत

**जमुई (नबिटा ब्यूरो)।** जर्मनी से बिहार छुट्टी मनाने आए इंजीनियर की मौत हो गयी। मृतक की पहचान जिले के खैरा प्रखंड केतारीबांक निवासी निरंजन यादव उर्फ गुज्जर यादव के पुत्र अतुल सौरभ (28) के रूप में हुई है। पेशे से एयरोनॉटिक्स इंजीनियर अतुल सौरभ अपनी पत्नी के साथ गरही के पंचभूर झरना में घूमने के लिए गए थे। इसी दौरान हादसा हो गया। परिजनों के अनुसार इस साल होली मनाने के लिए जर्मनी से बिहार के जमुई आए थे। अतुल की मां ने अपनी बहू पर आरोप लगायी है। परिजनों के अनुसार अतुल कुमार आईआईटी एयरोनॉटिक्स इंजीनियर हैं। 2022 में जर्मनी गए थे। पांच महीने पहले उन्होंने लव मैरिज की थी। इधर, पत्नी प्रिया के अनुसार अतुल कुमार पंचभूर झरना स्नान करने के लिए गए थे। स्नान करने के बाद वह पहाड़ की ऊंचाई पर चढ़ रहा था। कुछ दूर जाने के बाद उसका पैर फिसल गया और वह झरने के गहरे पानी में गिर पड़ा डूबने से मौत हो गई।

# दो सड़क दुर्घटनाओं में आठ की मौत

## शादी बाद मायके से विदा हुई दुल्हन नहीं पहुंच पायी ससुराल, तीन अन्य महिलाओं की भी मौत
## गया में स्कॉर्पियो गिरी तालाब में, पति- पत्नी एवं दो बेटों की मौत

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना/ गया/ हाजीपुर।** बिहार में मंगलवार को दो सड़क दुर्घटनाओं में आठ लोगों की मौत हो गई एवं अन्य कई घायल हैं जो अस्पताल में जिंदगी और मौत से जुझ रहे हैं। वैशाली के जंदाहा प्रखंड के पनसला चौक के निकट ट्रक और कार की भीषण टक्कर में एक बच्ची और तीन महिलाओं की दर्दनाक मौत हो गई है। वहीं गया में बीती देर रात को एक स्कॉर्पियो डिवाइडर से टकराकर तालाब में गिर गई। इस घटना में पति-पत्नी और दो बेटों की मौत हो गई।

### हाजीपुर ब्यूरो के अनुसार

वैशाली में मंगलवार सुबह 4 बजे सड़क हादसे में दुल्हन समेत 4 महिलाओं की मौत हो गई। सभी एक ही गांव के थे। मृतकों में मां-बेटी भी हैं। इस हादसे में दूल्हा समेत तीन गंभीर रूप से घायल हैं। बताया जा रहा है कि सोमवार को शादी




हुई थी, दुल्हन की विदाई के बाद बारात लौट रही थी। इसी दौरान जंदाहा-समस्तीपुर एनएच पर एक बेकाबू ट्रक ने कार को टक्कर मार दी। मृतकों की पहचान बबीता देवी (क्रांति कुमार की पत्नी), सोनाक्षी कुमारी (8 साल बेटी), मोना देवी (गणेश राय की पत्नी, आंगनबाड़ी सहायिका) के रूप में हुई है। वहीं दुल्हन रूपा कुमारी मधेपुरा के लालिया गांव की रहने वाली थी। जबकि दूल्हा दीनानाथ कुमार, उसके दोस्त क्रांति कुमार और कार ड्राइवर निखिल कुमार गंभीर रूप से घायल हैं। जानकारी बिदुपुर थाना क्षेत्र के पानापुर कुशियारी गांव के रहने वाले दीनानाथ कुमार की सोमवार को नवगछिया में शादी हुई थी। शादी के बाद सभी लोग एक कार से नवगछिया से लौट रहे थे। इसी दौरान जिले के महिषौर थाना क्षेत्र पनसला चौक के पास नेशनल हाइवे पर उनकी कार एक बेकाबू ट्रक से टकरा गई। इस हादसे के बाद शादी वाले घर में मातम पसर गया है। शादी की खुशी मातम में बदल गई, जिससे पूरे गांव में गम का माहौल है।

### गया ब्यूरो के अनुसार

गया में दर्दनाक सड़क हादसा हुआ है, जिसमें एक पूरा हंसता खेलता परिवार खत्म हो गया। जिले के वजीरगंज थाना क्षेत्र में बीती देर रात को एक स्कॉर्पियो डिवाइडर से टकराकर तालाब में गिर गई। इस घटना में पति-पत्नी और दो बेटों की मौत हो गई है। एक पूरा परिवार ही समाप्त हो गया। बताया जा रहा है कि इस हादसे में ड्राइवर की जान बच गई है। पूरा परिवार बिहारशरीफ से श्राद्ध कर्म में भाग लेकर अपने घर गया के खिजरसराय थाना अंतर्गत शाहबाजपुर गांव को लौट रहा था। इसी दौरान गया के वजीरगंज थाना अंतर्गत दक्षिन गांव फोरलेन बाईपास के पास स्कॉर्पियो अनियंत्रित हो गई और डिवाइडर से टकराते हुए तालाब में जा गिरी। जानकारी के अनुसार शशि कुमार उनकी पत्नी रिंकी देवी और दो बेटे सुमित और बालकृष्ण की मौत इस हादसे में हो गई है। पेशे से किसान रहे शशि कुमार का छोटा खुशहाल परिवार था, जो अब नहीं रहा। इस घटना की जानकारी मिलते ही खिजरसराय के शहबाजपुर में रहने वाले शशि के परिजनों के बीच कोहराम मच गया। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

## भारत बना आईफोन निर्यात का हब

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**नई दिल्ली।** भारत ने वित्त वर्ष 2024-25 में दो लाख करोड़ रुपये से अधिक के रिकॉर्ड स्मार्टफोन का निर्यात किया है। 2023-24 की तुलना में यह 54 फीसदी अधिक है। इसमें अकेले एपल का हिस्सा 1.50 लाख करोड़ रुपये है। केंद्रीय इलेक्ट्रॉनिक्स और आईटी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने सोशल मीडिया पर कहा, उत्पादन से जुड़ी प्रोत्साहन (पीएलआई) योजना के कारण यह संभव हुआ है। आईटी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने मंगलवार को सोशल मीडिया पर लिखा, निर्यात में वृद्धि से बड़े पैमाने पर रोजगार के अवसर पैदा हो रहे हैं। भारत के छोटे एवं मझोले उद्योग यानी एमएसएमई वैश्विक आपूर्ति नेटवर्क का हिस्सा बन रहे हैं। इससे स्थानीय इलेक्ट्रॉनिक्स विनिर्माण परिवेश तेजी से बढ़ रहा है। वित्त वर्ष 2024-25 के सिर्फ 11 महीनों (अप्रैल से फरवरी) में भारत का स्मार्टफोन निर्यात 1.75 लाख करोड़ रुपये को पार कर गया था।

# भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष के हाउस गार्ड ने की खुदकुशी

■ **लाइसेंसी पिस्टल से सिर में मारी गोली**

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष दिलीप जायसवाल के सरकारी आवास पर तैनात हाउस गार्ड ने मंगलवार को आत्महत्या कर ली। पटना के सचिवालय थाना क्षेत्र में स्थित एमएलसी आवास संख्या-21 में गार्ड आशुतोष मिश्रा ने लाइसेंसी पिस्टल से अपने सिर में गोली मारी है। वह सीआरपीएफ का जवान था और गया जिले के टेकारी थाना क्षेत्र का रहने वाला था। घटना की जानकारी मिलने के बाद पुलिस टीम मौके पर पहुंची और छानबीन शुरू कर दी है। बताया जाता है कि घटना के समय दिलीप जायसवाल आवास पर मौजूद नहीं थे। गोली चलने की आवाज सुनकर अन्य सुरक्षा कर्मी मौके पर पहुंचे और तुरंत पुलिस को सूचना दी। सचिवालय थाना प्रभारी संजीव कुमार ने घटना की पुष्टि करते हुए बताया कि यह आत्महत्या का मामला है। प्राथमिक जांच में यही सामने आया है कि गार्ड ने अपनी लाइसेंसी पिस्टल से खुद को गोली मारी है। वहीं, घटना के बाद पुलिस और फॉरेंसिक टीम दिलीप जायसवाल के आवास पर पहुंची और जांच शुरू कर दी। आत्महत्या के पीछे की वजह अभी स्पष्ट नहीं हो पाई है। पुलिस आशुतोष के परिवार, सहकर्मियों और आसपास के लोगों से पूछताछ कर रही है।

# उपज का वाजिब दाम दिलाना हमारी प्राथमिकता : डॉ. अजीत कुमार

## भारतीय खाद्य निगम के कार्यकारी निदेशक ने किया गेहूं क्रय केंद्रों का निरीक्षण

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बक्सर/कैमूर।** भारतीय खाद्य निगम (एफ.सी.आई) के कार्यकारी निदेशक, मुख्यालय, नई दिल्ली, डॉ. अजीत कुमार सिन्हा ने मंगलवार को रबी विपणन वर्ष 2025-26 के तहत बिहार के बक्सर व कैमूर जिले में संचालित गेहूं क्रय केंद्रों का निरीक्षण किया और किसानों से सीधी बातचीत कर खरीदी की स्थिति की समीक्षा की। इस मौके पर डॉ. अजीत कुमार सिन्हा ने कहा कि सरकारी खरीद प्रक्रिया को पारदर्शी और किसान हितैषी बनाने के लिए एफसीआई प्रतिबद्ध है। हमारी कोशिश है कि किसानों को उनकी उपज का वाजिब दाम समय पर मिले और उन्हें किसी प्रकार की परेशानी न हो। बक्सर जिले के नावानगर, पैक्स नावानगर और कैमूर जिले के दुघरा, साइलो बारे एवं जागेबराओं स्थित केंद्रों पर हुई बैठक में डॉ. सिन्हा ने किसानों को न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) पर गेहूं बेचने की प्रक्रिया की जानकारी दी और केंद्रों की कार्यप्रणाली का जायजा लिया। इस अवसर पर उन्होंने



एफपीओ (फार्मर प्रोड्यूसर ऑर्गेनाइजेशन) के प्रतिनिधियों से भी संवाद किया और उन्हें किसानों को एमएसपी पर गेहूं विक्रय हेतु जागरूक करने की अपील की। डॉ. सिन्हा ने जानकारी दी कि भारत सरकार ने इस वर्ष गेहूं के समर्थन मूल्य में 150 रुपये प्रति क्विंटल की वृद्धि की है और अब रबी विपणन वर्ष 2025-26 के लिए एमएसपी 2425 रुपये प्रति क्विंटल निर्धारित की गई है। उन्होंने बताया कि एफसीआई द्वारा किसानों को उचित तौल, समयबद्ध भुगतान एवं बोरे की व्यवस्था जैसी सुविधाएं उपलब्ध कराई जा रही है। उन्होंने बताया कि मंडल कार्यालय बक्सर के तहत बक्सर जिले में 07, रोहतास में 10 और कैमूर में 13 क्रय केंद्र खोले गए हैं। पूरे बिहार में एफसीआई द्वारा कुल 151 गेहूं क्रय केंद्र संचालित किए जा रहे हैं। इन केंद्रों पर किसानों को गेहूं बेचने के बाद 48 घंटे के भीतर उनके बैंक खातों में भुगतान किया जा रहा है, जिससे किसानों में काफी उत्साह देखा जा रहा है। किसानों को रजिस्ट्रेशन की प्रक्रिया के बारे में जानकारी देते हुए उन्होंने बताया कि कृषि विभाग, बिहार सरकार के डीबीटी पोर्टल पर पंजीकृत किसान अपने नजदीकी क्रय केंद्र पर जाकर एमएसपी पर गेहूं बेच सकते हैं। इस दौरान बैठक में एफसीआई बिहार के महाप्रबंधक अमित भूषण, उप-महाप्रबंधक (अधिप्राप्ति) सुशील कुमार सिंह, मंडल प्रबंधक बक्सर राजेश सिंह पंगती, सहायक महाप्रबंधक (गुणवत्ता नियंत्रण) अजय कुमार, प्रबंधक (कार्मिक) मनोज कुमार सिंह, प्रबंधक (अधिप्राप्ति) राहुल कुमार समेत अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

# बिहार में ग्रामीण सड़कों को मिलेगी नई रफ्तार

## 103 नए पुल और 33.65 किमी सड़क का होगा निर्माण | सड़कों के रखरखाव के लिए अतिरिक्त 230 करोड़ मंजूर

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** बिहार में ग्रामीण सड़क संपर्क को सुदृढ़ करने की दिशा में केंद्र सरकार ने एक बड़ी पहल करते हुए प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत वर्ष 2024-25 के लिए 367.94 करोड़ की नई योजनाओं को मंजूरी दी है। इन योजनाओं के अंतर्गत राज्य में पांच नई सड़कों के साथ 103 पुलों का निर्माण किया जाएगा, जिससे ग्रामीण क्षेत्रों को मजबूत और टिकाऊ सड़क नेटवर्क से जोड़ा जा सकेगा। इस पहल से मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के सूबे की सड़कों को चाक-चौबंद करने के संकल्प को और मजबूती मिलेगी।

### निविदा प्रक्रिया शुरू, इच्छुक एजेंसियों से मांगे गये प्रस्ताव

इन परियोजनाओं के तहत कुल 33.65 किलोमीटर लंबी सड़कों और 3891.17 मीटर लंबे पुलों का निर्माण किया जाएगा। स्वीकृत राशि में से 214 करोड़ रुपये केंद्र सरकार की ओर से और 153.94 करोड़ रुपये राज्य सरकार की ओर से वहन किए जाएंगे। इन योजनाओं के लिए निविदा प्रक्रिया शुरू हो गई है और इच्छुक एजेंसियों से 5 मई तक प्रस्ताव मांगे गए हैं। इसके अतिरिक्त बिहार सरकार को वित्तीय वर्ष 2023-24 में प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के अंतर्गत किए गए उत्कृष्ट कार्यों के लिए केंद्र सरकार की ओर से 138 करोड़ की प्रोत्साहन राशि भी प्राप्त हुई है। इस राशि के साथ राज्य सरकार 92 करोड़ का अंशदान देगी, जिससे कुल 230 करोड़ की राशि सड़कों के आवधिक अनुरक्षण (पीरियोडिक मेंटेनेंस) पर खर्च की जाएगी। ये रख-रखाव कार्य उन सड़कों पर किए जाएंगे, जिनकी पंचवर्षीय अनुरक्षण अवधि पूरी हो चुकी है।

### जल्द ही शुरू होगा निर्माण कार्य

ग्रामीण कार्य विभाग के अनुसार इन योजनाओं का उद्देश्य राज्य के हर गांव को सुदृढ़, सुरक्षित और हर मौसम में उपयोगी सड़कों से जोड़ना है। विभाग ने बताया कि योजनाओं के चयन की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है और जल्द ही निर्माण कार्य भी प्रारंभ होगा।

आवश्यकता
सुधा आइसक्रीम सेल्स टीम के एरिया मैनेजर के पद पर युवकों की आवश्यकता है
कौस्तुभ इंटरप्राइजेज
(जिला डिस्ट्रीब्यूटर- सुधा आइसक्रीम)
सत्येन्द्र नगर, औरंगाबाद (बिहार)
मो.- 6206165107
नोट: आइसक्रीम कुल्फी के विभिन्न प्रोडक्ट के लिए दुकानदार बंधु भी संपर्क करें।



# पूर्व आईपीएस अधिकारी शिवदीप लांडे ने 'हिंद सेना' पार्टी बनाई

## हमारे खून के हर कतरे में 'हिन्द' है, इसलिए पार्टी का नाम 'हिंद सेना' रखा

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो




**पटना।** बिहार के सिंघम के नाम से मशहूर पूर्व आईपीएस अधिकारी शिवदीप वामनराव लांडे ने सियासत में कदम रखते हुए मंगलवार को 'हिंद सेना' नाम से अपनी पार्टी का ऐलान कर दिया। दरअसल, शिवदीप लांडे की सियासी पारी की काफी दिनों से अटकलें लगाई जा रही थीं। उन्होंने काफी पहले ही सियासत में उतरने का ऐलान किया था, लेकिन यह नहीं बताया था कि वह अपनी नई पार्टी बनाएंगे या किसी दल से जुड़ेंगे। पहले कयास लगाए जा रहे थे कि शिवदीप लांडे, प्रशांत किशोर की जन सुराज पार्टी को ज्वाइन करेंगे। वहीं मंगलवार को लांडे ने प्रेस कांफ्रेंस करके अपनी राजनीतिक पारी की घोषणा की और इसी दौरान अपने राजनीतिक दल का ऐलान कर दिया। प्रेस वार्ता के दौरान शिवदीप लांडे ने कहा कि हमारे खून के हर कतरे में 'हिन्द' है, इसलिए पार्टी का नाम 'हिंद सेना' रखा गया है। उन्होंने कहा कि मैं जब आईपीएस अधिकारी था, तब मेरी हर शुरुआत 'जय हिंद' से होती थी। इसलिए अपनी पार्टी के नाम में 'हिंद' शब्द को शामिल किया। अब यह 'हिंद सेना' बिहार के अधिकारों की लड़ाई लड़ेगी। उन्होंने कहा कि मेरी 'हिंद सेना पार्टी' का उद्देश्य जात-पात, धर्म और वोट बैंक की राजनीति से हटकर एक साफ-सुथरी व्यवस्था देने की है। उन्होंने कहा कि अब बिहार को एक नया नेतृत्व चाहिए, जो ईमानदारी, ऊर्जा और विकास की बात करे, न कि जनता को पुराने नारों से बहकाए। लांडे का मानना है कि बिहार को अब पुराने नारों और खोखली राजनीति से बाहर निकलकर एक नए नेतृत्व की जरूरत है, जो मानवता, न्याय और सेवा को प्राथमिकता दे, न कि केवल भावनात्मक मुद्दों के सहारे जनता को भ्रमित करे। शिवदीप लांडे ने पुलिसिया अंदाज में बताया कि उन्होंने राजनीति के मैदान में कदम क्यों रखा और उनका उद्देश्य क्या है? उन्होंने कहा कि युवाओं की दशा और दिशा बदलने के लिए राजनीतिक पार्टी उन्होंने बनाया है। युवाओं के लिए ही वे राजनीति में आए और युवाओं के साथ मिलकर वे आगे बढ़ेंगे। पेपर लीक मामले में शिक्षा माफियाओं को धमकी देते हुए लांडे ने कहा कि अगर हमारी पार्टी आई तो फिर कोई पेपर लीक करके दिखा दे। सब ठीक कर दिया जाएगा। 360 डिग्री कार्रवाई होगी। उन्होंने बताया कि बिहार के हर जिले में बुनियादी सुविधाओं की कमी है। आजादी के 75 साल बाद भी बिहार विकास से अछूता रहा है। उन्होंने कहा कि युवाओं के साथ मिलकर बिहार के हालात को बदलेंगे। शिवदीप लांडे ने कहा कि पिछले एक महीने से वो युवाओं से मिले। उन्होंने समस्याओं की लंबी सूची दी है। बताया कि युवाओं से मिलने के बाद ही उन्होंने राजनीति में आने की सोची। शिवदीप लांडे ने कहा कि पुलिस की नौकरी से इस्तीफा देने के बाद उन्हें कई जगह से ऑफर आए। शिवदीप लांडे को राज्यसभा और मंत्री बनाने का ही नहीं बल्कि मुख्यमंत्री चेहरा तक बनाने का ऑफर दिया गया। लेकिन किसी ऑफर में इसलिए दिलचस्पी नहीं और युवाओं की दशा और दिशा बदलने के लिए राजनीतिक पार्टी बनाया। वहीं उन्होंने खुद के चुनाव लड़ने के सवाल पर कहा कि हम सभी पार्टी 243 सीटों पर अपना उम्मीदवार उतारेंगी। 243 सीट पर उम्मीदवार कोई भी हो चुनाव शिव दीप लांडे ही लड़ेंगे।

# ससुराल में दामाद की हत्या मामले में पत्नी, सास समेत चार गिरफ्तार

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**मसौढ़ी।** बीते सोमवार को मसौढ़ी थाना क्षेत्र के भदौरा गांव में अपनी पत्नी के मौसी घर आए हुए एक युवक की गला दबाकर हत्या कर देने के मामले में मसौढ़ी पुलिस ने मंगलवार को उसकी पत्नी मुस्कान कुमारी समेत कुल चार लोगों को गिरफ्तार किया गया है जिसमें सरयुग पासवान पिता स्व रामचंद्र पासवान, नंदिनी देवी पति बबलू कुमार(मौसी) मुस्कान कुमारी पिता स्वर्गीय जयप्रकाश कुमार (पत्नी)अनीता देवी पति धर्मेंद्र पासवान नियामतपुर (सास) आदि को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। दरअसल बताया जाता है कि 2 साल पहले नियामतपुर की रहने वाली मुस्कान कुमारी पिता धर्मेंद्र पासवान पालीगंज के मसौढ़ा के रहने वाले जयप्रकाश कुमार पिता अमन राम से अंतरजातीय विवाह किया था, स्थानीय लोगों से मिली जानकारी के मुताबिक शादी के बाद लगातार इन दोनों परिवारों में खटास चल रही थी। ऐसे में शादी के 2 साल बाद भी यह खटास मिटी नहीं और इसे रास्ते से हटाने का पूरा प्लानिंग कर हत्या कर दिया गया। इसी बीच रामनवमी के मौके पर भदौरा गांव में मुस्कान कुमारी अपने मौसी के घर पूजा का आयोजन के मौके पर इसे बुलाया गया जहां पर जयप्रकाश बाइक से पहुंचा जहां पर रात भर खस्सी का मीट और शराब की पार्टी हुई और उसी में इसे गला दबाकर उसकी हत्या कर हांसाडीह गांव के दक्षिण चिमनी भट्ठा के पास शव को फेंक दिया। मृतक जयप्रकाश के पिता अमन राम ने भदौरा के रहने वाले सभी ससुराल पक्षों पर हत्या का केस दर्ज किया है। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए फिलहाल चार लोगों को गिरफ्तार किया है और पूरे मामले की छानबीन में जुटी हुई है।

# रिश्वतखोरी मामले में सीडीपीओ सविता कुमारी दोषी, विशेष निगरानी अदालत ने सुनाई सजा

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**पटना/फुलवारीशरीफ।** भ्रष्टाचार के खिलाफ कार्रवाई करते हुए विशेष निगरानी न्यायालय, पटना ने गया जिले की पूर्व बाल विकास परियोजना पदाधिकारी (सीडीपीओ) सविता कुमारी को रिश्वत लेने के मामले में दोषी करार देते हुए सजा सुनाई है। विशेष न्यायाधीश मो. रुस्तम की अदालत ने पीसी एक्ट की धारा 7 और 13(2) के तहत सविता कुमारी को 3 वर्ष एवं 4 वर्ष सश्रम कारावास के साथ प्रत्येक धारा के लिए 10-10 हजार रुपये जुर्माना भरने का आदेश दिया है। जुर्माना नहीं देने की स्थिति में एक माह का अतिरिक्त कारावास भी भुगतना होगा। विशेष लोक अभियोजक विजय भानू उर्फ पुट्टू बाबू ने बताया कि 22 अप्रैल 2017 को सविता कुमारी को गया जिले के कोंच स्थित कार्यालय में 10,000 रुपये रिश्वत लेते रंगे हाथों गिरफ्तार किया गया था। मामले में महिला पर्यवेक्षिका गजाला साहिन मुख्य गवाह बनीं जिनसे 30,000 रुपये की बरामदगी भी की गई थी। अभियोजन पक्ष ने इस प्रकरण में कुल 10 गवाहों की गवाही प्रस्तुत की जिनके बयानों के आधार पर अदालत ने सविता कुमारी को दोषी ठहराया।

# श्रमिक कल्याण योजनाओं की जानकारी के लिए विभाग की सार्थक पहल

## मंत्री संतोष कुमार सिंह ने किया श्रम संवाद पत्रिका के प्रथम अंक का विमोचन

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो




**पटना।** श्रम संसाधन विभाग, बिहार की ओर से प्रकाशित त्रैमासिक 'श्रम संवाद पत्रिका' के प्रथम अंक का विमोचन आज श्रम संसाधन मंत्री संतोष कुमार सिंह ने किया। इस विशेष अवसर पर विभाग के सचिव दीपक आनन्द समेत विशेष सचिव राजीव रंजन, विशेष सचिव आलोक कुमार, श्रम आयुक्त राजेश भारती के साथ अन्य विभागीय अधिकारीगण उपस्थित रहे। यह पत्रिका राज्य के श्रमिकों के हितों, कल्याणकारी योजनाओं, श्रम सुधारों और कौशल विकास की दिशा में सरकार के प्रयासों को प्रतिबिंबित करती है। पत्रिका के संपादक स्वयं मंत्री संतोष कुमार सिंह हैं जो इसे एक दृष्टिकोण आधारित और नीति संवाद का मंच बनाने की दिशा में प्रयासरत हैं। 'श्रम संवाद' में राज्य में श्रम कानूनों में किए गए बदलावों के साथ-साथ सरकारी औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों (आईटीआई) के सेंटर ऑफ एक्सीलेंस के रूप में उन्नयन, असंगठित कामगारों के लिए सामाजिक सुरक्षा योजनाएं, कैरियर मार्गदर्शन, महिला सशक्तिकरण में कौशल विकास की भूमिका जैसी कई विषयों पर जानकारी दी गई है। पत्रिका में प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना, गिरमिटिया से गूगल तक अंतरराष्ट्रीय प्रवासन की प्रवृत्ति, औद्योगिक विवाद अधिनियम 1947 तथा श्रम अधिनियमों का इतिहास जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर लेख प्रकाशित किए गए हैं। साथ ही राज्य के नियोजनालयों और करियर सेंटर की भूमिका पर भी प्रकाश डाला गया है। यह पत्रिका न केवल सूचना का स्रोत होगी बल्कि नीति निर्माताओं, उद्योगों और आम श्रमिकों के बीच सेतु का कार्य करेगी। मंत्री ने आशा जताई कि यह पहल श्रमिक कल्याण और रोजगार सृजन के प्रयासों को और गति देगी।

# दिवगंत चितरंजन शर्मा के शोकाकुल परिवार से मिले मंत्री प्रेम कुमार



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**मसौढ़ी।** भाजपा कोटे से मंत्री डॉ प्रेम कुमार धनरूआ के नीमा गांव स्थित दिवगंत चितरंजन शर्मा के शोकाकुल कुल परिजनों से मुलाकात की और उन्हें यथासंभव मदद करने का भरोसा जताते हुए उन्होंने कहा कि चितरंजन शर्मा भाजपा के न केवल विधायक थे बल्कि राष्ट्रीय परिषद के सदस्य भी रहे हैं। इनका असमय चले जाना पार्टी के लिए बहुत ही अपूरणीय क्षति है। इनका क्रियाकलाप बहुत ही बेहतर रहा है पार्टी स्तर पर उनके परिवार वालों को जो भी मदद होगा उनके लिए हमेशा तत्पर हैं।

# दक्षिण पूर्व रेलवे के 12 कर्मचारी उत्कृष्ट सुरक्षा कार्य के लिए सम्मानित

## दक्षिण पूर्व रेलवे के महाप्रबंधक ने की फ्रंटलाइन स्टाफ की सजगता और समर्पण की सराहना

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो




**कोलकाता।** दक्षिण पूर्व रेलवे के महाप्रबंधक अनिल कुमार मिश्रा ने मंगलवार को मुख्यालय गार्डनरीच (कोलकाता) में आयोजित एक सम्मान समारोह में रेलवे के 12 कर्मचारियों को उत्कृष्ट कार्य, सुरक्षा के प्रति सजगता और अपने कर्तव्यों के प्रति निष्ठा के लिए सम्मानित किया। ये सभी कर्मचारी रेलवे के फ्रंटलाइन स्टाफ से हैं जिन्होंने दुर्घटनाओं को टालने और यात्रियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। सम्मानित कर्मचारियों में शामिल हैं-कमलेश राय (वरिष्ठ मोटरमैन/खड़गपुर), जोसेफ गरी (तकनीशियन-III/सी एंड डब्ल्यू/बामरा), कृष्ण चंद्र नायक (वरिष्ठ तकनीशियन/सी एंड डब्ल्यू/झारसुगुड़ा), कु. मिली सरकार (प्वाइंट्समैन-ए/बांकड़ा नयाबाज), पुष्पा सिंह (ट्रैक मेंटेनर-I/श्यामचक), अनिल पांडेय, विशाल बिस्वास (ट्रैक मेंटेनर-IV/जलेश्वर), मोहम्मद सैफ अली खान (ट्रैक मेंटेनर-IV/कोटशिला), अमन कुमार (ट्रैक मेंटेनर-IV/हरूबेरा), उपेन्द्र राम (ट्रैक मेंटेनर-IV/झालदा), रंजीत कुमार महतो (ट्रैक मेंटेनर-I/तोरांग) और कमल महतो (हेड कांस्टेबल/ रेलवे सुरक्षा बल/रांची)। महाप्रबंधक श्री मिश्रा ने अपने संबोधन में सभी कर्मचारियों की निष्ठा और सतर्कता की सराहना करते हुए कहा कि यात्रा की सुरक्षा सुनिश्चित करने में ऐसे समर्पित कर्मचारियों की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। दक्षिण पूर्व रेलवे में सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता है और हमारी यह प्रतिबद्धता इन कर्मचारियों के प्रयासों से और भी मजबूत होती है। उन्होंने आगे कहा कि फ्रंटलाइन स्टाफ का सजग और समय पर लिया गया निर्णय कई बार संभावित दुर्घटनाओं को टाल देता है जिससे न केवल रेलवे संपत्ति की सुरक्षा होती है, बल्कि यात्रियों का जीवन भी सुरक्षित रहता है। कार्यक्रम के अंत में महाप्रबंधक ने सभी सम्मानित कर्मचारियों को प्रशस्ति पत्र और स्मृति चिन्ह प्रदान किए तथा उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

# तेजस्वी ने खुद को बताया महागठबंधन का सीएम चेहरा

## मुख्यमंत्री बनते ही मुसहर-भुइयां समाज को बसाने का काम करुंगा

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** राजद की ओर से दलित वोट बैंक को साधने के लिए मंगलवार को पटना के श्रीकृष्ण मेमोरियल हॉल में 'मुसहर-भुइयां महारैली सह संवाद कार्यक्रम' का आयोजन किया गया था। इसमें नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव ने खुद को महागठबंधन का सीएम चेहरा बताया। उन्होंने कहा कि जिस दिन मैं मुख्यमंत्री बनूंगा, उसी दिन से मुसहर समाज को बसाने का काम करेंगे जिन गरीब परिवार को जमीन नहीं होगा, उनको जमीन देकर बसायेंगे। आपको रोजगार देने का काम करेंगे। उन्होंने कहा कि पिछड़े समाज को आगे बढ़ाने का काम सिर्फ लालू जी ने किया। भाजपा और आरएसएस के लोग कभी भी आप लोगों को आगे बढ़ते हुए नहीं देखना चाहते हैं। यही कारण है कि बिहार में अधिक आबादी होने के बावजूद सरकारी नौकरी में आपकी भागीदारी बेहद कम है। इस दौरान बड़ी संख्या में मुसहर समाज से जुड़े लोग तेजस्वी को सुनने के लिए पहुंचे थे। तेजस्वी ने कहा कि भाजपा आरक्षण चोर और आरक्षणखोर पार्टी है जो आपके अधिकारों की चोरी कर रही है। इसलिए अपने बच्चों को पढ़ाइए लिखाइए। दूसरी जाति, जिनकी आबादी सिर्फ 10 फीसदी है। नौकरी में उनकी अधिक भागीदारी है। उन्होंने कहा कि मैं मुख्यमंत्री बनूंगा तो रैन बसेरे, नाले और झुग्गी झोपड़ी में रहनेवाले सभी लोगों को पक्का मकान बनवा कर दूंगा। इसलिए आप लोग मेरा साथ दीजिए। उन्होंने कहा कि मौका देकर देखिए, तेजस्वी उम्र में भले ही कच्चा है, लेकिन जुबान का कच्चा नहीं है जो कहा है उसे पूरा करके दिखाएंगे। तेजस्वी ने कहा कि बिहार में 40 लाख आबादी मुसहरों की है, लेकिन सिर्फ 20 डॉक्टर मुसहर समाज से हैं। क्योंकि भाजपा के लोग आपको आगे बढ़ना नहीं देना चाहते हैं। वह नहीं चाहते कि पिछड़े समाज के लोगों को उनका हक मिले। वह आपलोगों को हमेशा गरीब रखना चाहती है। ताकि वह आपका शोषण कर सके। इसी तरह सिर्फ 76 इंजीनियर हैं। डोम लोगों में 2.60 लाख की आबादी में 19 डॉक्टर और 63 इंजीनियर हैं। उन्होंने कहा कि क्या मांझी परिवार के बच्चे डॉक्टर, इंजीनियर और राजनेता नहीं बनेंगे। तेजस्वी यादव ने शिक्षा विभाग के अपर मुख्य सचिव एस सिद्धार्थ का समर्थन करते हुए इस बात पर जोर दिया कि सभी अभिभावक अपने-अपने बच्चों को स्कूल भेजे। उन्होंने कहा कि अगर आप अपने बच्चों को नहीं पढ़ाएंगे तो समाज में कैसे अपनी भागीदारी सुनिश्चित करेंगे। आप लोग अपने समाज के लोगों को पढ़ाइए-लिखाइए।

# आज होगा पूरे विश्व में णमोकार महामंत्र का जाप

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो




**पटना।** 9 अप्रैल को पूरे विश्व में जैन इंटरनेशनल ट्रेड आर्गेनाइजेशन (जेआईटीओ) द्वारा विश्व नवकार महामंत्र दिवस मनाया जा रहा है। इस अवसर पर पटना के श्री पार्श्वनाथ दिगम्बर जैन मंदिर, मीठापुर दिगम्बर जैन मंदिर, गुरारा जैन मंदिर सहित अन्य जैन मंदिरों में भी बुधवार 9 अप्रैल को प्रातः 8 बजकर एक मिनट से लेकर 9:35 बजे प्रातः तक णमोकार महामंत्र का पाठ किया जाएगा। जैन समाज के एम पी जैन ने बताया कि णमोकार मन्त्र जैन धर्म का सर्वाधिक महत्वपूर्ण मन्त्र है। इसे 'नवकार मन्त्र', 'नमस्कार मन्त्र' या 'पंच परमेष्ठि नमस्कार' भी कहा जाता है। इस मंत्र में अरिहन्तों, सिद्धों, आचार्यों, उपाध्यायों और साधुओं का नमस्कार किया गया है। इस मंत्र को जैन धर्म का परम पवित्र और अनादि मूल मंत्र माना जाता है। इसमें किसी व्यक्ति का नहीं, किंतु संपूर्ण रूप से विकसित और विकासमान विशुद्ध आत्मस्वरूप का ही दर्शन, स्मरण, चिंतन, ध्यान एवं अनुभव किया जाता है। इसलिए यह अनादि और अक्षयस्वरूपी मंत्र है। लौकिक मंत्र आदि सिर्फ लौकिक लाभ पहुंचाते हैं, किंतु लोकोत्तर मंत्र लौकिक और लोकोत्तर दोनों कार्य सिद्ध करते हैं। इसलिए णमोकार मंत्र सर्वकार्य सिद्धिकारक लोकोत्तर मंत्र माना जाता है। 'णमोकार महामंत्र' एक लोकोत्तर मंत्र है। इस मंत्र को जैन धर्म का परमपवित्र और अनादि मूल मंत्र माना जाता है। इसमें किसी व्यक्ति का नहीं अपितु संपूर्ण रूप से विकसित और विशुद्ध आत्मस्वरूप का ही दर्शन, स्मरण, चिंतन, ध्यान एवं अनुभव किया जाता है। इसलिए यह अनादि और अक्षयस्वरूपी मंत्र है। अरिहंत रूप परमात्मा के साथ-साथ लोक के सर्व साधुओं का नमन इस मन्त्र को सर्वव्यापी बनाता है। इस महामंत्र को जैन धर्म में सबसे प्रभावशाली मंत्र माना जाता है। ये पांच परमेष्ठी हैं। इन पवित्र आत्माओं को शुद्ध भावपूर्वक किया गया यह पंच नमस्कार सब पापों का नाश करने वाला है।

# महाप्रबंधक छत्रसाल सिंह ने विभागाध्यक्षों के साथ की समीक्षा बैठक



नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**हाजीपुर।** पूर्व मध्य रेल के महाप्रबंधक छत्रसाल सिंह द्वारा मुख्यालय, हाजीपुर में विभागाध्यक्षों एवं अन्य अधिकारियों के साथ एक उच्चस्तरीय बैठक की गयी। बैठक में पांचों मंडलों के मंडल रेल प्रबंधक भी वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से जुड़े हुए थे। बैठक में महाप्रबंधक द्वारा पूर्व मध्य रेल पर चल रहे यात्री सुविधा एवं आधारभूत संरचना के विकास से जुड़े कार्यों की समीक्षा की। बैठक के दौरान रेलवे ट्रैक के रख-रखाव को प्राथमिकता देने तथा एसेट्स फेल्योर में कमी लाने पर चर्चा की गयी। महाप्रबंधक ने सभी मंडलों में विशेष टिकट जांच अभियान चलाने, विशेष संरक्षा ड्राइव चलाने तथा रेलवे ट्रैक पर कैटल रन ओवर/मैन रन ओवर को रोकने हेतु जनजागरुकता अभियान चलाने हेतु सभी मंडल रेल प्रबंधकों को निर्देशित किया।

# बिहार पशु विज्ञान विश्वविद्यालय में जैव सुरक्षा पर व्याख्यान का आयोजन

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**पटना।** बिहार पशु विज्ञान विश्वविद्यालय, पटना में पशु फार्म की जैव सुरक्षा विषय पर एक व्याख्यान का आयोजन किया गया। व्याख्यान में मुख्य वक्ता डॉ. मूल चंद पाल ने जैव सुरक्षा के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि यह न केवल पशुओं को मानवजनित रोगों से बचाने में सहायक है, बल्कि फार्म पर कार्यरत लोगों की सेहत की सुरक्षा के लिए भी आवश्यक है। जैव सुरक्षा के माध्यम से ही स्वच्छ दुग्ध उत्पादन संभव हो सकता है। विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. इंद्रजीत सिंह ने इसे आधुनिक पशुपालन की पहली सीढ़ी बताते हुए कहा कि भविष्य में इसकी आवश्यकता और भी बढ़ेगी। बिहार पशु चिकित्सा महाविद्यालय के अधिष्ठाता डॉ. जे. के. प्रसाद ने कहा कि वर्तमान समय में संक्रामक रोगों से बचाव के लिए जैव सुरक्षा बेहद जरूरी है। कार्यक्रम का सफल संचालन समन्वयक डॉ. दुष्यन्त यादव ने किया। इस अवसर पर वेटेरिनरी के अंतिम वर्ष के छात्र, डॉ. एस.पी.साहू, डॉ. रविकांत निराला, डॉ. दीप नारायण, डॉ. अमरेन्द्र किशोर, डॉ. मनमोहन समेत अन्य उपस्थित थे।

# 25 हजार लोगों के साथ होगा सामूहिक हनुमान चालीसा पाठ

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** हिंदू सेवा समिति, बिहार के तत्वावधान में राजधानी पटना के कंकड़बाग टेम्पू स्टैंड चौराहा पर चतुर्थ हनुमान जन्मोत्सव का भव्य आयोजन 12 अप्रैल 2025 को किया जाएगा। इस अवसर पर लगभग 25 हजार श्रद्धालु सामूहिक रूप से हनुमान चालीसा का पाठ करेंगे। समिति के अध्यक्ष दीपक कुमार अग्रवाल ने जानकारी दी कि इस वर्ष 1501 किलो लड्डू का भोग बजरंगबली को अर्पित किया जाएगा। आयोजन की भव्यता को और भी विशेष बनाने हेतु लखनऊ और कोलकाता से आए कलाकारों द्वारा हनुमान जी के विभिन्न रूपों की झांकियां प्रस्तुत की जाएंगी। साथ ही देश के प्रसिद्ध भजन गायकों द्वारा सुरमयी भजन संध्या का आयोजन भी होगा। भजन संध्या में देश के लोकप्रिय कलाकार प्रिया मलिक, यामिनी सिंह, राकेश मिश्रा, निशा उपाध्याय, आर्यन बाबू, खुशबू तिवारी, श्वेता तिवारी, आलोक पांडे, धीरज सिंह, मेनका सिंह और संजीव प्रियदर्शी अपनी प्रस्तुति देंगे। कार्यक्रम में 50 हजार से अधिक श्रद्धालुओं की उपस्थिति की संभावना है। हनुमान जन्मोत्सव की सफलता के लिए राजधानी पटना के विभिन्न मोहल्लों में बैठकों का आयोजन किया जा रहा है। बैठक में समिति के महामंत्री दीपक बिहारी, सुजीत यादव, मनोज गुड्डू, कामख्या नारायण, विनय पाठक, अभिषेक सर्राफ, मनीष बनेटिया, सुधीर सिन्हा, कन्हैया अग्रवाल, नीरज पटेल समेत कई गणमान्य लोग उपस्थित थे। एम.पी. जैन ने बताया कि आयोजन को सफल बनाने के लिए समिति द्वारा पटना के सभी प्रमुख मंदिरों और उनके व्यवस्थापकों से संपर्क किया जा रहा है।

# लल्लू मुखिया के विरुद्ध कुर्की के आदेश पर हाईकोर्ट ने लगाई रोक

## जांच अधिकारी को सशरीर कोर्ट में पेश होने का आदेश

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**बाढ़।** बाढ़ पुलिस द्वारा की गई कथित मनमानी को लेकर लोहिया जनता दल के राष्ट्रीय अध्यक्ष तथा स्थानीय गुलाबबाग निवासी कर्णवीर सिंह यादव उर्फ लल्लू मुखिया को 2 वर्ष पुराने हत्याकांड के मामले में सह अभियुक्त बनाकर घर पर इश्तहार लगाने के मामले में हाईकोर्ट ने विवेचना पदाधिकारी को केस डायरी के साथ कोर्ट में 10 अप्रैल को हाजिर होने का आदेश दिया है। इस दिन आरोपों को लेकर कोर्ट द्वारा पूरी सुनवाई की जाएगी। वही फिलहाल लल्लू मुखिया की गिरफ्तारी और कुर्की-जब्ती की कार्रवाई पर रोक लगा दी गई है। कोर्ट ने पुलिस की इस कार्रवाई पर आश्चर्य व्यक्त किया। मिली जानकारी के अनुसार राजनीतिक प्रभाव को कम करने के लिए बाढ़ पुलिस ने लल्लू मुखिया के खिलाफ कई केस दर्ज किए हैं जिनकी जांच चल रही है। वहीं 2 वर्ष पूर्व हत्याकांड के मामले में पुलिस ने सोची- समझी साजिश के तहत लल्लू मुखिया को अभियुक्त बनाकर कोर्ट में आधार पेश किया और गिरफ्तारी को लेकर कार्रवाई शुरू कर दी। पुलिस ने लल्लू मुखिया के घर पर इश्तिहार भी लगाया और कुर्की जब्ती को लेकर कार्रवाई शुरू कर दी। बाद में पीड़ित के द्वारा हाई कोर्ट में मामला दायर किया गया। पीड़ित के अधिवक्ता ने कोर्ट को बताया कि 2 वर्ष पूर्व बाढ़ थाना क्षेत्र में हुए हत्याकांड में पुलिस ने दो बार चार्ज शीट दायर की जिसमें कहीं भी आवेदक का नाम नहीं आया था। अचानक फरवरी महीने में लल्लू मुखिया का नाम पुलिस ने केस में डालते हुए गिरफ्तारी को लेकर तेजी से प्रक्रिया शुरू कर दी। हाई कोर्ट में इस मामले में पुलिस लल्लू मुखिया के आवेदन पर सुनवाई की। इसमें पुलिस जांच अधिकारी को अद्यतन केस डायरी के साथ उपस्थित होने का हूक्म दिया गया है। पूरी कार्रवाई को लेकर पटना के सीनियर एसपी को अनुपालन के लिए कापी भेजी गई है। हाई कोर्ट के निर्देश के बाद पुलिस विभाग में खलबली मच गई है।

# जमीन विवाद में दो गुटों में जमकर चले लाठी डंडे, दो जख्मी

**मसौढ़ी (नबिटा सं.)।** पुनपुन थाना क्षेत्र के सबलपुर गांव में पूर्व के जमीन विवाद को लेकर दो गुटों में जमकर लाठी डंडे चले जहां पर दो को गंभीर चोटें आई है जिसका इलाज स्थानीय निजी अस्पताल में चल रहा है। इस पूरे मामले में दोनों पक्ष की ओर से तीन-तीन नामजद प्राथमिकी दर्ज की गई है। एक पक्ष की ओर से सोनू कुमार ने तीन नामजद समेत 6 अज्ञात पर मामला दर्ज कराया है। वहीं दूसरे पक्ष से साहब कुमार की ओर से भी तीन नामजद समेत अज्ञात लोगों पर प्राथमिकी दर्ज की गई है। थानाध्यक्ष बेबी कुमारी ने बताया कि पूर्व से चली आ रही जमीन विवाद को लेकर दोनों गुटों में जमकर मारपीट हुई है। कई लोग जख्मी हुए है जांच चल रही है।

# पूर्व मध्य रेल महिला कल्याण संगठन का 'दस्तक' अभियान



नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**हाजीपुर।** केन्द्रीय रेलवे महिला कल्याण संगठन, नई दिल्ली की 'दस्तक योजना' के तहत पूर्व मध्य रेल महिला कल्याण संगठन की अध्यक्षा सुनीता सिंह के नेतृत्व में यादव कॉलोनी/दीघा, पटना में रहने वाली गरीब महिलाओं एवं लड़कियों के बीच सैनेटरी पैड का वितरण किया। इस अवसर पर संगठन की उपाध्यक्षा रंजना कुमार, सचिव मीनाक्षी कुमार, कोषाध्यक्षा अर्चना चौधरी, संयुक्त सचिव प्रियंका सिंह एवं संगठन की अन्य सदस्याएं भी उपस्थित थीं। ज्ञातव्य हो कि केन्द्रीय रेलवे महिला कल्याण संगठन, नई दिल्ली द्वारा कमजोर वर्ग की महिलाओं के लिए पर्यावरण के अनुकूल कम मूल्य के सैनेटरी पैड के वितरण हेतु लाभ-हानि रहित मूल्य पर सैनेटरी पैड उपलब्ध कराने के उद्देश्य से 'दस्तक योजना' बनायी गयी है जो काफी लोकप्रिय है।

# बाइक-कार के बीच टक्कर, बाइक सवार पिता की मौत, पुत्र घायल

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**भभुआ।** कैमूर जिले के कुदरा थाना क्षेत्र के भूड़वा गांव के पास बाइक और कार के बीच जोरदार टक्कर हो गई जिससे बाइक पर सवार रहे पिता और पुत्र दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। सदर अस्पताल भभुआ में उपचार के लिए ग्रामीणों ने पहुंचाया तो पिता की मौत हो गई। पुत्र की हालत गंभीर देखते हुए हायर सेंटर रेफर कर दिया गया। मृतक की पहचान कुदरा थाना क्षेत्र के गंगवलीया गांव के रघुनाथ राम बताए जा रहे हैं और उनका पुत्र लाल जी राम गंभीर रूप से घायल है जिनको हायर सेंटर रेफर कर दिया गया। कुदरा से काम कर बाइक से वापस लौट रहे थे तभी यह घटना हुई। मृतक के पुत्र विकास कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि मेरे पिताजी ठेकेदारी का काम करते हैं। कुदरा से बाइक से मेरे भाई के साथ लौट रहे थे तभी कार वाला भुड़वा गांव के समीप उनके बाइक में टक्कर मार दिया जिससे उनकी मौत हो गई और मेरा भाई गंभीर रूप से घायल हो गया। उसको हायर सेंटर रेफर कर दिया गया है।

## ट्रेन से कटकर आत्महत्या का प्रयास करने आये व्यक्ति को आरपीएफ ने बचाया

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**डिहरी ऑन-सोन।** रेलवे सुरक्षा बल पोस्ट निरीक्षक राम विलास राम ने बताया कि गाड़ी संख्या-13554 डाउन (वाराणसी-आसनसोल पैसेंजर) के डिहरी रेलवे स्टेशन पर आगमन के समय एक व्यक्ति आत्महत्या के इरादे से जानबूझकर उसी पटरी (डाउन लाइन) के बीच खड़ा हो गया। ड्यूटी में तैनात सहायक उप निरीक्षक मनोज कुमार चौधरी एवं प्रधान आरक्षी रामचंद्र यादव द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए अविलंब उक्त व्यक्ति को रेलवे लाइन से हटाकर प्लेटफार्म पर लाया गया। पूछताछ करने पर उसने अपना नाम व पता अजय कुमार, उम्र करीब-32 वर्ष, पिता-स्व. गौतम पासवान, ग्राम- खुर्द कजरू वार्ड नंबर 05, थाना- पांडु, जिला - पलामू (झारखंड) बताया जब उससे पूछताछ किया गया तो उसने बताया कि प्यार में एक लड़की ने उसे धोखा दिया है जिस कारण मैं मरने के लिए ट्रेन को आता देख रेलवे लाइन पर चला गया। बाद में उक्त युवक को समझा-बुझाकर पोस्ट पर लाया गया तथा उनके परिजनों को सूचित किया गया। बाद में उसके परिजन रेलवे सुरक्षा बल पोस्ट डिहरी ऑन-सोन पर उपस्थित हुए एवं उन्होंने बताया कि यह एक लड़की के चक्कर में पड़कर बर्बाद हो रहा है। उचित पहचान एवं सत्यापन के पश्चात उक्त को एवं उसके परिजनों को हिदायत देकर एक सुपुर्दगीनामा तैयार कर उनके परिजनों को सही सलामत सुपुर्द किया गया।

# बदलाव रैली में कैमूर से हजारों कार्यकर्ता होंगे शामिल : सुनील तिवारी

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**भभुआ।** जनसुराज विचार मंच जिला प्रमुख सुनील तिवारी, जन सुराज पार्टी के जिला मुख्य प्रवक्ता सुनील पांडे, प्रदेश कार्य समिति सदस्य जनेंद्र कुमार आर्य, बिहार बदलाव रैली के उद्देश्यों की जानकारी देते हुए बताया है कि 11 अप्रैल 2025 को पटना गांधी मैदान में आयोजित होने वाली रैली में कैमूर से हजारों कार्यकर्ता शामिल होने जा रहे हैं। जन सुराज पार्टी द्वारा आयोजित बिहार बदलाव रैली बिहार में व्याप्त कुछ खास बिंदुओं के खिलाफ है। बिहार में पेपर लीक और भ्रष्ट शिक्षा व्यवस्था के खिलाफ, बेरोजगारी और पलायन के खिलाफ, बढ़ते अपराध के खिलाफ, बिहार में राजनीतिक परिवारवाद और जातिवाद के खिलाफ, बिहार में लचर स्वास्थ्य व्यवस्था के खिलाफ, भूमि सर्वे और स्मार्ट मीटर में लूट के खिलाफ, भ्रष्टाचार और अफसरशाही के खिलाफ, बिहार में शराबबंदी से हो रहे नुकसान के खिलाफ बिहार बदलाव रैली की जा रही है। विचार मंच प्रमुख सुनील तिवारी ने कहा कि बिहार की जनता इन सभी मुद्दों से त्रस्त है और अब वक्त आ गया है कि एकजुट होकर बदलाव की ओर कदम बढ़ाया जाए। 'बिहार बदलाव रैली' सिर्फ एक राजनीतिक आयोजन नहीं, बल्कि एक जन आंदोलन की शुरुआत है। प्रदेश कार्य समिति सदस्य जयेंद्र कुमार आर्य ने कहा कि बिहार की जनता इन समस्याओं से लंबे समय से जूझ रही है और अब बदलाव का वक्त आ गया है। उन्होंने जोर देते हुए कहा कि 'बिहार बदलाव रैली' एक जनआंदोलन की शुरुआत है। जिला मुख्य प्रवक्ता सुनिल पांडे ने कहा कि बिहार की जनता इन समस्याओं से लंबे समय से जूझ रही है और अब बदलाव का वक्त आ गया है।

# डीडीयू मंडल में सघन टिकट चेकिंग अभियान, 1714 व्यक्ति धराए

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**डिहरी ऑन-सोन।** डीडीयू मंडल द्वारा पूर्व निर्धारित टिकट चेकिंग मेगा ड्राइव के आलोक में डीडीयू, गया, सासाराम, डिहरी ऑन सोन, अनुग्रह नारायण रोड, भभुआ एवं जपला आदि स्टेशन पर फोर्ट्रेस चेक प्रातः 06.00 से 22.00 बजे तक करने का निर्णय लिया गया था जिसमें मंडल के समस्त स्क्वाड-स्टैटिक एवं स्लीपर के टिकट जांच कर्मी, वाणिज्य निरीक्षक/पर्यवेक्षक सहित सभी वाणिज्य अधिकारी उपस्थित रहे। मुख्यतः बक्सर-डीडीयू खंड, वाराणसी-डीडीयू, सासाराम - डीडीयू, आरा-सासाराम खंड, गढ़वा रोड- डिहरी ऑन सोन, किउल- गया, गोमो-गया एवं पटना-गया खंड से आने एवं जानेवाली सभी ट्रेनों को लक्ष्य कर गहन जांच किया गया जिसमें प्रीमियम एवं मेल/एक्सप्रेस के साथ - साथ पेसेंजर ट्रेन को भी चेक किया गया तथा बिना टिकट/ अनुचित टिकट पर यात्रा करते हुए पकड़े गये व्यक्तियों से नियमानुसार जुर्माने की राशि वसूल की गयी। सभी स्टेशनों पर किलाबंदी जांच कर बिना टिकट/अनियमित टिकट पर यात्रा करने वालों को नियमित टिकट लेकर चलने हेतु प्रेरित किया गया। शाम 6 बजे अंतिम सूचना तक डीडीयू मंडल द्वारा लगभग 1714 बिना टिकट व अनियमित यात्रियों को पकड़ा गया है जिनसे जुर्माने के रूप में लगभग 8 लाख 73 हजार रुपये की राशि वसूली गयी है। मेगा ड्राइव जारी है जो रात्रि दस बजे तक चलेगा। इस तरह के टिकट चेकिंग अभियान निरंतर जारी रहेंगे। सभी से अनुरोध है कि सदैव उचित टिकट लेकर संबंधित श्रेणी के कोच में ही यात्रा करें एवं अन्य यात्रियों की सुविधा का ध्यान रखें।

# भाजपा का डिहरी विधानसभा स्तरीय कार्यकर्ता सम्मेलन संपन्न

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**डिहरी ऑन-सोन।** भारतीय जनता पार्टी का डिहरी विधानसभा स्तरीय सक्रिय कार्यकर्ता सम्मेलन मंगलवार को कैनाल रोड स्थित सिटी हॉस्पिटल में किया गया जिसकी अध्यक्षता डिहरी नगर अध्यक्ष अशोक सोनी व संचालन अकोढ़ी गोला मंडल अध्यक्ष आशुतोष सिंह ने किया। मुख्य अतिथि के रूप में रोहतास जिला भाजपा जिलाध्यक्ष संतोष पटेल व पूर्व विधायक इं. सत्यनारायण सिंह यादव उपस्थित हुए। सर्वप्रथम पं दीनदयाल उपाध्याय एवं श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्र पर श्रद्धा सुमन अर्पित की गई। तत्पश्चात सामूहिक रूप से वंदे मातरम गाते हुए भारत माता की जय का नारा लगाया गया। आए हुए मुख्य अतिथि समेत प्रमुख भाजपा कार्यकर्ताओं को अंग वस्त्र से सम्मानित किया गया। जिलाध्यक्ष संतोष पटेल ने आगामी 2025 के विधानसभा चुनाव को देखते हुए बिहार प्रदेश भाजपा संगठन के निर्देशानुसार आगामी 10,11 एवं 12 अप्रैल को कार्यकर्ता जनसंपर्क अभियान चलाकर केंद्र सरकार एवं राज्य सरकार की उपलब्धियां को घर-घर तक पहुंचाने का कार्य करेंगे। वहीं पूर्व विधायक इं सत्यनारायण सिंह यादव ने क्षेत्र से आए हुए सैकड़ों भाजपा कार्यकर्ताओं को आगामी विधानसभा चुनाव में एनडीए प्रत्याशी को अधिक से अधिक मतों से जीताने का आह्वान किया। जिला महामंत्री प्यारेलाल ओझा ने मंडल से आए हुए भाजपा पदाधिकारी का वृत्त लिया। मौके पर पूर्व जिलाध्यक्ष राजेंद्र सिंह भोला, जिला महामंत्री व विधानसभा प्रभारी विशाल आनंद, जिला महामंत्री विवेक सिंह, जिला कोषाध्यक्ष व डिहरी नगर प्रभारी आनंद कुमार पांडे, चिकित्सा प्रकोष्ठ के डॉ नवीन नटराज, जिला प्रवक्ता प्रकाश गोस्वामी, नगर अध्यक्ष सुनीता कुमारी, ग्रामीण अध्यक्ष पूर्व मुखिया कन्हैया राम, उदय कुशवाहा, अकोढ़ी गोला मंडल अध्यक्ष वीरेंद्र शर्मा, पूर्व अध्यक्ष बृजकेश्वर पांडे, कृष्ण गुप्ता, परमहंस सिंह, संजय गुप्ता, अरविंद उपाध्याय, अजय सिंह, अजय ओझा समेत अन्य लोग उपस्थित हुए।

# शराब के साथ तस्कर गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**डिहरी ऑन-सोन।** आरपीएफ डिहरी ऑन सोन के सहायक उप निरीक्षक मनोज कुमार चौधरी, आरक्षी सर्वोदय पासवान, आरक्षी अभिमन्यु सिंह रेलवे स्टेशन डिहरी ऑन सोन प्लेटफॉर्म पर निरीक्षक प्रभारी रामविलास राम के नेतृत्व में गश्त व गाड़ियों को सुरक्षित पास करा रहे थे उसी दौरान प्लेटफार्म संख्या 04 पर गाड़ी संख्या 12802 डाउन के सुरक्षित पास होने के उपरांत प्लेटफार्म संख्या 04-05 पर स्थित पूर्वी एफओबी ब्रिज के नीचे एक व्यक्ति रंजन चौधरी उम्र 19 वर्ष पिता स्वर्गीय सुलेंद्र चौधरी निवासी कुम्हार टोला डिहरी वार्ड नंबर 34 थाना नगर डिहरी जिला रोहतास को एक काला रंग के बैग में 80 अदद ब्लू लाइम देसी मसाला शराब कुल 16 लीटर के साथ पकड़ा गया।


**पूर्व मध्य रेल**

**ई–निविदा सूचना**

ई–निविदा नोटिस सं.–डी.डी.यू/ईएल/जी/ई. निविदा/25–26/02 , दिनांक : 07.04.2025

मंडल रेल प्रबन्धक/विद्युत /जी/ डी.डी.यू एवं भारत के राष्ट्रपति के लिये एवं उनकी ओर से अनुभवी तथा वित्तीय एवं तकनीकी दृष्टि से सम्पन्न ठेकेदारों के साथ– साथ उन ठेकेदारों से जो रेलवे, केन्द्रीय लोकनिर्माण विभाग, भारत संचार निगम लिमिटेड मिलिटरी इंजीनियर सर्विस लोकनिर्माण विभाग तथा अन्य सार्वजनिक उपक्रमों में सूची बद्ध है, निम्नलिखित कार्य के लिए ऑनलाईन ( ई–निविदा) आमंत्रित की जाती हैं। क्र.सं. 01 : कार्य क्षेत्र के साथ कार्य का नाम : डी.डी.यू/ईएल/जी/पी/24–25/03 एबी विषय–डी. डी. यू. मंडल के अन्तर्गत (ए) लोको कॉलोनी/डीडीयू/में नवनिर्मित टाइप–।। 10 यूनिट स्टाफ क्वाटर में विद्युतीय कार्य करने के संबंध में (बी) प्लांट डिपो कॉलोनी/डीडीयू में नवनिर्मित टाइप–।। 10 यूनिट स्टाफ क्वार्टर में विद्युतीय कार्य करने के संबंध में। (सी) स्टेशन कॉलोन/डीडीयू में आरसीसी ओवरहेड टैंक के प्रतिस्थापन में विद्युतीय कार्य करने के संबंध में। कार्य करने की कुल लागत : रू.₹12,70,134.52

क्र.सं. 02, कार्य क्षेत्र के साथ कार्य का नाम:डी.डी.यू/ईएल/जी/पी/2024– 25/06 ए विषय–डी.डी.यू. मंडल के अन्तर्गत (ए) सासाराम में नवनिर्मित टाइप–।। 04 यूनिट क्वार्टर में विद्युतीय कार्य करने के संबंध में। (बी) अनुग्रह नारायन रोड में नवनिर्मित टाइप–।। 04 यूनिट क्वार्टर में विद्युतीय कार्य करने के संबंध में। कार्य करने की कुल लागत : रू.₹3,42,878.08

निविदा बंद करने की अंतिम तिथि एवं समय : 02.05.2025 15:00 Hrs ई–निविदा वेब साइट का विवरण : www.ireps.gov.in

वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियंता (ग॰श॰)/
पूमरे/पं दीन दयाल उपाध्याय

पीआर/0051/डीडीयू/ईएलईसीटी/टी/25–26/44


# रेलकर्मियों ने महाप्रबंधक से मुलाकात कर समस्याओं से कराया अवगत



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**हाजीपुर।** मुख्यालय, हाजीपुर में 3 रेलकर्मी/उनके आश्रितों ने पूर्व मध्य रेल के महाप्रबंधक छत्रसाल सिंह से मुलाकात की तथा अपनी समस्याओं से उन्हें अवगत कराया। महाप्रबंधक ने संबंधित विभागों को प्राप्त शिकायतों पर त्वरित कार्यवाही करते हुए निर्धारित समय सीमा में केस निष्पादन के निर्देश दिए। रेलकर्मियों एवं उनके आश्रितों की विभागीय समस्याओं के निष्पादन के उद्देश्य से महाप्रबंधक से मुलाकात हेतु प्रत्येक मंगलवार का दिन निर्धारित किया गया है। इसके लिए रेलकर्मी अपना नाम पूर्व में कार्मिक विभाग में पंजीकृत करवाकर मंगलवार को महाप्रबंधक से मुलाकात कर अपनी समस्याएं उनके सामने रख सकते हैं।

# पति ने कुल्हाड़ी से पत्नी की गला काट की हत्या, अवैध संबंध बना कारण

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**फुलवारीशरीफ।** राजधानी पटना के जानीपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत अधपा निजामपुर गांव में एक दिल दहला देने वाली घटना सामने आई है। 7 अप्रैल की रात 28 वर्षीय महिला गुड़िया देवी की उसके ही पति राहुल कुमार ने गला काट बेरहमी से हत्या कर दी। बताया जा रहा है कि हत्या की वजह पत्नी के किसी अन्य युवक से अवैध संबंधों पर पति का शक था। परिवार के लोगों ने पुलिस को बताया कि पति राहुल बराबर अपनी पत्नी गुड़िया देवी को इस संबंध के खिलाफ विरोध जताता था, मना करता था, लेकिन वह मान नहीं रही थी। इसी बात को लेकर पति-पत्नी में देर रात विवाद हुआ और लड़ाई झगड़ा के क्रम में आवेश में आकर राहुल ने कुल्हाड़ी से गर्दन पर वार कर दिया जिसके बाद गुड़िया देवी वहीं ढेर हो गई और मौके से फरार हो गया। घटना के वक्त घर में उसके दो मासूम बच्चे भी मौजूद थे, जो यह खौफनाक मंजर देख सहम गए।

# नाबालिग छात्राओं के साथ छेड़छाड़ की आरएलपी ने की निंदा

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**डिहरी ऑन-सोन।** अखिल भारतवर्षीय चंद्रवंशी क्षत्रिय महासभा के युवा प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष और राष्ट्रीय लोक मोर्चा नेता तुषार चंद्रवंशी ने औरंगाबाद जिले के नबीनगर थाना क्षेत्र के धनांव गांव में दो नाबालिग छात्राओं के साथ हुई छेड़छाड़ की घटना और दुष्कर्म के प्रयास की कड़ी निंदा की है। उन्होंने कहा कि इस तरह के अमानवीय घटना की जितनी भी निंदा की जाए वो कम होगी। उन्होंने पीड़िताओं के परिजनों की राष्ट्रीय लोक मोर्चा सुप्रीमो और सांसद उपेंद्र कुशवाहा से फोन पर बातचीत भी कराई। इस मामले में उन्होंने न्याय का भरोसा दिलाया है। कहा है कि पुलिस अधिकारियों को सख्त निर्देश दिया जा रहा है। ताकि पीड़ित परिवार को न्याय मिल सके। इस मौके पर आरएलपी नेता मंटू सिंह भी मौजूद थे। आरएलपी नेताओं का कहना है कि पीड़ित परिवार के सदस्यों को मदद का भरोसा दिया गया है। इलाज के अलावा कानूनी परामर्श भी उपलब्ध कराया जाएगा।

# मुस्लिम नेताओं की नाराजगी के बीच जदयू ने अयोजित किया ईद मिलन समारोह

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** वक्फ संशोधन बिल पर जदयू के निर्णय के बाद बिहार की सियासत में मुस्लिम राजनीति काफी तेज हो गई है। वक्फ संशोधन बिल को लेकर मुस्लिम नेताओं की नाराजगी के बीच जदयू डैमेज कंट्रोल में जुट गई है। इसी कड़ी में मंगलवार को जदयू की तरफ से पटना में खालिद अनवर के आवास पर ईद मिलन समारोह का आयोजन किया गया जिसमें जदयू के तमाम मुस्लिम नेताओं का जमावड़ा लगा। इसके साथ ही कई मुस्लिम संगठनों के लोगों को भी निमंत्रण दिया गया था और उन्होंने भी इसमें शिरकत की। खालिद अनवर ने कहा कि इस आयोजन के माध्यम से मुस्लिम समाज को यह संदेश देने की कोशिश की गई है कि नीतीश कुमार उनके सच्चे हितैषी हैं। इस आयोजन में ताजमहल का एक बड़ा पोस्टर लगाया गया था जिसके साथ नीतीश कुमार की तस्वीर भी लगाई गई थी ताकि इस पोस्टर के जरिए अल्पसंख्यकों को मोहब्बत का पैगाम दिया जाए। खालिद अनवर ने कहा कि कि नीतीश कुमार जैसा सेक्युलर नेता इस देश में दूसरा कोई नहीं है और उनके रहते मुस्लिम समाज का कोई अहित नहीं कर सकता है। वहीं, जदयू ने यह तय किया है कि पटना से लेकर जिला तक जदयू के नेता और कार्यकर्ता बिहार की जनता खासकर मुस्लिम समाज को यह बताएंगे कि नीतीश कुमार ने मुस्लिम समाज के लिए क्या-क्या किया है।

# वन डे फुटबॉल फाइनल मैच का आयोजन

## खेल से मानसिक एवं शारीरिक विकास : पूर्व विधायक

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**अकोढी गोला।** आदर्श ग्राम पंचायत दरिहट स्थित अशोक कुमार जैन उच्च+2 विद्यालय के प्रांगण में वन डे फुटबॉल फाइनल मैच का आयोजन किया गया। मैच का उद्घाटन प्रोफेसर राजेंद्र प्रसाद गुप्ता उप नेता सतारूढ़ दल बिहार विधान परिषद्, निवेदिता सिंह विधान परिषद सदस्य (एमएलसी), सतनारायण सिंह यादव पूर्व विधायक डिहरी, सुरेश प्रसाद यादव उर्फ (मंडल जी) पैक्स अध्यक्ष दरिहट व मुन्ना गुप्ता के द्वारा संयुक्त रूप से फीता काट कर व राष्ट्रीय गान के साथ किया गया। मैच भभुआ बनाम औरंगाबाद की टीम के बीच खेला गया रेफरी की भूमिका अमजद हुसैन ने निष्पक्ष रूप से निभाया। भोजपुरिया एनाउंसर सगीर अंसारी ने अपनी आवाज से दर्शकों को खूब हंसाया। समय सीमा तक दोनों टीम एक दूसरे में गोल नहीं दाग पाए समय समाप्ति पर पांच - पांच पेनाल्टी का निर्णय रेफरी द्वारा लिया गया जिसमें औरंगाबाद की टीम 2 गोल से अपना बढ़त बनाकर विजेता ट्रॉफी अपने नाम कर लिया। पूर्व विधायक सत्यनारायण सिंह यादव ने खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए बताया कि खेल को खेल की भावना से ही खेलना चाहिए, खेल से मानसिक एवं शारीरिक विकास होता है। भविष्य में आप सभी इससे भी बेहतर खेल का प्रदर्शन कर जिला साहित्य अपने राज्य का नाम रौशन करें यहीं शुभकामना है। विजेता और उपविजेता टीम को ट्रॉफी एवं सभी खिलाड़ियों के बीच पुरस्कार वितरण किया। मौके पर राजेंद्र सिंह, कृष्णा गुप्ता उर्फ सर जी, अमरेंद्र सिंह कुशवाहा, राजेंद्र सिंह कुशवाहा, कमेश सिंह सहित अन्य गणमान्य लोग एवं भारी संख्या में दर्शक मौजूद रहे।


**पूर्व रेलवे**

**ई–निविदा सूचना सं.: एनआईटी/02/25/20, दिनांक: 07.04.2025,** प्रधान मुख्य सामग्री प्रबंधक, 17, नेताजी सुभाष रोड, दूसरी मंजिल, फेयरली प्लेस, कोलकाता–700001, पूर्व रेलवे के द्वारा निम्नलिखित सामानों की आपूर्ति हेतु ई–निविदाएँ आमंत्रित की जाती हैं: **क्रम सं.; निविदा सं.; विवरण; बयाना राशि** :**(1) 01251511,** फ्लेक्सिबल पॉलीविनाइल क्लोराइड (पीवीसी) फ्लोरिंग शीट आदि का क्रय, रु. 5,70,440/-,, **(2) 05241032ए;** ट्रैक्शन मोटर के लिए गियर केस ऑयल का क्रय आदि, रु. 1,58,530/-, **(3) 10251766;** प्लग के साथ हाई वोल्टेज केबल आदि, रु. 2,00,890/-, **निविदा खुलने की तिथि:** 24.04.2025, **समय :** 13.30 बजे [क्रम सं. 1 से 3 हेतु], **(4) 10245042ए;** 3डी एडजस्टेबल 360 डिग्री रोटेशनल ड्राइवर सीट आदि, रु. 5,25,340/-, **(5) 15255004;** ईओटी क्रेन 20 टन, रु. 1,20,800/-, **निविदा खुलने की तिथि:** 25.04.2025, **समय :** 13.30 बजे [क्रम सं. 4 से 5 हेतु], **(6) 15245090ए;** वैक्यूम प्रेशर इम्प्रेग्नेशन प्लांट (वीपीआईपी) की आपूर्ति, स्थापना एवं आरंभ करना, रु. 7,26,000/-, **निविदा खुलने की तिथि:** 29.04.2025, **समय :** 13.30 बजे, **(7) 10252387;** अर्थ रिटर्न ब्रश होल्डर असेंबली आदि , रु. 1,93,180/-, **निविदा खुलने की तिथि:** 02.05.2025, **समय :** 13.30 बजे, **(8) 12255179;** आरडीएसओ ड्रॉ.नं. टी–6155 और टी–6280 के तहत थिक वेब स्विचों के लिए रनिंग कॉन्ट्रैक्ट, रु. 50,00,000/-, **(9) 15255032;** कम्पयूटर आधारित मेजरिंग एवं रिकॉर्डिंग सिस्टम के साथ व्हील प्रेस की आपूर्ति, स्थापना एवं आरंभ करना (क्षमता:500 टन) आदि, रु. 4,74,340/-, **निविदा खुलने की तिथि:** 05.05.2025, **समय :** 13.30 बजे [क्रम सं. 8 से 9 हेतु], **(10) 20255005;** ईएमयू/एमईएमयू कैब आदि में ट्विन बीम एलईडी हेडलाइट की आपूर्ति, स्थापना एवं आरंभ करना, रु.3,00,550/-, **निविदा खुलने की तिथि:** 07.05.2025, **समय :** 13.30 बजे, **(11) 15245108ए;** (क) एयर स्प्रिंग सस्पेंशन (एएसआर) फ्लैट बोगी फ्रेम ब्रेक बीम आदि के फाइनल वेल्डिंग फिक्सचर एवं मैनिपुलेटर की डिजाइन, आपूर्ति, स्थापना एवं आरंभ करना , रु. 3,08,370/-, **निविदा खुलने की तिथि:** 12.05.2025, **समय :** 13.30 बजे। **निविदा मूल्य:** रु. 0 [क्रम सं. 1 से 11 हेतु]। **टिप्पणी:** उपर्युक्त सभी निविदाएँ ई–निविदाएँ हैं एवं सभी निविदाकारों से अनुरोध किया जाता है कि आईआरईपीएस की वेबसाइट **https:// www.ireps.gov.in** के माध्यम से अपनी बोली ऑनलाइन जमा करें। ऊपर उल्लिखित निविदाओं एवं अन्य आपूर्ति निविदाओं के संबंध में विस्तृत विवरण के लिए, कृपया आईआरईपीएस की वेबसाइट देखें।

STORES-02/2025-26

**निविदा सूचना वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है**

**हमें यहाँ देखें : @EasternRailway @easternrailwayheadquarter**


# भारत में इंटर्नशिप की नौकरियां बढ़कर हुईं दोगुनी

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** इंटर्नशिप का महत्व बढ़ता जा रहा है क्योंकि कंपनियां युवाओं को वास्तविक विश्व के कौशलों से लैस करने की तैयारी कर रही है। ग्लोबल मैचिंग और हायरिंग प्लेटफॉर्म, इनडीड के नए आंकड़ों के अनुसार भारत में इंटर्नशिप की पोस्टिंग्स में पिछले तीन सालों (फरवरी 2022 से फरवरी 2025 के बीच) 103 प्रतिशत की वृद्धि हुई है जिससे प्रदर्शित होता है कि व्यवसाय किस प्रकार शिक्षा जगत और उद्योग की अपेक्षाओं के बीच का अंतर दूर करने के लिए इंटर्नशिप्स को बढ़ाकर दोगुना कर रहे हैं। इनडीड इंडिया के हेड ऑफ सेल्स, शशि कुमार ने कहा कि युवा प्रोफेशनल्स को इंटर्नशिप अपने कौशल को मजबूत बनाने के लिए एक शक्तिशाली मंच प्रदान करती हैं, ताकि वो प्रायोगिक अनुभवों की मदद से विकसित होता हुआ करियर प्राप्त कर सकें। इंटर्नशिप अब केवल रेज्यूमे का वजन नहीं बढ़ाती है, बल्कि यह व्यवसायिक दुनिया में आपका पहला कदम बन गई है। आपको जो कौशल सीखने को मिलते हैं और जो अनुभव आप प्राप्त करते हैं, उससे आपका करियर निश्चित होता है। पिछले एक साल में इंटर्नशिप्स की पोस्टिंग 23 प्रतिशत बढ़ी है जिससे भविष्य के लिए तैयार प्रोफेशनल्स के विकास पर स्थिर केंद्रण प्रदर्शित होता है। उद्योगों के विकास, विशेषकर एआई डेटा एनालिटिक्स और डिजिटल परिवर्तन के साथ कंपनियां इंटर्नशिप्स का उपयोग न केवल प्रायोगिक अनुभव प्रदान करने के लिए, बल्कि प्रतिभाओं की भर्ती करके उन्हें तैयार करने के लिए भी कर रही हैं। दिल्ली, कर्नाटक और महाराष्ट्र में इंटर्नशिप्स की खोज क्रमशः 7.2 प्रतिशत, 6.8 प्रतिशत और 6.2 प्रतिशत होकर सबसे ज्यादा है।

# तीसरे दिन सीता स्वयंवर का मंचन, राम जी ने तोड़ा धनुष, भक्तों ने जय श्री राम के लगाए नारे

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मसौढ़ी।** धनरूआ के पंच शिव मंदिर के पास चल रहे सात दिवसीय रामलीला के आयोजन के तिसरे दिन सीता स्वंयवर का मंचन किया गया। दरअसल काशी से आये रामायण प्रचारक मंडली के कलाकारों द्वारा तीसरे दिन राजा जनक द्वारा आयोजित स्वयंवर का आयोजन हुआ। इस समारोह में अनेक राजाओं की उपस्थिति होती है। राजा जनक ने यह शर्त रखी कि सभी राजा शिवजी के धनुष को तोड़ने का प्रयास करें, लेकिन सभी प्रयास असफल रहे, कोई भी धनुष को उठाने तक में सफल नहीं हो सका। इससे राजा जनक मायूस हो जाते हैं। राजा जनक अपनी मायूसी में कहते हैं लगता है, यह धरती वीरों से खाली हो गई है।


**पूर्व रेलवे**

**संक्षिप्त ई–निविदा सूचना डीटीई_जेएमपी_01/25–26, दिनांक 05.04.2025,** सहायक नगर अभियंता, पूर्व रेलवे, जमालपुर वर्कशॉप, जिला – मुंगेर, बिहार–811214 द्वारा निम्नलिखित कार्य के लिए **संक्षिप्त ई–निविदा सूचना डीटीई_जेएमपी_01/25–26** के तहत ई–निविदा आमंत्रित की जाती है: **कार्य का नाम** : जमालपुर–वाल्व के ऑटोमेशन के साथ फुली ऑटोमेटिक वाटर मैनेजमेंट सिस्टम की आपूर्ति, फिक्स करने एवं आरंभ करने का प्रावधान। **विज्ञापित निविदा मूल्य :** रु.1,15,74,524/–, **बयाना राशि:** रु. 2,08,000/–, **खुलने की तिथि:** 02.05.2025, **कार्य की समापन अवधि:** 06 (छह) माह।

MISC-07/2025-26

**निविदा सूचना वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है**

**हमें यहाँ देखें : @EasternRailway @easternrailwayheadquarter**



**केन्द्रीय विद्यालय औरंगाबाद**

**बभंडी, पोस्ट- जोगिया, औरंगाबाद (बिहार) – 824102**

वेबसाइट/Website: https://aurangabad.kvs.ac.in/,

ईमेल: kvaurangabaad@gmail.com, दूरभाष: 7091360083

केन्द्रीय विद्यालय संगठन

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि केंद्रीय विद्यालय औरंगाबाद में कक्षा प्रथम (Class – I) में प्रवेश हेतु अनुसूचित जनजाति (ST) के लिए 03 रिक्तियां तथा निःशक्तजन (Differently Abled) के लिए 04 रिक्तियां शेष हैं। निःशक्तजन (Differently Abled) के 04 रिक्तियों में से एक-एक रिक्ति क्रमशः अनुसूचित जाति (SC), अनुसूचित जनजाति (ST), अन्य पिछड़ा वर्ग (OBC-NCL) तथा सामान्य वर्ग (GEN) के लिए है।

अतः उपरोक्त अभ्यर्थियों को एक और अवसर प्रदान करते हुए दिनांक 08.04.2025 से 14.04.2025 तक विद्यालय में ऑफलाइन मोड में पंजीकरण की प्रक्रिया संचालित की जाएगी।

**समय:** सुबह 09 बजे से दोपहर 12 बजे तक

प्राचार्य

# जमीनी विवाद में बुजुर्ग की पीट-पीट कर हत्या

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बिहारशरीफ।** नूरसराय थाना क्षेत्र स्थित सिरसियाबिगहा गांव में जमीनी विवाद को लेकर एक बुजुर्ग की पीट-पीट कर हत्या कर दी गई। मृतक की पहचान बाबूचंद तांती के रूप में हुई है, जो स्वर्गीय छोटन तांती के पुत्र थे। मृतक के भाई गांधारी तांती ने बताया कि कुछ वर्षों से उनका एक जमीन को लेकर रामाधीन महतो से विवाद चल रहा था। रामाधीन महतो जबरन उस जमीन पर कब्जा करना चाहता था और पहले भी उसपर दीवार खड़ी कर दी थी। मामला न्यायालय में पहुंचा, जहां फैसला बाबूचंद तांती के पक्ष में आया। बावजूद इसके आरोपी ने कब्जा नहीं हटाया। पीड़ित पक्ष का कहना है कि पंचायत में भी इस विवाद को सुलझाने की कोशिश की गई, लेकिन आरोपी मानने को तैयार नहीं हुआ। 29 मार्च को वह पुनः दीवार खड़ी करने का प्रयास कर रहा था। इसकी जानकारी मिलते ही बाबूचंद तांती मौके पर पहुंचे, जहां आरोपियों ने उनकी बेरहमी से पिटाई कर दी। शोर सुनकर जब परिवार के अन्य सदस्य पहुंचे तो आरोपी वहां से फरार हो गए। गंभीर रूप से घायल बाबूचंद तांती को इलाज के लिए पहले स्थानीय अस्पताल ले जाया गया, वहां से उन्हें पटना रेफर कर दिया गया। इलाज के दौरान मंगलवार की सुबह उनकी मौत हो गई। नूरसराय थानाध्यक्ष रजनीश कुमार ने बताया कि इस मामले में तीन आरोपियों के खिलाफ नामजद प्राथमिकी दर्ज की गई है और उनकी गिरफ्तारी के लिए छापेमारी की जा रही है। शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया गया है। उन्होंने कहा कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के कारणों की पुष्टि हो सकेगी।

# सर्प दंश की शिकार महिला की इलाज के दौरान मौत

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बिहारशरीफ।** तेल्हाड़ा थाना क्षेत्र के मोहम्मदीचक गांव में सर्पदंश की शिकार महिला की इलाज के दौरान मौत हो गई। मृतका मनोज कुमार की पत्नी पूनम देवी है। पति ने बताया कि सोमवार की रात वह बच्चों के साथ कमरे में सो रही थी। इसी दौरान अचानक दाहिने हाथ में सांपने डस लिया। आननफानन में परिवार वाले उसे इलाज के लिए एकंगरसराय अस्पताल ले गए। जहां से उसकी नाजुक हालत को देखते हुए डॉक्टर ने पावापुरी मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया। मेडिकल कॉलेज में मंगलवार को इलाज के दौरान मौत हो गई। मौत की सूचना मिलते ही परिवार वालों में चीख पुकार मच गया। महिला का छोटे छोटे दो पुत्र और एक पुत्री है। थानाध्यक्ष राजेश ठाकुर ने बताया कि शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजनों के हवाले कर दिया गया है।

## दो वारंटी गिरफ्तार



**बिहारशरीफ।** अस्थावां थाना क्षेत्र के रजमा गांव में छापेमारी कर दो वारंटी को पुलिस ने मंगलवार को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार वारंटी की पहचान थाना क्षेत्र के रजमा गांव निवासी रामनंदन राम व इंदु देवी के रूप में की गई हैं। आरोपी वर्षों से फरार चल रहा था। जिसे वारंट के आधार पर छापेमारी कर रजमा गांव से गिरफ्तार कर भेजा दिया गया है।

# परिवार के सदस्य के अकस्मात निधन पर आर्थिक सहायता अविलंब उपलब्ध कराएं बीडीओ : डीएम

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**नवादा।** जिला पदाधिकारी, रवि प्रकाश ने जिले के सभी प्रखंड विकास पदाधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिया गया है कि किसी परिवार के किसी सदस्य की अकस्मात मृत्यु होने की स्थिति में उनके आश्रित/निकटस्थ संबंधी को एकमुश्त 20,000 रुपये की आर्थिक सहायता 24 घंटे के भीतर प्रदान की जाए। इसका उद्देश्य दिवंगत व्यक्ति के आश्रित /निकटस्थ संबंधी को तात्कालिक आर्थिक सहयोग देकर जीवनयापन में सहायता प्रदान करना है। जिलाधिकारी ने यह भी निर्देशित किया है कि इसका लाभ पात्र परिवारों को बिना विलंब व पारदर्शी प्रक्रिय के तहत उपलब्ध कराया जाए। आम नागरिकों को सलाह दी जाती है कि यदि उनके परिवार में इस प्रकार की घटना घटित हुई है, तो वे पात्रता के अनुसार राष्ट्रीय पारिवारिक लाभ या मुख्यमंत्री पारिवारिक योजना के तहत आवेदन कर सकते हैं। आवेदन करने हेतु आवश्यक दस्तावेज (राष्ट्रीय पारिवारिक लाभ हेतु बीपीएल सूची, आधार कार्ड, मृत्यु प्रमाण पत्र, पारिवारिक सूची, बैंक खाता, फोटो आदि एवं मुख्यमंत्री पारिवारिक लाभ हेतु पोस्टमार्टम रिपोर्ट, एफआईआर कॉपी, आधार कार्ड, मृत्यु प्रमाण पत्र, बैंक खाता, फोटो आदि) के साथ अपने प्रखंड कार्यालय या जिला सामाजिक सुरक्षा कोषांग, नवादा में संपर्क करें।

# प्रथम सीनियर डॉजबॉल स्टेट चैंपियनशिप 2025 का भव्य आयोजन



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बिहारशरीफ।** रासबिहारी इंटर कॉलेज, नालंदा में आज प्रथम सीनियर डॉजबॉल स्टेट चैंपियनशिप 2025 बालक एवं बालिका वर्ग का भव्य आयोजन किया गया। इस ऐतिहासिक टूर्नामेंट का उद्घाटन सांसद कौशलेंद्र कुमार ने दीप प्रज्वलन कर किया। इसमें बिहार राज्य के 20 जिला के टीम ने भाग लिया। नालंदा, पटना, शेखपुरा, नवादा, सारण, सिवान, खगड़िया, जमुई, भाजपा नेता एवं लोकसभा संयोजक सुधीर कुमार, भाजपा मंडल अध्यक्ष धर्मेंद्र, जदयू मंडल अध्यक्ष मुकेश कुमार, कार्यक्रम अध्यक्ष शाही, जय एवं सुधांशु समेत कई गणमान्य अतिथि उपस्थित रहे। सभी ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्द्धन करते हुए खेल भावना को सर्वोपरि बताया। चैंपियनशिप में राज्यभर की प्रतिभाशाली बालक एवं बालिका टीमें भाग ले रही हैं। आयोजन समिति ने टूर्नामेंट को सफल एवं स्मरणीय बनाने के लिए व्यापक तैयारियां की हैं।

# महिला श्रद्धालुओं ने निकाली कलश शोभायात्रा

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**बिहारशरीफ।** हरनौत प्रखंड क्षेत्र के बसनीम पंचायत के गंगटा गांव में 24 घंटे का अखंड कीर्तन को लेकर कलश शोभायात्रा निकाला गया। कलश शोभायात्रा में शामिल बसनीमा पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि श्याम सुंदर उर्फ धीरज कुमार सिंह और रामभवन पासवान ने बताया कि पंचायत क्षेत्र में शांति, समृद्धि और भाईचारे की कामना को लेकर समस्त ग्राम वासियों के सहयोग से गंगटा गांव में स्थित हनुमान मंदिर परिसर में मंगलवार से 24 घंटे का अखंड कीर्तन शुरू हो गया है। अखंड कीर्तन के पूर्व सुबह बजे 251 महिला श्रद्धालुओं के द्वारा गाजे-बाजे के साथ भव्य कलश शोभायात्रा निकाला गया। बाढ़ स्थिति उमानाथ गंगा घाट से सुरक्षित वाहन के द्वारा गंगाजल को गोनावा गांव के मोड़ पर लाया गया। जहां से पंडितों के द्वारा वैदिक मंत्रों उच्चारण के साथ कलश में गंगाजल भरा गया। उसके बाद कुमारी कन्याओं और सुहागवती महिलाओं ने अपने सिर पर कलश धारण कर पंचायत क्षेत्र भ्रमण करते हुए पुनः हनुमान मंदिर परिसर पहुंचा जहां कलश को स्थापित की गई। इस कार्यक्रम में यदुनंदन पासवान, शंभू पासवान, मंटू पासवान, मोहन पासवान, दिलीप, राकेश, मुकेश, रंजीत समेत समस्त ग्रामीण लोग का भरपूर सहयोग है।

# 11 अप्रैल को पटना में होगी बिहार बदलाव रैली

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**बिहारशरीफ।** जनसुराज पार्टी की ओर से 11 अप्रैल को पटना के गांधी मैदान में बिहार बदलाव रैली निकाली जाएगी। इसकी तैयारी को लेकर मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के गृह पंचायत बराह में मंगलवार की शाम सुराज पार्टी के दर्जनों कार्यकर्ता के बीच बैठक किया गया। बैठक की अध्यक्षता कर रहे पार्टी के जिला संयोजक इंजीनियर अशोक कुमार सिंह ने बताया कि बैठक में हरनौत, चंडी, नागरनौसा प्रखंड एवं पंचायत क्षेत्र के दर्जनों सदस्यों ने भाग लिया। बैठक के दौरान रैली की सफलता के लिए रणनीति बनाई और संगठन मजबूत करने पर चर्चा की गई। उन्होंने कहा कि हरनौत विधानसभा क्षेत्र से 11 अप्रैल को 50 सीट वाले 25 से अधिक बस एवं सैकड़ो की संख्या में छोटे वाहन पटना के लिए प्रस्थान करेगी। हरनौत विधानसभा क्षेत्र से 2000 से अधिक लोग रैली में शामिल होंगे। उन्होंने बताया कि यह बिहार बदलाव रैली उन लोगों के लिए है जो बिहार में बदलाव देखना चाहते हैं। यह रैली वैसे लोगों के लिए है जो शिक्षा और रोजगार के लिए पलायन कर रहे हैं। बैठक के दौरान उपस्थित सभी कार्यकर्ता ने पूरी प्रतिबद्धता के साथ बिहार बदलाव रैली को ऐतिहासिक बनाने का संकल्प लिया। बैठक में मौजूद प्रखंड महिला अध्यक्ष शोभा कुमारी ने बताया कि रैली में जाने को लेकर गांव जा जाकर लोगों को आवाहन किया जा रहा है। बैठक के दौरान सुभाष कुमार, रुपेश यादव, राहुल कुमार, मालती देवी, नरेश पासवान, रीता देवी, आलोक कुमार, अवधेश मांझी, सूरज कुमार, चंदन कुमार, सत्येंद्र कुमार समेत दर्जनों कार्यकर्ता मौजूद थे।

# 20 दिनों से बिजली बाधित, ग्रामीणों में रोष

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रजौली।** प्रखंड क्षेत्र के हरदिया पंचायत के सुदूरवर्ती गांव सुअरलेटी,भानेखाप एवं मरामों गांव में बीते 20 दिनों से बिजली बाधित है। बिजली नहीं रहने के कारण भीषण गर्मी में ग्रामीणों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीण केदार भुइयां, शंभू भुइयां, मनु भुइयां, द्वारिका भुइयां, श्री भुइयां, दिनेश पासवान, वीरू पंडित एवं बद्री भुइयां ने बताया कि वे बीते 5-6 वर्षों से झारखंड से मिलने वाली बिजली का उपभोग कर रहे हैं। इस दौरान वे बिजली बिल का भुगतान भी कर रहे हैं। बीते माह कुछ बिजली कर्मी हमारे गांव आए और लगभग सभी घरों में 15 से 20 हजार रुपए बकाया राशि का बिजली बिल देकर पैसे जमा करने को कहा गया। ग्रामीणों ने बताया कि वे दिहाड़ी मजदूरी कर अपना एवं परिजनों का जीवन यापन कर रहे हैं। ऐसी स्थिति में बिजली विभाग द्वारा एकमुश्त राशि के रूप में भारी-भरकम बकाया राशि जमा करने में सक्षम नहीं हैं।



ग्रामीणों ने कहा कि बिजली कर्मियों को किश्तवार बकाया बिजली बिल अदा करने की बात कही गई। किंतु ग्रामीणों की बातों को नजरअंदाज करते हुए झारखंड के बिजली कर्मियों ने तीनों गांव की बिजली को काट दिया है। ग्रामीणों ने यह भी कहा कि यदि प्रत्येक माह बिजली कर्मी आकर हमलोगों से बिजली बिल ले जाते,तो इस प्रकार की परेशानी नहीं हो पाती।बिजली बाधित होने के कारण ग्रामीणों को भीषण गर्मी में काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।वहीं जंगली क्षेत्र होने के कारण रात्रि की अंधेरे में लोग डरे-सहमे रह रहे हैं। साथ ही पेयजल की समस्या उत्पन्न हो गई है।वहीं नौनिहालों की पढ़ाई भी बाधित हो रही है।

**क्या कहते हैं मुखिया –**

इस बाबत हरदिया ग्राम पंचायत के मुखिया पिंटू साव ने बताया कि सुअरलेटी, भानेखाप एवं मरमों गांव में झारखंड की ओर से बिजली आपूर्ति की जा रही है।बिजली बाधित होने की शिकायत मिलने पर कोडरमा के बिजली पदाधिकारियों से बात करने पर बताया गया कि उक्त गांवों के ग्रामीणों ने लंबे समय से बिजली बिल का भुगतान नहीं किया है जबकि ग्रामीणों को कई बार बकाया बिजली बिल जमा करने की बात कही गई थी।

# सड़क दुर्घटना में बाइक सवार दुर्घटनाग्रस्त

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रजौली।** थाना क्षेत्र के कर्मा कला गांव के समीप एसएच-70 पर अज्ञात वाहन ने एक बाइक सवार को कुचल दिया। इस सड़क दुर्घटना में घायल युवक का सिर गंभीर रूप से घायल हो गया। स्थानीय लोगों द्वारा डायल 112 की पुलिस टीम को दुर्घटना की सूचना दी गई। सूचना पाकर डायल 112 की टीम में रहे एएसआई मो. गुलाम गौश खान ने पुलिस बलों के सहयोग से खून से लथपथ घायल युवक को अनुमंडलीय अस्पताल पहुंचाया। अस्पताल में ड्यूटी में रहे चिकित्सक डॉ. राघवेंद्र भारती ने बताया कि घायल युवक की पहचान सिरदला थाना क्षेत्र के अमझरी गांव निवासी ढ़ाको प्रसाद के पुत्र सोनू कुमार के रूप में हुई है साथ ही बताया कि घायल युवक के सिर में गंभीर चोटें आई और शरीर से काफी मात्रा में खून का स्राव हो चुका है। इसलिए घायल युवक का प्राथमिक इलाज कर बेहतर इलाज हेतु पावापुरी स्थित विम्स अस्पताल रेफर किया गया है। वहीं घटना की सूचना मिलने पर अस्पताल पहुंचे परिजन सुबोध कुमार ने बताया कि घायल युवक मेरे चाचा का लड़का है,जो रजौली से घर जा रहा था। इसी बीच एसएच-70 पर अज्ञात वाहन द्वारा सड़क दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल हो गया। वहीं घायल युवक की पत्नी का रो-रो कर बुरा हाल हो गया था।

# स्टेशन पर यात्रियों को मूलभूत सुविधाओं उपलब्ध नहीं होने से परेशानी

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**नारदीगंज (नवादा)।** ओड़ो स्टेशन पर यात्री सुविधाओं को लेकर मंगलवार को स्टेशन सलाहकार समिति की बैठक आयोजित हुई। अध्यक्षता स्टेशन प्रबंधक सतीश कुमार ने की। यह स्टेशन तिलैया राजगीर रेलखंड पर स्थित है। बैठक में ओड़ो स्टेशन पर बुनियादी सुविधाओं का घोर अभाव है। यात्रियों की सुविधाओं को समाधान करने की मांगें रखी गईं। सलाहकार समिति में रामानुग्रह सिंह, अंबुज कुमार मिश्र, विक्रम सिंह, राणा व सत्येंद्र कुमार भारती, ब्रहमदेव चौधरी उपस्थित रहे। वहीं रेलवे स्टेशन प्रबंधक के अलावा अंजन सिवान (सीटीआई नवादा) व वरीय अनुभाग अभियंता (विद्युत) सौरव रंजन मौजूद थे। बैठक में ओड़ो स्टेशन पर यात्री प्रतीक्षालय, शुद्ध पेयजल, शौचालय, साफ-सुथरा प्लेटफार्म, बिजली, अंडरपास तथा जल निकासी की बेहतर व्यवस्था के साथ निर्धारित समय में ट्रेन का ठहराव की मांग की गई। कहा गया स्टेशन पर यात्रियों को मूलभूत सुविधाओं उपलब्ध नहीं होने से परेशानी हो रही है। ऐसे में समिति के सदस्यों ने स्टेशन पर मूलभूत सुविधाओं की कमी को दूर करने व यात्रियों की सहूलियत बढ़ाने पर जोर दिया।

# नामांकन बढ़ाने को लेकर अभिभावकों को दी जा रही सरकारी सुविधाओं की जानकारी

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रजौली।** खुशबू है फूल में और बच्चे हैं स्कूल में स्लोगन के साथ स्कूल में बच्चों के नामांकन की प्रक्रिया तेज कर दी गई है। विद्यालय में बच्चों के नामांकन को लेकर विशेष अभियान प्रवेशोत्सव चलाया जा रहा है।इस अभियान को लेकर मंगलवार को बाभनटोली मोहल्ला स्थित मध्य विद्यालय की प्रधानाध्यापिका ममता रानी अपने पोषक क्षेत्र के प्रत्येक घर में पहुंचकर बच्चों को नामांकन के लिए उनके अभिभावकों को प्रेरित कर रही हैं। इस दौरान अभिभावकों को बेसिक शिक्षा विभाग की सभी सुविधाओं की विस्तृत जानकारी दे रहे हैं साथ ही बच्चों और उनके माता-पिता को स्कूल भेजने के लिए प्रेरित कर रहे हैं। अभिभावकों से मिलकर उन्हें बताया जा रहा है कि शिक्षा के बिना जीवन अधूरा है। जब तक आपके बच्चे शिक्षित नहीं होंगे, तब तक उन्हें अपने अधिकार के बारे में जानकारी नहीं हो पायेगी। यही नहीं, शिक्षित होने के बाद ही अपने सपने को पूरा कर पायेंगे। इसलिए अपने बच्चों को स्कूल अवश्य भेजें, ताकि शिक्षित होकर अपने परिवार, गांव व देश का नाम रोशन कर सकें। इस दौरान सरकारी विद्यालय में मिलने वाली सरकारी योजनाओं के बारे में भी जानकारी दी जा रही है। बताते चलें कि इस अभियान के पीछे गांवों के बच्चों को सरकारी स्कूल से जोड़ना भी है। बहुत से बच्चे विद्यालय नहीं जा पाते है एवं बहुत से बच्चों का नामांकन सरकारी स्कूल में है, लेकिन वे निजी स्कूल में पढ़ाई करने जाते हैं। सरकारी लाभ पाने के चक्कर में सरकारी स्कूल में नामांकन कराते है। वहीं सरकार का दावा है कि सरकारी स्कूल में शिक्षा व्यवस्था सुदृढ़ हो गयी है। ऐसे में बच्चों को सरकारी स्कूल तक पहुंचाने और उनके अभिभावकों को जागरूक करने के लिए अभियान चलाया जा रहा है।

# जुलूस के मौके पर कई संगठनों ने लगाया सेवा शिविर

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**नवादा।** नवादा में रामनवमी जुलूस 8 अप्रैल को बड़े ही धूमधाम से मनाया गया। इस मौके पर शहर के विभिन्न स्थलों पर कई स्वयंसेवी संगठनों, सामाजिक कार्यकर्ताओं के द्वारा सेवा शिविर का आयोजन किया गया। जिला चित्रांश एसोसिएशन के साथ-साथ चंद्र एडवरटाइजमेंट, मॉडर्न इंग्लिश स्कूल ग्रुप, नूतन उदया फाऊंडेशन, भारत विकास परिषद, बरनवाल महिला समिति सहित अनेक संगठनों के द्वारा रामनवमी जुलूस के मौके पर विभिन्न स्थलों पर सेवा शिविर लगाकर श्रद्धालुओं के बीच शरबत, शीतल पेयजल, बिस्किट, ट्रॉफी, पानी का वितरण किया गया। काफी संख्या में श्रद्धालु भक्तों ने सेवा भाव से अपनी सेवाएं दी। जिला चित्रांश एसोसिएशन नवादा के तत्वाधान में स्थानीय प्रजातंत्र चौक पर रामनवमी के अवसर पर निकले शोभायात्रा में शामिल श्रद्धालुओं को शीतल जल एवं शरबत पिलाया गया। इस अवसर पर अध्यक्ष संतोष कुमार सिंन्हा, सचिव सतीश चंद्र सिंन्हा, रितेश कुमार मंशु इंजीनियर संतोष कुमार सिंन्हा, वरीय अधिवक्ता ओम शंकर प्रसाद, मनीष कुमार श्रीवास्तव, संदीप कुमार टुनटुन, सुजीत कुमार सिंन्हा, जितेंद्र कुमार सिंन्हा, कल्याण सिंन्हा, नोटरी भारत भूषण सिंन्हा, राजेश कुमार सिन्हा,गोपाल जी, अनूप कुमार सिंन्हा, पत्रकार पंकज सिंन्हा, नवीन सिन्हा उर्फ छवि , सूरजमानी सिंन्हा, सत्येंद्र कुमार सिंन्हा, ईश्वरी प्रसाद, आदर्श रंजन, अमित रंजन, अनिल कुमार सिन्हा, टुन्नू भैया, प्रदीप सिन्हा, शैलेश कुमार सिन्हा सहित दर्जनों सदस्य उपस्थित होकर अपनी माहिती भूमिका अदा की। विदित हो कि चित्रांश एसोसिएशन नवादा द्वारा पिछले कई वर्षो से सिविल लगाकर श्रद्धालुओं का सेवा प्रदान करते चले आ रहा है। वरीय सदस्य ओम शंकर प्रसाद अधिवक्ता द्वारा इस बार शिविर हेतु पर्याप्त मात्रा में चीनी एवं रसना का व्यवस्था किया गया। आज रामनवमी शोभा यात्रा के सुअवसर पर नवादा के लाल चौक पर भारत विकास परिषद,दक्षिण मगध बिहार प्रांत शाखा नवादा की ओर से शिविर लगा कर रामभक्तों को शुद्ध पेय जल, मीठा शरबत और बिस्किट का वितरण किया गया, शिविर का अध्यक्षता परिषद के अध्यक्ष रामचंद्र सोनी एवं संचालन सचिव राजेंद्र प्रसाद ने किया। इस सेवा शिविर में प्रांतीय संगठन मंत्री मुन्ना प्रसाद, प्रांतीय उपाध्यक्ष डॉक्टर मनोज कुमार, कोषाध्यक्ष मुकेश कुमार, मीडिया प्रभारी अरविंद कुमार गुप्ता सदस्य सत्येंद्र प्रसाद, गोपाल प्रसाद, कुमार गौरव, नीरज लोहानी, सतीश कुमार, अमरेंद्र कुमार, पंकज साव,नवीन कुमार, अनूप कुमार, सत्येंद्र आर्य, डॉक्टर सुनील कुमार, विवेकचंद्र धीर, संदीप चुन्नू इत्यादि सदस्य सेवा शिविर में सहयोग किए। जिसमें आशुतोष चंद्र, अमित कुमार, लाल किशोर सिन्हा, राजीव रंजन, सौरभ मुद्गल सहित काफी संख्या में लोग उपस्थित होकर सेवा करते देखे गए।

# आदित्य उर्मिला फ्यूल स्टेशन का उद्घाटन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**नवादा।** जिला के नरहट प्रखंड मुख्यालय में आदित्य उर्मिला फ्यूल स्टेशन का शुभारंभ किया गया है। इस फ्यूल स्टेशन का उद्घाटन भारत पेट्रोलियम कंपनी के क्षेत्रीय अधिकारियों द्वारा किया गया है। अधिकारियों ने बताया कि यहां दो मशीन लगाए गए हैं। जिस पर चार-चार नोजल पंप लगाए गए हैं ताकि किसी प्रकार का भीड़ होने पर कोई परेशानी नहीं हो। भारत पेट्रोलियम की इस फ्यूल स्टेशन पर डीजल व पेट्रोल दोनों उपलब्ध होंगे। विधायक नीतू सिंह के परिजनों द्वारा खोले गए इस पेट्रोल पंप के उद्घाटन समारोह में सैकड़ो लोग शामिल होकर इसके गवाह बने। शेखर सिंह उर्फ पप्पू सिंह ने बताया कि आदित्य उर्मिला फ्यूल स्टेशन का उद्घाटन होने से आसपास के वाहन चालकों को काफी सहूलियत होगी। किसानों के लिए डीजल भी उपलब्ध होंगे। आदित्य उर्मिला फ्यूल स्टेशन का देखभाल सौरभ सिंह उर्फ चीकू सिंह के द्वारा किया जाएगा। विधायक मोड पर खोले गए इस फ्यूल स्टेशन से आसपास के दर्जनों गांव के लोगों को काफी सहूलियत होगी। इस स्थान पर पहले से कोई पेट्रोल पंप नहीं होने से लोगों को चांदनी मोड, झिकरुआ, हिसुआ या अन्य दूसरे जगह पर जाकर डीजल पेट्रोल की खरीदी करनी पड़ती थी। उद्घाटन समारोह के दौरान जदयू नेता एवं शिक्षाविद अजय कुमार रविकांत, ललन सिंह, पूर्व प्रमुख अशोक यादव, खनवां निवासी पप्पू सिंह, सतीश कुमार गुप्ता, साधु शरण सिंह, नरेश सिंह सहित कई गण्यमान्य मौके पर मौजूद रहे।

# पूर्वोत्तर की सैर कराएगी भारत गौरव डीलक्स एसी टूरिस्ट ट्रेन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**नई दिल्ली।** भारतीय रेल पूर्वोत्तर भारत के पर्यटन को बढ़ावा देने के उद्देश्य से 22 अप्रैल 2025 को 'भारत गौरव डीलक्स एसी टूरिस्ट ट्रेन' का संचालन शुरू करने जा रही है। अत्याधुनिक सुविधाओं से युक्त यह विशेष ट्रेन दिल्ली के सफदरजंग रेलवे स्टेशन से 14 रात-15 दिन की 'नॉर्थ ईस्ट डिस्कवरी' यात्रा पर रवाना होगी। इस दौरान पर्यटक असम, अरुणाचल प्रदेश, नागालैंड, त्रिपुरा और मेघालय राज्यों के प्रमुख पर्यटन स्थलों का भ्रमण कर सकेंगे। फर्स्ट एसी, सेकंड एसी और थर्ड एसी कोचों से सुसज्जित इस स्टेट-ऑफ-द-आर्ट पर्यटक ट्रेन में कुल 150 यात्री यात्रा कर सकते हैं। ट्रेन पर पर्यटकों को दिल्ली सफदरजंग, गाजियाबाद, अलीगढ़, टुंडला, इटावा, कानपुर, लखनऊ और वाराणसी रेलवे स्टेशनों से चढ़ने और उतरने की सुविधा दी गई है। धार्मिक स्थलों और प्राकृतिक सौंदर्य का संगम यह ट्रेन गुवाहाटी, काजीरंगा, जोरहाट और शिवसागर (असम), इटानगर (अरुणाचल), दिमापुर व कोहिमा (नागालैंड), उनाकोटी, अगरतला, उदयपुर (त्रिपुरा) तथा शिलांग और चेरापूंजी (मेघालय) के प्रमुख स्थलों का भ्रमण कराएगी। गुवाहाटी में कामाख्या देवी मंदिर व उमानंदा मंदिर के दर्शन, ब्रह्मपुत्र क्रूज, काजीरंगा राष्ट्रीय उद्यान का जंगल सफारी, नागा जनजातियों की सांस्कृतिक झलक, मेघालय की गुफाएं व झरने इस यात्रा के प्रमुख आकर्षण होंगे। संपूर्णतया वातानुकूलित इस ट्रेन में यात्रियों को शुद्ध शाकाहारी भोजन विशेष रूप से तैयार पैंट्री कार से उपलब्ध कराया जाएगा। फर्स्ट और सेकंड एसी यात्रियों को भोजन ट्रेन के रेस्टोरेंट में परोसा जाएगा जबकि थर्ड एसी यात्रियों को बर्थ पर भोजन परोसा जाएगा। ट्रेन में दो डाइनिंग रेस्तरां, आधुनिक किचन कार, फुट मसाजर, मिनी लाइब्रेरी, शॉवर क्यूबिकल, स्वच्छ शौचालय, सीसीटीवी कैमरे, इलेक्ट्रॉनिक लॉकर और सुरक्षा गार्ड जैसी सुविधाएं मौजूद रहेंगी। रेलवे अधिकारियों के अनुसार लगभग 5800 किलोमीटर की इस यात्रा के जरिए पर्यटक न सिर्फ पूर्वोत्तर भारत की सांस्कृतिक विरासत से रूबरू होंगे, बल्कि उन राज्यों को देश के अन्य हिस्सों से जोड़ने का भी अवसर मिलेगा। साथ ही घरेलू पर्यटन को बढ़ावा देने की दिशा में यह एक महत्वपूर्ण पहल होगी।

# वार्षिक परीक्षा में बेहतर करने वाले छात्र-छात्राओं को किया गया पुरस्कृत

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रजौली।** प्रखंड क्षेत्र के सिरोडावर पंचायत के बलिया गांव स्थित उत्क्रमित उच्च माध्यमिक विद्यालय में मंगलवार को नौवीं कक्षा के वार्षिक परीक्षा 2025 में बेहतरीन प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं को प्रभारी प्रधानाध्यापक रंजीत कुमार के द्वारा पुरस्कृत किया गया। इस दौरान विद्यालय की वरीय शिक्षिका रीना रंजन, स्वाति कुमारी, ज्योत्सना कुमारी, दीक्षा कुमारी, शनि कुमार, सुधीर दास, कौशिक राजौर एवं सनी कुमार भी मौजूद रहे। विद्यालय के प्रभारी प्रधानाध्यापक ने बताया कि वार्षिक परीक्षा 2025 में नौवीं कक्षा के क्रम संख्या 1 से लेकर 5 तक लाने वाले छात्र-छात्राओं कविता कुमारी, बेबी कुमारी, प्रियंका कुमारी, अलीशा प्रवीण और मुन्ना कुमार को मिठाई खिलाया गया साथ ही उन्हें पुरस्कार के रूप में मेडल, इंग्लिश स्पोकन, नोटबुक एवं कलम दिया गया। वहीं शिक्षक नेता अजित कुमार ने बताया कि पुरस्कृत होकर बच्चे काफी प्रोत्साहित दिखाई दिए साथ ही कहा कि प्रत्येक विद्यालय के हर कक्षाओं में छात्र-छात्राओं के बीच प्रतिस्पर्धा बढ़ाने के लिए इस प्रकार के प्रोत्साहन का कार्य किया जाना चाहिए।

### बाबू जगजीवन राम की जयंती पर मगध विश्वविद्यालय में विशेष व्याख्यान का आयोजन

# बाबूजी के विचार आज भी समाज के मार्गदर्शक : प्रो एसपी शाही

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**गया।** मगध विश्वविद्यालय, बोधगया के इतिहास विभाग एवं समाजशास्त्र विभाग के संयुक्त तत्वावधान में बाबू जगजीवन राम अकादमिक विचार मंच एवं आईक्यूएसी के सहयोग से बाबू जगजीवन राम सोशल विजन फॉर ट्रांसफॉर्मिंग इंडिया विषय पर एक दिवसीय विशेष व्याख्यान का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम स्वतंत्र भारत के महान समाज सुधारक और राजनीतिक दृष्टा बाबू जगजीवन राम की जयंती के उपलक्ष्य में संपन्न हुआ। इस अवसर पर कुलपति प्रो. एसपी शाही ने कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए कहा कि बाबू जगजीवन राम एक ऐसे व्यक्तित्व थे जिन्होंने समता, सामाजिक न्याय और राजनीतिक प्रतिबद्धता के माध्यम से देश को नई दिशा दी। उनका जीवन आज भी युवा पीढ़ी के लिए प्रेरणास्त्रोत है। ऐसे कार्यक्रमों के माध्यम से हमें उनके विचारों को न केवल स्मरण करना चाहिए, बल्कि उन्हें आत्मसात कर समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाने की दिशा में कार्य भी करना चाहिए। विशेष वक्ता के रूप में पाटलिपुत्र विश्वविद्यालय, पटना के पूर्व समाजशास्त्र विभागाध्यक्ष प्रो अजय कुमार (सेवानिवृत्त) ने बाबूजी के जीवन के सामाजिक आयामों तथा उनके योगदानों पर विस्तृत प्रकाश डाला। उन्होंने उनके संघर्षपूर्ण जीवन की कई अनछुई घटनाओं को साझा किया। आईक्यूएसी के समन्वयक एवं इतिहास विभागाध्यक्ष प्रो. मुकेश कुमार ने बाबूजी के विचारों की समकालीन प्रासंगिकता को रेखांकित किया जबकि समाज विज्ञान संकायाध्यक्ष डॉ आरएस जमुआर ने उनके आर्थिक दृष्टिकोण को वर्तमान विकास संदर्भ में प्रस्तुत किया। प्रो. दीपक कुमार ने समतामूलक समाज की स्थापना में बाबूजी की भूमिका पर प्रकाश डाला और प्रो प्रमोद कुमार चौधरी ने कहा कि बाबू जगजीवन राम केवल दलितों के नहीं, बल्कि समग्र भारत के जननेता थे। कार्यक्रम का संचालन डॉ सचिन मंदिरवार (इतिहास विभाग) ने किया तथा धन्यवाद ज्ञापन डॉ अंजनी घोष (राजनीतिशास्त्र विभाग) द्वारा प्रस्तुत किया गया। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के विभिन्न विभागों के विभागाध्यक्ष, शिक्षकगण, शोधार्थी एवं छात्र-छात्राएं बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। यह कार्यक्रम बाबू जगजीवन राम के सामाजिक दृष्टिकोण और राष्ट्रीय योगदान को समझने व उनसे प्रेरणा लेने का महत्वपूर्ण मंच बना।



# वर्षों से फरार नक्सली गिरफ्तार, एसटीएफ और बांके बाजार पुलिस ने की कार्रवाई

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**शेरघाटी (ग्रामीण)।** बांके बाजार थाना पुलिस ने एसटीएफ के सहयोग से एक बड़ी सफलता हासिल की है। पुलिस ने 11 वर्षों से फरार चल रहे वांछित कुख्यात नक्सली परीक्षा जी उर्फ परीक्षा भुइयां उर्फ परिखा मंडल को गिरफ्तार किया। मंगलवार को शाम 3 बजे शेरघाटी के एएसपी शैलेन्द्र सिंह ने प्रेस कांफ्रेंस कर महत्वपूर्ण कार्रवाई की जानकारी दी। एएसपी ने बताया कि बांके बाजार पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि वांछित नक्सली परीक्षा जी छकरबंधा गांव में आया हुआ है। सूचना मिलते ही बांके बाजार थाना अध्यक्ष और एसटीएफ की संयुक्त टीम गठित की गई। टीम ने तत्परता दिखाते हुए छकरबंधा गांव में घेराबंदी कर उसके घर से उसे गिरफ्तार कर लिया। एएसपी शैलेन्द्र सिंह ने बताया कि वर्ष 2014 में परीक्षा जी गया जिले में नक्सलियों द्वारा किसी बड़ी घटना को अंजाम देने की साजिश में शामिल था। पुलिस ने उस समय अभियान चलाकर केन बम सहित अन्य नक्सली सामग्री बरामद की थी। पुलिस की इस सफलता को एक बड़ी उपलब्धि मानी जा रही है क्योंकि गिरफ्तार नक्सली लंबे समय से सुरक्षाबलों की सूची में वांछित था और इलाके में नक्सली गतिविधियों को अंजाम देने में सक्रिय भूमिका निभा रहा था।




# गया जिले में सात प्रकार के खेलों का होगा आयोजन

### 3 से 15 मई तक खेलो इंडिया यूथ गेम प्रतियोगिता का आयोजन

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**गया।** आगामी 3 मई से 15 मई 2025 तक खेलो इंडिया यूथ गेम 2025 प्रतियोगिता का आयोजन गया जिले के बिपार्ड एवं आईआईएम बोधगया के साथ-साथ बिहार के अन्य जिलों में भी प्रतियोगिता का आयोजन होना है। खेलो इंडिया यूथ गेम 2025 के आयोजन के अवसर पर सहभागी सभी खिलाड़ियों, तकनीकी पदाधिकारी एवं सहायकों के लिए गया जिले में आवासन, परिवहन एवं अन्य समुचित व्यवस्था सुनिश्चित करवाई जा रही है। इसके साथ साथ बिहार एवं गया कि ब्रांडिंग भी अत्यंत आवश्यक है। जिले के डीएम डॉ0 त्यागराजन एसएम ने आज समाहरणालय सभा कक्ष में खेलो इंडिया युथ गेम के मद्देनजर गया जिला का प्रमोट एवं ब्रांडिंग के संबंध में पदाधिकारियों के साथ विस्तार से बैठक करते हुए कई आवश्यक निर्देश दिए हैं। डीएम ने कहा कि केंद्र सरकार एवं राज्य सरकार द्वारा खेलो इंडिया यूथ गेम की आयोजन पर काफी गंभीर है। स्पष्ट निर्देश है कि किसी भी खिलाड़ियों को किसी प्रकार की कोई कमी या दिक्कत नहीं होनी चाहिए। हर स्तर पर हर प्रकार की मुकम्मल व्यवस्था करवाने का निर्देश दिया गया है। सभी खिलाड़ी अंडर 18 आयु वर्ग के रहेंगे। उन्होंने कहा कि गया जिले में सात प्रकार के खेल का आयोजन होगा जिसमें चार प्रकार का खेल बिपार्ड में एवं तीन प्रकार का खेल आईआईएम बोधगया में होगा। कुल 7 खेल यथा मल्लखंब, कलारिपयट्टू, योगासन, गटका, खो-खो, तंग त, स्विमिंग खेल का आयोजन गया जिला में प्रस्तावित है। लगभग चार से 5 हजार की संख्या में खिलाड़ी, सपोर्टिंग स्टाफ, टेक्निकल स्टाफ एवं अन्य पदाधिकारी कर्मी शामिल रहेंगे। डीएम ने कहा कि खेल को बढ़ावा देने के साथ-साथ सिटी ब्रांडिंग एवं बिहार की ब्रांडिंग भी अत्यंत आवश्यक है। इसके लिए खेलो इंडिया यूथ गेम 2025 से संबंधित प्रतियोगिता के लिए जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से वॉल पेंटिंग एवं बेहतरीन साइनेज का डिजाइन तैयार करवाने का निर्देश दिया गया है। वॉल पेंटिंग के लिए अभी से ही स्थल चिन्हित करने का भी निर्देश दिए गए हैं।



# नीट 2025: गोल इंस्टीट्यूट के सेमिनार में मिला सफलता का मंत्र

### 'स्मार्ट वर्क से बेहतर प्रदर्शन कर सकते हैं विद्यार्थी : विपिन सिंह

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** नीट 2025 की तैयारी में जुटे विद्यार्थियों के लिए गोल इंस्टीट्यूट में आयोजित एक विशेष संगोष्ठी मील का पत्थर साबित हुई। इस संगोष्ठी में विद्यार्थियों को परीक्षा से पूर्व के अंतिम 25 दिनों की पढ़ाई की रणनीति पर महत्वपूर्ण मार्गदर्शन प्रदान किया गया। इस संगोष्ठी की अध्यक्षता संस्थान के संस्थापक एवं प्रबंध निदेशक बिपिन सिंह ने की। उनके साथ मंच पर सहायक निदेशक रंजय सिंह तथा अनुसंधान एवं विकास प्रमुख आनंद वत्स भी उपस्थित थे। सैकड़ों विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए वक्ताओं ने कहा कि अब समय कठिन परिश्रम से अधिक सूझबूझ भरे अध्ययन और सटीक रणनीति का है।

**परीक्षा के अंतिम 25 दिनों की विजयी रणनीति:**

इस सेमिनार में बताया गया कि दिन 1 से 10 में पुनरावृत्ति और एनसीईआरटी पर ध्यान देने की जरूरत है। बताया गया कि सभी प्रमुख विषयों की एनसीईआरटी पुस्तकों का दोहराव करें, विशेष रूप से जीवविज्ञान। प्रतिदिन एक अभ्यास परीक्षा (मॉडल टेस्ट) दें और उसका विश्लेषण करें। भौतिकी में सूत्रों पर आधारित प्रश्नों तथा रसायन विज्ञान में अभिक्रियाओं और उनकी प्रक्रियाओं पर विशेष ध्यान दें। दिन 11 से 15 के दौरान पूर्ववर्ती प्रश्न-पत्र और समय प्रबंधन पर ध्यान दें। पिछले 10 वर्षों के प्रश्न-पत्र हल करें। 3 घंटे की समय-सीमा में अभ्यास परीक्षा दें, ताकि परीक्षा के समय दबाव को संभालना आसान हो। की गई गलतियों पर कार्य करें और संदेह समाधान सत्रों में भाग लें। दिन 16 से 20 के दौरान नमूना प्रश्न-पत्र और त्वरित पुनरावलोकन करना जरूरी है। प्रतिदिन पूरे पाठ्यक्रम की एक अभ्यास परीक्षा दें। गलत उत्तरों को चिहिनत करें और उनके मूल विषय को स्पष्ट करें। संक्षिप्त नोट्स, मन के नक्शे (माइंड मैप्स) और प्रवाह चार्ट की सहायता से दोहराव करें। दिन 21 से 24 के दौरान मानसिक सशक्तिकरण और मनोवृत्ति पर कार्य करें। सकारात्मक सोच बनाए रखें, पर्याप्त नींद लें और संतुलित आहार लें। ध्यान, हल्के व्यायाम और समय-समय पर विश्राम अवश्य लें।आत्मविश्वास बढ़ाने वाले प्रेरणात्मक सत्रों में भाग लें। दिन 25: हल्का दोहराव और विश्राम मुख्य सूत्र है। पूरे पाठ्यक्रम का हल्का दोहराव करें। इस दिन कोई नया विषय न पढ़ें। परीक्षा केंद्र के नियमों और समय की जानकारी पक्की कर लें और आवश्यक दस्तावेज तैयार रखें। बिपिन सिंह ने कहा कि यदि विद्यार्थी इन 25 दिनों में रणनीतिक ढंग से पढ़ाई करें और नियमित अभ्यास करें, तो नीट 2025 को सफलता से प्राप्त किया जा सकता है। सहायक निदेशक रंजय सिंह ने विद्यार्थियों को समय प्रबंधन और मानसिक संतुलन बनाए रखने की सलाह दी, वहीं आनंद वत्स ने कहा कि आत्मविश्वास ही सफलता की सबसे बड़ी कुंजी है।



## मेंटेनेंस को लेकर 4 घंटे विद्युत आपूर्ति सेवा रहेगी बाधित

**कोंच (नबिटा सं.)।** प्रखंड के कोंच फीडर में मेंटेनेंस कार्य को लेकर विद्युत आपूर्ति सेवा 4 घंटे तक 9 फरवरी को बाधित रहेगा। जानकारी देते हुए विद्युत कनीय अभियंता राजेश कुमार ने बताया कि 33 केवीए लाइन में 9 अप्रैल को दोपहर 12 बजे से शाम 4 बजे तक मेंटेनेंस का कार्य होना है जिसके फलस्वरूप 4 घंटे तक विद्युत आपूर्ति सेवा अवरुद्ध रहेगा। उन्होंने बताया कि उक्त अवधि में लोगों को विशेष असुविधा न हो पाए, इसके लिए पूर्व में ही अपने कार्य को निपटा लें।

## अभिनेता मनोज कुमार के निधन से संपूर्ण राष्ट्र शोक में डूबा

**गया (नबिटा सं.)।** भारतीय सिनेमा जगत के सबसे प्रतिष्ठित और देशभक्त अभिनेता मनोज कुमार के निधन की खबर से संपूर्ण राष्ट्र शोक में डूब गया है। राष्ट्रीय मानवाधिकार संगठन के कार्यालय में मनोज कुमार के चित्र पर माला पुष्प चढ़कर 2 मिनट का मौन रखकर श्रद्धा सुमन अर्पित किया। इस दुखद क्षण पर बिहार मानवाधिकार संगठन के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. मनीष पंकज मिश्रा ने गहरा दुःख व्यक्त करते हुए श्रद्धांजलि अर्पित की।

## गांव के बधार से युवक का शव बरामद

**कोंच (नबिटा सं.)।** थाना क्षेत्र के मॉक-मननपुर गांव के बीच बधार में एक युवक का शव मंगलवार को बरामद हुआ उसके बाद पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हेतु मेडिकल कॉलेज गया भेजा है। जानकारी के अनुसार ग्रामीणों ने बधार में शव देखा और पुलिस को जानकारी दी गई। थानाध्यक्ष धनंजय कुमार सिंह ने बताया कि मृतक की पहचान औरंगाबाद जिला के मुफस्सिल थाना क्षेत्र अंतर्गत महुअरी गांव के सूर्यदेव दास के पुत्र श्री कुमार (30) के रूप में हुई ह

## रामनवमी पर निकाला गया भव्य शोभायात्रा

**बोधगया(गया)।** क्षेत्र के मोचारिम गांव से पारंपरिक ढोल ताशा के साथ रविवार को निकाला गया शोभायात्रा। अमन शेखर ने बताया कि पिछले 5 वर्षों से मोचारिम गांव के युवाओं द्वारा यह शोभायात्रा निकाला जा रहा है। प्रत्येक वर्ष कुछ नया करने का प्रयास हमारा रहता है। इस वर्ष भव्य झांकी टरक पे निकाला गया और बोधगया बाजार होते हुए नोड वन राजापुर घुमाया गया और समापान बोधगया मठ में किया गया। इस मौके पर समिति के सदस्य ओम प्रकाश, मनजीत राज, बादल, कुणाल, ऋतिक, निखिल, जानता वीर, सुमित मौर्य, अभिषेक आर्य, शिवाजी, सुखदेव गुरुजी, विनोद अकेला सहित गांव के हजारों की संख्या में लोग उपस्थित थे।

# गया में जल-जीवन-हरियाली का दिख रहा असर

### भूजल स्तर में दिखा सुधार, पुराने जल स्त्रोतों का संरक्षण प्राथमिकता

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**गया।** जल संरक्षण के क्षेत्र में गया ने बीते पांच वर्षों में एक बड़ी उपलब्धि हासिल की है। राज्य सरकार के अगुवाई में चलाए जा रहे जल-जीवन-हरियाली अभियान के तहत जिले के डीएम डॉ0 त्यागराजन एसएम ने मंगलवार को बताया कि जिले में वर्ष 2019 से अबतक 1410 नए जल स्त्रोतों का निर्माण किया गया है। इस अभियान का उद्देश्य केवल जल संरक्षण ही नहीं बल्कि पर्यावरण संतुलन और भूजल स्तर को बनाए रखना भी है। विभागीय आंकड़ों के अनुसार इन जल स्त्रोतों के निर्माण में सबसे अधिक योगदान ग्रामीण विकास विभाग का रहा है जिसने 973 जल स्त्रोतों का सृजन किया। इसके अलावा कृषि विभाग ने 340 और पशु एवं मत्स्य संसाधन विभाग ने 95 नए जल स्त्रोतों का निर्माण किया है। केवल नए जल स्त्रोतों का निर्माण ही नहीं, राज्य सरकार एवं जिला प्रशासन ने पुरानी सार्वजनिक जल संरचनाओं के जीर्णोद्धार पर भी विशेष ध्यान दिया है। वर्ष 2019 से 2025 तक के दौरान सार्वजनिक तालाब/पोखर का जीर्णोद्धार किया गया। 9246 आहरों और पईनों को फिर से संरचित और उपयोग के योग्य बनाया गया। पुराने जलस्त्रोतों के संरक्षण और नए जलस्त्रोतों के सृजन से राज्य में भूजल का जो स्तर पहले लगातार गिरता जा रहा था, उसमें भी सुधार आ रहा है।

**जल-जीवन-हरियाली अभियान बिहार सरकार की महत्वाकांक्षी पहल**

गौरतलब है कि जलस्त्रोत भूजल के स्तर को बनाए रखने में मददगार साबित होते हैं। इसके साथ ही जलस्त्रोतों के आसपास का पारिस्थितिकी तंत्र भी संरक्षित होता है। इसके महत्व को देखते हुए राज्य सरकार जल-जीवन-हरियाली अभियान चला रही है। जल-जीवन-हरियाली अभियान बिहार सरकार की महत्वाकांक्षी पहल है। 2 अक्टूबर 2019 को इसकी शुरुआत हुई थी जिसके तहत जलवायु परिवर्तन के प्रभावों को कम करने, भूजल स्तर को बढ़ाने और हरियाली को प्रोत्साहित करने के लिए कई कदम उठाए गए हैं जिसमें जल संरक्षण, वृक्षारोपण और पर्यावरण के प्रति लोगों में जागरुकता लाना शामिल है। जल संरक्षण के लिए पुराने तालाब, कुएं और नदियों का जीर्णोद्धार करने के साथ-साथ वर्षा जल संचयन के लिए संरचनाएं बनाई जा रही है। इस योजना के तहत बिहार सरकार ने कई सार्वजनिक जल संरचनाओं का निर्माण और मरम्मत की है। साथ ही किसानों को खेती के लिए बेहतर सिंचाई सुविधाएं उपलब्ध कराने पर जोर दिया है। इस अभियान से ग्रामीण और शहरी दोनों क्षेत्रों में पर्यावरणीय स्थिरता लाने का प्रयास हो रहा है। फिलहाल जिला प्रशासन के प्रयासों का अब बेहतर नतीजा सामने आ रहा है। डीएम ने कहा कि जल जीवन हरियाली अभियान के फलस्वरूप जिले में व्यापक जल संरचनाओं के कार्य किये गए हैं जिसके कारण पहले की तुलना में जिले का जल स्तर एवं पर्यवरण संतुलन की दिशा में सुधार हुई है।

# सीयूएसबी में राज्य स्तरीय कार्यशाला का आयोजन

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**टिकारी(गया)।** डीएसटी-पर्स परियोजना के तहत, दक्षिण बिहार केन्द्रीय विश्वविद्यालय के लाइफ साइंस विभाग द्वारा ड्रॉपलेट आधारित डिजिटल पीसीआर और इसके अनुप्रयोगों पर एक राज्य स्तरीय कार्यशाला आयोजित की गई। कार्यशाला का आयोजन कुलपति प्रो. कामेश्वर नाथ सिंह के संरक्षण में किया गया जिसमें प्रतिभागियों को डीडीपीसीआर तकनीक, इसके कार्य सिद्धांत, लाभ, अनुप्रयोग, उपकरण का अवलोकन, कार्यात्मक प्रदर्शन और जांच के साथ उपकरण चलाने, डाई-आधारित रसायन विज्ञान और इसके डेटा विश्लेषण से परिचित कराया गया। कुलपति प्रो. केएन सिंह ने एनईपी 2020 के जनादेश को पूरा करने के लिए ऐसी कार्यशालाओं की आवश्यकता पर प्रकाश डाला और सीयूएसबी की टीम-पर्स को आने वाले महीनों में ऐसी कई और कौशल-उन्मुख कार्यशालाओं का आयोजन करने के लिए प्रेरित किया। इस कार्यशाला में सीयूएसबी, ललित नारायण मिथिला विश्वविद्यालय, दरभंगा और मगध विश्वविद्यालय, बोधगया के स्नातक से लेकर पीएचडी तक के लगभग 100 प्रतिभागियों ने भाग लिया। सीयूएसबी के जन संपर्क पदाधिकारी मोहम्मद मुदस्सीर आलम ने मंगलवार को बताया कि कार्यशाला की शुरुआत डीएसटी-पर्स परियोजना के उप समन्वयक और सीयूएसबी के लाइफ साइंस विभाग के अध्यक्ष प्रो. राम प्रताप सिंह के स्वागत भाषण से हुई। डीएसटी-पर्स परियोजना के समन्वयक प्रो. वेंकटेश सिंह ने बताया कि उन्नत उपकरणों और प्रौद्योगिकी का उपयोग जैविक अनुसंधान का एक अभिन्न अंग बन गया है। तकनीकी सत्र में राजेश साहा और डॉ. प्रशांत (फील्ड एप्लीकेशन स्पेशलिस्ट, बायो-रेड लेबोरेटरी, भारत) और उनकी टीम द्वारा पीसीआर, आरटी-पीसीआर, तीसरी पीढ़ी के डीडीपीसीआर, इसके इंस्ट्रूमेंटेशन, वर्किंग आउटफ्लो के संक्षिप्त परिचय, अन्य मौजूदा पीसीआर मशीनों पर डीडीपीसीआर के लाभों और विज्ञान के विभिन्न क्षेत्रों में इसके अनुप्रयोगों पर चर्चा की गई। सीयूएसबी के अनुसंधान एवं विकास प्रकोष्ठ के निदेशक प्रो. दुर्ग विजय सिंह ने उपकरण के माध्यम से किए जा सकने वाले नए शोध अवसरों और विकास के बारे में बताया। उन्होंने प्रतिभागियों को अपने शोध के लिए विश्लेषणात्मक और समस्या समाधान दृष्टिकोण विकसित करने का सुझाव दिया। कार्यशाला में प्रो. आशीष शंकर, प्रो. विवेक दवे, प्रो. प्रफुल्ल कुमार सिंह, प्रो. प्रभात कुमार सिंह, डॉ. संजय कुमार, डॉ. नवीन कुमार सिंह और डॉ. अमृता श्रीवास्तव ने भाग लिया और विशेषज्ञ टीम के साथ डीडीपीसीआर अनुप्रयोगों और इसके डेटा विश्लेषण पर गहन चर्चा की। प्रतिभागियों को ड्रॉपलेट जनरेशन, थर्मल साइकिलिंग, लाइफ साइंस लैबोरेटरी में डीडीपीसीआर के साथ अपने चल रहे प्रायोगिक नमूने के साथ प्रयोग चलाने का व्यावहारिक अनुभव प्रदान किया गया।


**पूर्व मध्य रेल**

**ई–निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति की तरफ से निम्न कार्य हेतु ई–निविदा आमंत्रित की जाती है।

ई–निविदा सं.:पूमरे–मुप्रअ–नि–द–ईटीईएन–डीओएस–03 (एकल पैकेट प्रणाली) कार्य का नामः पूर्व मध्य रेलवे के डीडीयू डिवीजन के अंतर्गत काष्ठा से चिरैला पौथू तक डीएफसीसी परियोजना की तीसरी और चौथी लाइन के संबंध में डीओएस में अधिकरी विश्राण गृह, 01 टाइप बी क्वार्टर, 2 टाइप IV क्वार्टर 8 टाइप III क्वार्टर और 04 टाइप II (विशेष) स्टाफ क्वार्टर का निर्माण, जलापूर्ति, स्वच्छता कार्य, सड़क कार्य और भवन से संबंधित अन्य सहायक कार्य। अंकलित मूल्य (रु०): ₹8,76,78,056.10; बोली प्रतिभूति (रु.) : ₹5,88,400/–, कार्य पूर्ण करने की अवधि:08(आठ) महीने। निविदा बंद होने की तिथि एवं समय: 25.04.2025 at 15.30 बजे।

ऐसी ई– निविदाओं के तहत डाक/ कुरियर/फैक्स या व्यक्तिगत रूप से भेजा गया कोई भी मैनुअल निविदा स्वीकार नहीं किया जायेगा, भले ही यह फर्म (Firm) के लेटर हेड एवं नियत समय पर प्राप्त किया गया हो। ऐसे सभी मैनुअल निविदा अस्वीकार्य होगा तथा उसके बारे में बिना किसी विचार के तत्काल निरस्त कर दिया जायेगा। उपरोक्त ई–निविदा दस्तावेज सहित की संपूर्ण जानकारी वेबसाइट http://www.ireps.gov.in पर उपलब्ध है।

द्रष्टव्यः निविदा सूचना में पाए गए किसी भी विसंगति विवरण के मामले में अंग्रेजी संस्करण ही मान्य होगा। प्रत्याशित निविदादाताओं को यह सलाह दी जाती है कि इस ई–निविदा के लिए जारी कोई भी परिवर्तन/शुद्धिपत्र की ओर ध्यान देने के लिए वे निविदा बंद होने की अंतिम तिथि से कम से कम पंद्रह दिन पहले वेबसाइट www.ireps.gov.in का अवलोकन करें।

उप मुख्य अभियंता/निर्माण/
पूमरे/डेहरी ऑन सोन

पीआर/0046/सीओएन/डीओएस/अभि./टी/25–26/48



**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**
**भवन निर्माण विभाग,भवन प्रमण्डल,डालटनगंज**

**शुद्धि पत्र**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि **PR No.:- 348623 (Building)24-25(D) Tender Reference No.-.-22/E.E.,BCD/Building Div.Daltonganj/2024-25 Date: 17.03.2025** निविदा कार्य को अपरिहार्य कारणों से स्थगित किया जाता है।

Nodal Officer
e–Procurement Cell
Building division ,daltonganj.

PR 349900 Building(25-26).D



**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**
**भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमण्डल, डालटनगंज**

**शुद्धि पत्र**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि PR No.:- 349136 Building (24-25).D Tender Reference No.-.-23/E.E.,BCD/Building Div.Daltonganj/2024-25 Date: 24.03.2025 निविदा कार्य को अपरिहार्य कारणों से स्थगित किया जाता है।

Nodal Officer
e–Procurement Cell
Building division ,daltonganj.

PR 349899
Building(24-25)#D



**पूर्व रेलवे**

**खुली निविदा सूचना सं.: जीएसयू/इलेक्ट/एएसएन/2025/03, दिनांक 03.04.2025,** उप मुख्य परियोजना प्रबंधक/इलेक्ट, गति शक्ति यूनिट, आसनसोल, पूर्व रेलवे, आसनसोल मंडल, स्टेशन रोड, आसनसोल, पिन–713301 द्वारा वैध विद्युत ठेकेदार का लाइसेंस एवं सुपरवाइजरी लाइसेंस और निम्नलिखित कार्य के निष्पादन में वित्तीय संपन्नता रखने वाले अपेक्षित निविदाकारों से ई–निविदाएँ आमंत्रित की जाती हैं: **निविदा केस सं. जीएसयू–इलेक्ट–एएसएन–2025–03, कार्य का नाम:** अमृत भारत स्टेशन स्कीम के तहत नामित स्टेशन पर सुगम्य भारत अभियान के अंतर्गत एस्केलेटर कार्यों का प्रावधान। (पार्ट–II गति शक्ति यूनिट, आसनसोल के कार्यक्षेत्र में आसनसोल में अमृत भारत स्टेशन स्कीम के तहत विकास हेतु स्टेशनों पर अमृत भारत स्टेशन स्कीम के तहत एस्केलेटर कार्यों के प्रावधान हेतु विद्युत आपूर्ति से संबंधित सहायक विद्युत कार्य) (कुल–05, दुमका–02, देवघर– 02, एवं अंडाल– 01)। **निविदा मूल्य :** रु. 32,26,623.50, **बयाना राशि :** रु. 64,500/–, **बंद होने की तिथि और समय :** दिनांक 30.04.2025 को 12.00 बजे। **कार्य की समापन अवधि :** स्वीकृति पत्र जारी होने की तिथि से 09 (नौ) माह। **कार्य के लिए प्रस्ताव की वैधता :** बंद होने की तिथि से 45 दिन। संपूर्ण विवरण रेलवे की वेबसाइट **www.ireps.gov.in** में देखा जा सकता है।

ASN-13/2025-26

निविदा सूचना वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें @EasternRailway
@easternrailwayheadquarter



Skill India कौशल भारत - कुशल भारत

**झारखण्ड–सरकार**
**श्रम, नियोजन, एवं प्रशिक्षण विभाग**
**औद्योगिक प्रशिक्षण सस्थान, गढ़वा,प्राचार्य का कार्यालय**

**रोजगार भर्ती कैम्प संबंधी सूचना**

दिनांक–12.04.2025 दिन शनिवार को 10:00 बजे अपराह्न में रोजगार मेला का आयोजन गढ़वा जिले में अवस्थित सरकारी औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, गढ़वा से पास युवकों/अभ्यार्थीयों को रोजगार/नियोजन हेतू एक दिवसीय रोजगार भर्ती कैम्प का आयोजन किया गया है नियोजक/कंपनी का विवरण इस प्रकार है–

(1) MIDEA INDIA PRIVATE LIMITED(GMCC), AHMEDNAGAR, MAHARASHTRA
(2) FULAMBARI TEXT COM PVT.LTD.( SUZLON ENERGY LTD. ANANTPUR (ANDHRA PRADESH)
(3) RAYON ILLUMINATION AND SOLAR PVT LTD (AURANGABAD, MAHARA SHTRA)

DOMICILE---JHARKHAND
TEST DATE & TIME---12-04-2025, 10:00AM TO 05:00PM
TEST VENUE---ITI HANSKER, GARHWA
AGE LIMIT---18 TO 27 YEARS & 18 TO 25 YEARS
SALERY ITI PASS---17000 TO 23000 /PER MONTH
WORK TIME---12 HOURS & 8 HOURS

अतः आप सभी योग्य एवम् इक्छुक युवको से अपील है कि रोजगार भर्ती कैंप में भाग लेने के लिए निर्धारित तिथि को सभी आवश्यक कागजात/दस्तावेज के साथ औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, गढ़वा में आना सुनिश्चित करें तथा अपने भविष्य को सुनहरा एवं उज्जवल बनावें।

HELPLINE NO- 6205271405

प्रभारी प्राचार्य
औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान,गढ़वा

PR 349894 Labour Employment and Traning(25-26).D

संपादकीय

# इससे न्यायपालिका की पारदर्शिता बढ़ेगी

दिल्ली हाई कोर्ट के जस्टिस यशवंत वर्मा के उनके सरकारी आवास से मिले अधजले नोटों की घटना से न्यायपालिका पर उठे संदेह बादल के बाद देश के प्रधान न्यायाधीश संजीव खन्ना की पहल पर सुप्रीम कोर्ट के सभी न्यायाधीशों द्वारा अपनी सम्पत्ति की सार्वजनिक घोषणा का फैसला स्वागत योग्य है। क्योंकि आज देश जिन हालात से गुजर रहा है और जिस तरह लोकतांत्रिक संस्थाएं डगमगा रही हैं, उस स्थिति में न्यायपालिका और खासकर सर्वोच्च न्यायालय का बेदाग और पारदर्शी दिखना बेहद जरूरी है। गौरतलब है कि सुप्रीम कोर्ट के सभी जजों ने अपनी संपत्ति की घोषणा को सार्वजनिक करने निर्णय 1 अप्रैल को आयोजित एक फुल-कोर्ट मीटिंग में लिया था। जिसमें जजों ने अपनी संपत्ति की जानकारी भारत के मुख्य न्यायाधीश को सौंपने और इसे सुप्रीम कोर्ट की आधिकारिक वेबसाइट पर अपलोड करने का फैसला किया। तकनीकी तौर पर सुप्रीम कोर्ट के सभी जज अपनी संपत्ति की घोषणा जमा कर चुके हैं, लेकिन उन्हें सार्वजनिक नहीं किया गया था। वैसे भी भारत में जजों की संपत्ति को सार्वजनिक करने की मांग समय-समय पर विभिन्न राजनेताओं और एक्टिविस्टों द्वारा उठाई जाती रही है। यह मुद्दा न्यायपालिका में पारदर्शिता और जवाबदेही को बढ़ाने के संदर्भ में चर्चा का विषय रहा है। बीजेपी सांसद रहे सुशील कुमार मोदी ने इस मुद्दे को संसद में उठाते हुए कहा था कि जिस तरह जनप्रतिनिधि और कार्यपालिक अधिकारी संपत्ति का ब्योरा सार्वजनिक करते हैं, उसी तरह जजों की संपत्ति भी सार्वजनिक होनी चाहिए। इससे न्यायपालिका में पारदर्शिता बढ़ेगी और जनता का भरोसा मजबूत होगा। सुशील मोदी ने यह मांग न्यायिक सुधारों के व्यापक संदर्भ में रखी थी। सुप्रीम कोर्ट की वरिष्ठ वकील और एक्टिविस्ट इंदिरा जयसिंह भी लंबे समय से न्यायपालिका में पारदर्शिता की वकालत करती रही हैं। उन्होंने 'सूचना के अधिकार' के तहत जजों की संपत्ति सार्वजनिक करने की मांग उठाई है। बिना इसके न्यायिक प्रणाली में भ्रष्टाचार के आरोपों पर प्रभावी नियंत्रण नहीं हो सकता। कैंपेन फॉर ज्यूडिशियल अकाउंटेबिलिटी एंड रिफॉर्म्स लंबे समय से न्यायपालिका में सुधारों की मांग कर रहा है। हालाँकि, संपत्ति घोषणाओं को प्रकाशित करने की प्रक्रिया अभी तय की जानी बाक़ी है। इसमें यह अहम होगा कि क्या यह जानकारी पूरी तरह सार्वजनिक होगी या इसमें कुछ गोपनीयता के पहलू शामिल किए जाएंगे। इसके अलावा, इस क़दम का असर जजों की स्वतंत्रता और उनकी निजता पर भी पड़ सकता है, जिस पर बहस छिड़ सकती है। बहरहाल सुप्रीम कोर्ट का यह फ़ैसला निस्संदेह एक स्वागत योग्य कदम है, जो न्यायिक प्रणाली में विश्वास को और मज़बूत करने की दिशा में काम करेगा। यह क़दम न केवल पारदर्शिता को बढ़ावा देगा, बल्कि यह भी संदेश देगा कि क़ानून के रखवाले खुद को जवाबदेह मानते हैं। देश में भ्रष्टाचार की आंच से न्यायपालिका अछूती रही है, यह कहना सच पर पर्दा डालना होगा, लेकिन समूची न्यायपालिका ही ऐसी है, यह कहना भी सही नहीं होगा। इस बीच यशवंत वर्मा प्रकरण में आरंभिक जांच के बाद किसी सुनियोजित षड्यंत्र की बू आ रही है। लिहाजा सर्वोच्च न्यायालय ने बतौर न्यायाधीश उन्हें न्यायिक कार्य फिर से सौंपकर जस्टिस वर्मा की गरिमा की रक्षा की है। लेकिन इसी के साथ यह गंभीर सवाल भी उठ रहा है कि क्या भ्रष्ट तंत्र ईमानदार जजों को फंसाने का दुस्साहस करने जितना ताकतवर हो गया है? यहां सवाल यह भी है कि क्या सुप्रीम कोर्ट जजों का यह फैसला हाई कोर्टों और निचली अदालतों पर भी लागू होगा? इस बारे में अभी स्पष्टता नहीं है, लेकिन सर्वोच्च न्यायालय के न्यायाधीशों द्वारा अपनी सम्पत्ति की घोषणा से नीचे वालों पर यह नैतिक दबाव तो बना ही है कि वो भी अपनी सम्पत्ति की घोषणा करें।

# पीएमएमवाईः समावेशी उद्यमिता के एक दशक का उत्सव



मनोज मित्तल

प्रधानमंत्री द्वारा 8 अप्रैल, 2015 को लॉन्च की गयी प्रधानमंत्री मुद्रा योजना (पीएमएमवाई), भारत में सूक्ष्म और लघु उद्यमों के लिए ऋण पहुँच को सुविधाजनक बनाने में एक परिवर्तनकारी पहल रही है। पीएमएमवाई ने अपने अस्तित्व के पिछले एक दशक में सूक्ष्म ऋण को औपचारिक रूप देकर रोजगार और समग्र आर्थिक विकास को महत्वपूर्ण रूप से बढ़ावा दिया है। 2023-24 में, पीएमएमवाई के तहत संवितरण 5.32 लाख करोड़ रुपये के उच्च स्तर पर पहुँच गया, जो इसके बढ़ते पैमाने और प्रभाव को प्रतिबिंबित करता है। यह कार्यक्रम सरकार की वित्तीय समावेश रणनीति के अनुरूप है, जिसमें बैंकिंग सुविधा से वंचित लोगों को बैंकिंग सुविधा देना, असुरक्षित लोगों को सुरक्षित करना और वित्तपोषण से वंचित लोगों को वित्तपोषित करना शामिल है। पीएमएमवाई ने पूरे भारत में उद्यमिता और नवाचार की भावना का बीजारोपण किया है।

## प्रमुख विशेषताएं - पीएमएमवाई ऋण-

पीएमएमवाई योजना के तहत प्रदान किए जाने वाले ऋणों को चार श्रेणियों में विभाजित किया गया है (i) शिशु- 50,000 रुपये तक (ii) किशोर- 50,000 रुपये से अधिक से लेकर 5 लाख रुपये तक (iii) तरुण- 5 लाख रुपये से अधिक से लेकर 10 लाख रुपये तक और (i1) तरुण प्लस- 10 लाख रुपये से अधिक से लेकर 20 लाख रुपये तक।

पीएमएमवाई की कुछ विशेषताएं, जिन्होंने इसे लोकप्रिय बनाया है, इस प्रकार हैं (i) सावधि ऋण के अलावा रुपे डेबिट कार्ड के माध्यम से ओवरड्राफ्ट सुविधा (ii) व्यावसायिक नकदी प्रवाह के अनुरूप लचीली पुनर्भुगतान शर्तें (iii) ऑनलाइन पोर्टल के माध्यम से उच्च डिजिटल पहुंच के साथ लगभग सभी विनियमित बैंक और गैर-बैंक ऋणदाताओं की भागीदारी तथा (i1) एनसीजीटीसी द्वारा प्रबंधित सीजीएफएमयू से गारंटी कवरेज।

**पीएमएमवाई डैशबोर्ड-** शुरुआत से लेकर 14 मार्च, 2025 तक पीएमएमवाई के तहत स्वीकृत और वितरित कुल राशि क्रमशः 33.54 लाख करोड़ रुपये और 32.76 लाख करोड़ रुपये रही, जबकि कुल ऋण खातों की संख्या 52.24 करोड़ है। चालू वर्ष में अब तक कुल स्वीकृत और वितरित राशि क्रमशः 4.65 लाख करोड़ रुपये और 4.54 लाख करोड़ रुपये है। पीएमएमवाई की सुविधाएँ देश के अधिकांश हिस्सों में मौजूद हैं, जिसमें तमिलनाडु, उत्तर प्रदेश, कर्नाटक, पश्चिम बंगाल और बिहार संचयी संवितरण के मामले में शीर्ष पांच राज्य हैं, जिनकी हिस्सेदारी 46.4त्न है। हालांकि, पूर्वोत्तर राज्यों की हिस्सेदारी 2.9त्न के निम्न स्तर पर है, जिससे उस क्षेत्र में अधिक कवरेज की आवश्यकता उजागर होती है।

वित्त वर्ष 2025 में 14 मार्च, 2025 तक के संवितरण में 'शिशु', 'किशोर' और 'तरुण' श्रेणियों की हिस्सेदारी क्रमशः 18.6त्न, 50.3त्न और 30.5त्न रही। परिचालन के पहले वर्ष से ऋणों की औसत धनराशि दोगुनी हो गयी है, जो वित्त वर्ष 2016 के 39,405 रुपये से बढ़कर वित्त वर्ष 2024 में 81,018 रुपये हो गयी है और चालू वर्ष में यह 14 मार्च, 2025 तक 1.03 लाख रुपये तक पहुँच गयी है।

**पीएमएमवाई का परिवर्तनकारी प्रभाव-** पीएमएमवाई सरकार के सर्वाधिक समावेशी कार्यक्रमों में से एक रहा है और इसने लाखों सूक्ष्म उद्यमियों को पहली बार औपचारिक ऋण तक आसान पहुँच की सुविधा प्राप्त करने में मदद की है। 14 मार्च, 2025 तक, 10.71 करोड़ नए उद्यमी खातों को 10.28 लाख करोड़ रुपये के पीएमएमवाई ऋण स्वीकृत किए गए हैं, जिनकी संचयी स्वीकृतियों में हिस्सेदारी 30.7त्न है। महिला उद्यमियों के लिए संचयी स्वीकृतियाँ 14.68 लाख करोड़ रुपये रही, जो कुल स्वीकृतियों का 43.8त्न है। इसके अलावा, एससी/एसटी/ओबीसी श्रेणियों को कुल स्वीकृतियाँ 11.55 लाख करोड़ रुपये रही, जो ओबीसी की संचयी स्वीकृतियों का 34.4त्न है।




बिना गिरवी के ऋण की पेशकश करके, पीएमएमवाई विशेष रूप से ग्रामीण क्षेत्रों में स्वरोजगार और उद्यमिता को प्रोत्साहित करता है। योजना ने, खासकर ग्रामीण और अर्ध-शहरी क्षेत्रों में, नई नौकरियों के सृजन में और बेरोजगारी को कम करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभायी है।

**पीएमएमवाई की वास्तविक कहानियाँ-** वास्तविक जीवन के कई उदाहरण पीएमएमवाई ऋणों की परिवर्तनकारी शक्ति को उजागर करते हैं। झारखंड की मालती देवी, जो पहले एक संघर्षशील कृषि मजदूर थीं, ने पशुपालन व्यवसाय शुरू करने के लिए 1 लाख रुपये का ऋण लिया, जिससे उनके परिवार की आजीविका में सुधार हुआ और उनके बच्चे शिक्षा प्राप्त करने में सक्षम हुए। मेघालय में, सिमा रानी मालाकार ने सिलाई मशीन खरीदने के लिए 40,000 रुपये का ऋण लिया, जिससे उन्होंने अपने घर पर सिलाई व्यवसाय शुरू किया। आज, वे स्वतंत्र हैं और अपने बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा देने में सक्षम हैं। इसी तरह, जयपुर के सुरेश जाट ने कार्गो परिवहन व्यवसाय शुरू करने के लिए 7.95 लाख रुपये का ऋण लिया, व्यवसाय लगातार बढ़ता गया, जिससे वे अपने परिवार के लिए घर बनाने में सक्षम हुए।

**मुद्रा की भूमिका-** सिडबी की सहायक कंपनी के रूप में स्थापित, सूक्ष्म इकाई विकास एवं पुनर्वित्तपोषण एजेंसी लिमिटेड (माइक्रो यूनिट्स डेवलपमेंट एंड रिफाइनेंस एजेंसी लिमिटेड, मुद्रा) बैंकों, एनबीएफसी और एमएफआई जैसे विभिन्न ऋणदाताओं द्वारा दिए गए पीएमएमवाई ऋणों को पुनर्वित्त करके पीएमएमवाई के माध्यम से ऋण के निर्बाध प्रवाह को सुनिश्चित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है। 28 फरवरी, 2025 तक, मुद्रा लिमिटेड ने पीएमएमवाई ऋणों के पुनर्वित्त के माध्यम से 95,350 करोड़ रुपये की संचयी राशि मंजूर की है और 90,842 करोड़ रुपये का संवितरण किया है।

**निष्कर्ष-** पीएमएमवाई ने उन लोगों को वित्तीय सहायता प्रदान करके भारत के लघु व्यवसाय परिदृश्य पर एक परिवर्तनकारी प्रभाव डाला है, जो अपने और अपने आसपास के लोगों के लिए आजीविका के अवसरों का सृजन करना चाहते हैं। सूक्ष्म उद्यमों को सशक्त बनाने और उद्यमशीलता को बढ़ावा देने के जरिये, यह योजना स्वरोजगार, वित्तीय समावेश और आर्थिक विकास को बढ़ावा देने के सरकार के व्यापक दृष्टिकोण के अनुरूप है। पीएमएमवाई वित्तीय समावेशन में एक दशक के नवाचार का प्रतीक है और आगे चलकर यह ÷विकसित भारत÷ के विजन को साकार करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने के लिए तैयार है।

**(लेखक भारतीय लघु उद्योग विकास बैंकके अध्यक्ष - सह - प्रबंध निदेशक हैं)**

अध्यात्म

## भगवान पर भरोसा रखने वालों की परेशानियां हो सकती हैं दूर



जो लोग भगवान पर भरोसा रखते हैं, उनकी सभी परेशानियां दूर हो सकती हैं। एक प्रचलित लोक कथा से ये बात समझ सकते हैं। कथा के अनुसार एक सेठ को रात में नींद नहीं आ रही थी। वह घर में वह अकेला था, परिवार रिश्तेदारों के यहां गया हुआ था। उसका मन अशांत था। सेठ ने सोचा कि घर के पास स्थित मंदिर तक घूम आता हूं। शायद भगवान के दर्शन करने से मन शांत हो जाए।जब सेठ मंदिर पहुंचा तो उसने देखा कि एक वृद्ध आदमी प्रतिमा के सामने बैठकर रो रहा है। सेठ उसके पास आया और पूछा कि आप रो क्यों रहे हैं?

बूढ़े आदमी ने कहा कि मैं बहुत गरीब हूं। मेरी पत्नी बीमार है और उसके इलाज के लिए मेरे पास पैसा नहीं है। समझ नहीं आ रहा है पैसों की व्यवस्था कैसे होगी। सेठ ने कहा कि चिंता मत करो तुम्हारी पत्नी का इलाज मैं करवा दूंगा। सेठ ने तुरंत ही अपने पास रखें सभी पैसे निकालकर उस बूढ़े व्यक्ति को दे दिए। इतना धन देखकर वह आदमी खुश हो गया और सेठ को धन्यवाद देने लगा। सेठ ने कहा कि अभी मेरे पास इतने ही पैसे हैं, अगर तुम्हें और जरूरत है तो मेरे घर चलो। वृद्ध ने कहा कि नहीं इतने पैसों में काम हो जाएगा। पैसा लेकर वह व्यक्ति तुरंत ही चला गया। जरूरतमंद की मदद करने के बाद सेठ का मन अब शांत हो गया था। उसने भगवान को प्रणाम किया और सोचने लगा कि शायद इसी वजह से मैं सो नहीं पा रहा था। भगवान को मेरे माध्यम से इस गरीब की मदद करवानी थी।

**सीख** - इस छोटी सी कथा की सीख यह है कि जो लोग भगवान पर भरोसा करते हैं, उनकी सभी परेशानियां दूर हो सकती हैं। एक दरवाजा बंद होता है तो भगवान दूसरा दरवाजा खोल देता है। बस हमें हिम्मत नहीं हारना चाहिए। धैर्य बनाए रखें और ईमानदारी से अपना काम करते रहना चाहिए। साथ ही, अपने सामर्थ्य के अनुसार जरूरतमंद लोगों की मदद करते रहना चाहिए।

# बेंगलुरु में आयोजित प्रतिनिधि सभा से संदेश

**इस वर्ष विजयादशमी के दिन राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के 100 वर्ष पूरे हो रहे हैं। शताब्दी वर्ष में संघ की बेंगलुरु में आयोजित अखिल भारतीय प्रतिनिधि सभा का दो दिवसीय आयोजन अनेक अर्थों में महत्वपूर्ण घटना मानी जाएगी। संघ के सम्पूर्ण नेतृत्व मंडल के अलावा विचार परिवार के सभी 32 संगठनों के शीर्ष 1482 प्रतिनिधियों के आयोजन से निकला स्वर संघ और उसके विचार परिवार की भूमिका का दिग्दर्शन होगा। संघ की हर बैठक के संदर्भ में आम सोच यही होती है कि इस समय के सर्वाधिक चर्चित मुद्दे पर संघ का क्या रुख सामने आता है। हालांकि संघ की बैठकों के निर्णयों और वक्तव्यों ने बार-बार साबित किया है कि उसका हर कार्य-व्यवहार लक्ष्य की दृष्टि से होता है और तात्कालिक घटनाएं उसी के आलोक में देखी जाती हैं।**

अवधेश कुमार

बैठक के आरंभ में अखिल भारतीय प्रचार प्रमुख सुनील अंबेकर ने पत्रकार वार्ता की, उद्घाटन दिवस पर सह सरकार्यवाह मुकुंद सीआर, दूसरे दिन सहसरकार्यवाह अरुण कुमार तथा अंत में सरकार्यवाह दत्तात्रेय होसाबोले ने पत्रकारों के माध्यम से बैठक की वांछित जानकारी दी। किसी ने भी अपनी ओर से महाकुंभ और बांग्लादेश को छोड़ अन्य पर वक्तव्य नहीं दिया क्योंकि ये बैठक के फोकस या मुख्य एजेंडा नहीं थे। सारे वक्तव्य प्रश्नों के उत्तर में दिए गए। औरंगजेब और उसके कब्र को लेकर प्रश्न के उत्तर में ही पहले अंबेकर ने इसे अप्रासंगिक बताया तो होसाबोले ने कहा कि देश के इथोस, संस्कृति, सभ्यता, प्रकृति के अनुरूप काम करते हुए समृद्धि में योगदान देता है उसे आइकॉन माना जाएगा या जो बाहर से आकर आक्रमण कर शासन किया, हजारों लोगों पर अत्याचार किए, धर्म परिवर्तन किया उसे यानी संदर्भ है कि देश किसे आदर्श माने।

एजेंडा के बारे में जानकारी देते हुए मुकुंद ने स्पष्ट किया कि संघ स्थापना के100 वें वर्ष की प्रतिनिधि सभा में संघ कार्य से सामाजिक प्रभाव और समाज में बदलाव लाने पर चर्चा,विचार-विमर्श होगा। सारे वक्तव्यों से स्पष्ट हुआ कि संघ शताब्दी के दौरान विशिष्ट गतिविधियों पर ध्यान केंद्रित करेगा जो विस्तार तथा सुदृढ़ीकरण पर केंद्रित होगा। इसके संदर्भ में लक्ष्य से संबंधित सूत्रों का आधार दिया गया तो उसके अनुसार आगे की कार्य योजनाएं। तीन सूत्र दिए गए- 1. आत्मचिंतन करना, 2. संघ कार्य के लिए समाज द्वारा दिए समर्थन के लिए आभार प्रकट करना तथा 3. सबके वक्तव्य का स्वर था कि राष्ट्र तथा समाज को संगठित करने के लिए स्वयं को पुनः समर्पित करना है। दत्तात्रेय ने कहा कि संघ का उद्देश्य हिन्दू समाज का पुनर्जागरण रहा है, लक्ष्य हिन्दू समाज को संगठित करना है। सहसरकार्यवाह अरुण कुमार ने कहा कि संघ संगठन नहीं, समाज परिवर्तन का बड़ा जनआंदोलन है। संघ शाखाओं और राष्ट्रव्यापी गतिविधियों के माध्यम से इसी लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए काम कर रहा है।

अब जरा कार्यक्रमों की कुछ बिंदुवार रूपरेखा देखिए।

1. शताब्दी वर्ष में विजयादशमी 2025 को संघ गणवेश में स्वयंसेवकों के मंडल, खंड व नगर स्तर के कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। 2. नवंबर 2025 से जनवरी 2026 तक घर-घर संपर्क अभियान चलेगा। 3. सभी मंडलों और बस्तियों में हिन्दू सम्मेलन आयोजित कर प्रत्येक के जीवन में एकता और सद्भाव, राष्ट्र के विकास में सभी का योगदान और संघ द्वारा घोषित शताब्दी वर्ष में पंच परिवर्तन अर्थात परिवार प्रबोधन, सामाजिक समरसता, स्व का भाव, पर्यावरण संरक्षण और नागरिक कर्तव्य में प्रत्येक व्यक्ति की भागीदारी का संदेश दिया जाएगा। 4. सामाजिक सद्भाव बैठकें आयोजित कर सांस्कृतिक आधार और हिन्दू चरित्र को खोए बिना आधुनिक जीवन जीने का संदेश दिया जाएगा। 5. नागरिक संवाद आयोजित कर राष्ट्रीय दृष्टि से स्थापित नकारात्मक



और विकृत नैरेटिव या विमर्श की जगह सही विमर्श स्थापित करने कोशिश होगी। इतने कार्यक्रमों के बाद शताब्दी वर्ष में लाखों लोग उनसे जुड़ते हैं तो किसी के लिए छाती पीटने का कारण नहीं होना चाहिए। जो लोगों की स्वाभाविक चाहत के अनुरूप काम करेगा लोग उसके साथ आएंगे। सरकार्यवाह द्वारा प्रतिनिधि सभा के आरंभ में प्रस्तुत प्रतिवेदन में वर्ष भर के कार्यों के विवरण के साथ वर्तमान संगठन की स्थिति के आंकड़े उपलब्ध हैं। किसी को भी वह संघ की वेबसाइट पर मिल जाएगा। इसके अनुसार इस समय देश में लगभग एक करोड़ स्वयंसेवक हैं। शताब्दी वर्ष में संघ विस्तार और सुदृढ़िकरण के लिए 2,453 स्वयंसेवक आगे आए और विस्तारक बने गये। वो सब अपनी क्षमता के अनुरूप या थोड़ा भी काम करेंगे तो इसका असर होगा। संघ में युवाओं की संख्या यूं ही नहीं बढ़ रही है। इस वर्षआयोजित कुल 4,415 प्रारंभिक वर्गों में 2 लाख 22 हजार 962 स्वयंसेवक शामिल हुए, जिनमें 1 लाख 63,000 14 से 25 आयु वर्ग और 20 हजार से अधिक 40 वर्ष से ऊपर के आयु के थे। अरुणाचल में 1999 में काम शुरू हुआ और 274 शाखाएं लग रहीं हैं।

तमिलनाडु में जहां कार्य न के बराबर था वहां शाखाओं की संख्या चार हजार पार कर गई है। 1925 में संघ की स्थापना हुई और 1940 तक सभी प्रांतों में पहुंचे तो 1972 तक सभी जिलों में, 1996 तक सभी नगर और प्रखंडों तक पहुंच गए और अभी देश के सभी मंडलों (एक मंडल दस से बारह गांवों को मिलाकर बनाया गया है) तक पहुंचने का लक्ष्य रखा गया है। प्रतिवेदन में आए आंकड़ों के अनुसार 51 हजार 570 स्थानों पर प्रतिदिन 83 हजार 129 शाखाएं चलती हैं। साप्ताहिक शाखाओं और मिलन की कुल संख्या 1 लाख 15 हजार 276 है। संघ को अभी भी शहरी मध्य वर्ग और कुछ व्यापारियों का संगठन मानने वालों को दत्तात्रेय द्वारा दी गई इस जानकारी पर ध्यान देना चाहिए कि विस्तार में ग्रामीण मंडलों पर केंद्रित करते हुए देश को 58 हजार 981 ग्रामीण मंडलों में विभाजित किया है, जिनमें से 30 हजार 717 मंडलों में दैनिक शाखाएँ और 9 हजार 200 मंडलों में साप्ताहिक मिलन चल रहे हैं। विस्तार का ही परिणाम है कि संघ आज समाज जीवन के हर क्षेत्र में प्रभावी रूप से सक्रिय है जिनमें शिक्षा, चिकित्सा, स्वावलंबन, सामाजिक जागरण, सामाजिक सद्भाव जैसे क्षेत्रों में करीब 90 हजार गतिविधियों का आंकड़ा दिया गया है। सामाजिक समरसता के लिए उन क्षेत्रों में विशेष काम किया जा रहा है जहांअत्यधिक छुआछूत है। किसी संगठन का कार्य-व्यवहार लक्ष्यों और उसके अनुरूप संकल्पों पर निर्भर करता है। शताब्दी वर्ष के संकल्प का शीर्षक है, विश्व शांति और समृद्धि के लिए समरस और संगठित हिन्दू समाज का निर्माण। कुछ पंक्तियों को उद्धृत कर समझा जा सकता है। अनंत काल से ही हिंदू समाज एक प्रदीर्घ और अविस्मरणीय यात्रा में साधनारत रहा है, जिसका उद्देश्य मानव एकता और विश्व कल्याण है एक संगठित, चारित्र्यसंपन्न और सामर्थ्यवान राष्ट्र के रूप में अपनी प्राचीन संस्कृति और समृद्ध परंपराओं के चलते सौहार्दपूर्ण विश्व का निर्माण करने के लिए भारत के पास अनुभवजनित ज्ञान उपलब्ध है। अतः सभी प्रकार के भेंदों को नकारने वाला समरसता युक्त आचरण, पर्यावरणपूरक जीवनशैली पर आधारित मूल्याधिष्ठित परिवार, 'स्व' बोध से ओतप्रोत और नागरिक कर्तव्यों के लिए प्रतिबद्ध समाज, का चित्र खड़ा करने के लिए हम सब संकल्प करते हैं। प्रतिनिधि सभा विश्व के सम्मुख उदाहरण प्रस्तुत करने वाला समरस और संगठित भारत का निर्माण करने हेतु संकल्प करती है।

संघ की आलोचनाओं से परे हटकर विचार करिए। हिंदुत्व का सर्वसमावेशी विचार और उसके अनुरूप भारत राष्ट्र सहित संपूर्ण विश्व के कल्याण के लिए कार्यक्रम का संकल्प उपयुक्त दृष्टि या सही दिशा में कार्य करने से प्राप्त उपलब्धियां के आत्मविश्वास के बिना संभव नहीं। इसमें मनुष्य को मानसिक और शारीरिक रूप से विकसित करते हुए उसको अपने परिवार, समाज, देश और फिर विश्व कल्याण तक ले जाना, उस दृष्टि से राष्ट्र निर्माण जैसे व्यापक लक्ष्य शताब्दी वर्ष में सामने रखा है। इसके कार्यों को देखें तो उसमें सुसंगती दिखाई भी पड़ती है।

## आज का कार्टून




## राशिफल

**मेष**
कार्यक्षेत्र में आपका दिन बहुत अच्छा रहेगा। दृढ़ निश्चय के दम पर आप कोई बड़ा काम कर सकते हैं। परिजनों की अपेक्षाओं पर खरे उतरेंगे।

**वृषभ**
कार्यक्षेत्र में अधिकारी आपसे प्रसन्न रहेंगे। फाइनेन्स से जुड़े कार्यों में देरी हो सकती है। लोन सम्बन्धित मामले उलझने की आशंका है।

**मिथुन**
खेल जगत से जुड़े लोगों को बड़े मौके मिल सकते हैं। कारोबार में आपका प्रदर्शन शानदार रहेगा। आप परिजनों के साथ बेहतरीन समय बितायेंगे।

**कर्क**
समस्याओं को लेकर आप लापरवाह हो सकते हैं। अति उत्साह के कारण आपके काम बिगड़ने की आशंका है। पुराने रोग दोबारा उभर सकते हैं।

**सिंह**
आपके द्वारा बनायी हुयी योजना सफल होगी। विद्यार्थियों को उच्च शिक्षा के लिये बेहतरीन अवसर प्राप्त होने की सम्भावना है। प्रेम सम्बन्धों में मधुरता बढ़ेगी।

**कन्या**
कार्यक्षेत्र में उच्च अधिकारियों का सहयोग प्राप्त होगा। व्यापार में पार्टनरशिप करने के मौके मिलेंगे। जीवनसाथी के प्रति आपके मन में सम्मान भाव बढ़ेगा।

**तुला**
आप दूसरों की मदद करने के कारण लोकप्रिय रहेंगे। साधु प्रवृत्ति के लोगों के साथ आपका सम्पर्क मजबूत होगा। आपकी सेहत अच्छी बनी रहेगी।

**वृश्चिक**
घर और कार्यक्षेत्र में आवश्यक वस्तुओं की कमी के कारण आप क्रोधित हो सकते हैं। पाचन शक्ति कमजोर होने के कारण दस्त और उल्टी जैसी समस्या हो सकती है।

**धनु**
परिवार में सभी लोग आपसे काफी प्रसन्न रहेंगे। जॉब व व्यवसाय में अपने लक्ष्यों को समय से पूर्व ही निपटा लेंगे। आपको एक बड़ा पद सौंपा जा सकता है। ससुराल पक्ष से शुभ सूचना मिल सकती है।

**मकर**
व्यापार में अचानक धन लाभ हो सकता है। आपके मस्तिष्क में कुछ बेहतरीन रचनात्मक आइडियाज आयेंगे। इसका प्रयोग आप नये स्टार्टअप के लिये भी कर सकते हैं।

**कुंभ**
आज का पूरा दिन आत्मविश्वास से भरपूर रहेगा। प्रेमी जोड़े आज विवाह के लिये परिजनों को मनाने में सफल रहेंगे। विवादित मामलों पर समझौता हो सकता है।

**मीन**
पुरानी उलझनों को लेकर आप थोड़े परेशान रहेंगे। अपनी दिनचर्या को व्यवस्थित रखें। घर के बुजुर्ग आपसे प्रसन्न रहेंगे। गले में इन्फेक्शन की समस्या हो सकती है।

# लंबित दाखिल खारिज वाद एक सप्ताह में करें निष्पादित : डीएम

## डीएम ने की म्यूटेशन, परिमार्जन एवं आधार सीडिंग की प्रगति की समीक्षा

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**आरा।** डीएम तनय सुल्तानिया द्वारा राजस्व विभाग से संबंधित दाखिल-खारिज, परिमार्जन एवं आधार सीडिंग की प्रगति की समीक्षा मंगलवार को की गई। इस दौरान उन्होंने सभी अंचलाधिकारियों को निर्देशित किया कि 75 एवं 35 दिनों से लंबित दाखिल-खारिज के मामलों का निष्पादन एक सप्ताह के भीतर सुनिश्चित किया जाए। परिमार्जन से जुड़े लंबित आवेदनों की विस्तृत समीक्षा करते हुए उन्होंने संबंधित अंचलाधिकारियों एवं राजस्व कर्मियों को कैंप मोड में कार्य कर सभी मामलों का समाधान एक सप्ताह के अंदर करने के निर्देश दिए।

इसके अतिरिक्त, उन्होंने सभी भूमि सुधार उप समाहर्ताओं एवं अपर समाहर्ता को इस कार्य का सतत अनुश्रवण सुनिश्चित करने का आदेश दिया। डीएम ने सहार प्रखंड के तीन कर्मियों द्वारा दाखिल-खारिज एवं परिमार्जन के मामलों के निष्पादन में अपेक्षित प्रगति नहीं दिखाने के कारण उनका वेतन बंद करने का निर्देश अपर समाहर्ता को दिया। बैठक में अपर समाहर्ता, सभी भूमि सुधार उप समाहर्ता, सभी अंचलाधिकारी एवं अन्य संबंधित अधिकारी मौजूद थे।

### मुख्य सचिव ने की योजनाओं की समीक्षा

**आरा।** मुख्य सचिव, बिहार की अध्यक्षता में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से विभिन्न विभागों द्वारा संचालित योजनाओं के क्रियान्वयन की प्रगति की समीक्षा बैठक मंगलवार को हुआ। वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग में जिला कल्याण पदाधिकारी, सहायक निदेशक (दिव्यांगजन सशक्तिकरण), सहायक निदेशक (सामाजिक सुरक्षा), श्रम अधीक्षक, जिला अल्पसंख्यक कल्याण पदाधिकारी, डीपीओ (आईसीडीएस), जिला शिक्षा पदाधिकारी, जिला आपूर्ति पदाधिकारी, भोजपुर सहित अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित थे। बैठक में अनुसूचित जाति एवं जनजाति कल्याण विभाग, श्रम संसाधन विभाग, अल्पसंख्यक कल्याण विभाग व समाज कल्याण विभाग द्वारा संचालित योजनाओं की विस्तृत समीक्षा की गई। मुख्य सचिव ने इन योजनाओं की अद्यतन स्थिति की जानकारी ली तथा संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी योजनाओं को समयबद्ध रूप से पूर्ण किया जाए।

### ईवीएम/वीवीपैट हाउस का निरीक्षण

**आरा।** जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-जिला पदाधिकारी, भोजपुर एवं पुलिस अधीक्षक, भोजपुर द्वारा ब्लॉक रोड, आरा स्थित ईवीएम/वीवीपैट का वेयर हाउस में मासिक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान वेयरहाउस की सुरक्षा में तैनात पुलिस अधिकारियों एवं सुरक्षा बलों को सुरक्षा मानकों का पूरी तरह पालन सुनिश्चित करने के लिए आवश्यक निर्देश दिए गए। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा जारी ईवीएम/वीवीपैट मैनुअल के अनुसार उसके भंडारण, रख-रखाव एवं सुरक्षा से संबंधित सभी निर्देशों का कड़ाई से पालन सुनिश्चित करने के लिए जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-जिला पदाधिकारी ने वेयरहाउस के प्रभारी पदाधिकारी एवं प्रभारी पुलिस पदाधिकारी को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान उप निर्वाचन पदाधिकारी, भोजपुर, प्रभारी पदाधिकारी, ईवीएम वेयरहाउस-सह-सहायक बंदोबस्त पदाधिकारी, भोजपुर; कनीय अभियंता, भवन प्रमंडल, आरा; एवं प्रभारी पदाधिकारी, अग्निशमन मौजूद थे।

## एक नजर

### डीएम ने दी 4.5 लाख की राशि

**आरा (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** कोरोना काल में जगदीशपुर अंचल के पठान टोली निवासी स्व मशरुर बेगम के निकटतम आश्रित पुत्र लार्ड खान 450000 लाख की चेक राशि डीएम तनय सुल्तानिया ने प्रदान की। यह सहायता राशि आपदा प्रबंधन विभाग, बिहार पटना के निर्देश पर दिया गया। पूर्व में कोरोना संक्रमण काल में मौत हो गई थी। चेक राशि देते समय अनुमंडल पदाधिकारी आरा सदर समेत मृतक के आश्रित मौजूद थे।

### हत्याकांड का फरार आरोपित गिरफ्तार

**कोइलवर/भोजपुर (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** हत्याकांड में फरार चल रहे एक आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। गिरफ्तार आरोपी मोहम्मद इरफान आलम है। वह कोईलवर थाना क्षेत्र के कोईलवर निवासी इरशाद आलम ऊर्फ चांद आलम का पुत्र है। पुलिस ने बताया कि उक्त आरोपी को हत्या के कांड में गिरफ्तार कर जेल भेजा गया है।

### गिरते भूजलस्तर से शहरवासी परेशान

**औरंगाबाद (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** औरंगाबाद शहर में भूजलस्तर लगातार नीचे जा रहा है। पानी के नीचे जाने से लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। बढ़ते तापमान और उपर से पेयजल की समस्या से लोग काफी परेशान हैं। मालूम हो कि शहर के विभिन्न मुहल्ले में नगर परिषद की ओर से पानी के लिए बोरिंग लगाए गए हैं लेकिन वे नाकाफी साबित हो रहे हैं। इसके अलावा कई ग्रामीण इलाके में भी पेयजल के लिए हाहाकार है। कुएं का पानी सूख जाने से लोग परेशान हैं।

# नीतू नवगीत के सुरों में गूंजी लोकधुनें, थावे महोत्सव में छाया स्वरों का जादू

## ममता मेहरोत्रा की गजलों को सुर और संवेदना का साज देती रहीं नीतू नवगीत

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**गोपालगंज (थावे)।** थावे महोत्सव की सांस्कृतिक संध्या उस समय सुरमयी हो उठी जब मंच पर देश की प्रसिद्ध लोकगायिका नीतू कुमारी 'नवगीत' ने स्वर की धारा बहाई। लोकगीतों और ग़ज़लों को अपनी आत्मीय आवाज़ से सजाते हुए उन्होंने श्रोताओं के मन को छू लिया। कार्यक्रम की खास बात रही, साहित्यकार ममता मेहरोत्रा की ग़ज़लों की गायन प्रस्तुति, जिसे नीतू नवगीत ने अपने अद्वितीय अंदाज़ में पेश किया। आज भी खुश हूं बीते कल की तरह, फ़िक्र मेरी है गंगा जल की तरह जैसे शेर जब उनकी आवाज़ में बहे, तो श्रोताओं ने मानो अपनी संवेदनाओं को सुरों के हवाले कर दिया। ममता मेहरोत्रा की लेखनी और नीतू नवगीत के गायन के संयोग ने एक ऐसा माहौल रचा, जिसमें शब्दों की गहराई और सुरों की मधुरता ने मिलकर आत्मा को स्पर्श किया। प्रेम का वास हो जहां ममता, प्रेम कुटिया भी है महल की तरह जैसी पंक्तियां जब मंच से गूंजीं, तो लोक और शास्त्र का अनुपम संगम साकार हो उठा। नीतू नवगीत ने पारंपरिक लोकगीतों की भी श्रृंखला प्रस्तुत की। 'अयि गिरि नन्दिनी', 'पटना से पाजेब बलम जी', 'बाबा दिहले टिकवा' और 'देवी माँ का पचरा' जैसे गीतों को जब उन्होंने गाया, तो उपस्थित जनसमूह झूम उठा। उनकी आवाज़ में वह मिट्टी की सौंधी महक है, जो सीधे दिल तक जाती है। इस सांगीतिक संध्या में राजेश केसरी ने 'ओढ़नी के रंग पियर' और 'लाले लाले ओठवा से बरसे ललइया' जैसे गीतों से मंच को ऊर्ज़ामय बनाया, वहीं संगतकारों अशोक कुमार (बैंजो), मुकेश (नाल), आदित्य (पैड) और पिंटू (ऑर्गन) ने सुरों को पंख दिए। संस्था के अरुण कुमार 'मुन्ना' और शिल्पा ने लोकगीतों पर भाव-नृत्य कर इस सांस्कृतिक संध्या को दृश्यात्मक सौंदर्य से भी समृद्ध किया। 'सामयिक परिवेश' की इस संगीतमय प्रस्तुति में नीतू नवगीत न केवल गायिका रहीं, बल्कि लोकसंस्कृति की प्रतिनिधि बनकर उभरीं। थावे की धरती पर सुरों और साहित्य का यह संगम देर तक श्रोताओं के मन में गूंजता रहा।

# विभा देवी की ओर से खीर तो कामरान की ओर से पानी का वितरण

नवबिहार टाइम्स संवाददाता




**नवादा।** मंगलवार को मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम के जन्मोत्सव पर निकाली गई शोभा यात्रा में गंगा यमुनी तहजीब का विराट दर्शन हुआ जहाँ अल्पसंख्यक समुदाय के सामाजिक कार्यकर्ताओं ने सेवा शिविर लगाकर रामभक्तों की सेवा की। पूर्व श्रम राज्यमंत्री राजबल्लभ प्रसाद के सौजन्य से लगाये गए सेवा शिविर का उद्घाटन सदर विधायक विभा देवी ने किया। जबकि शिविर का नेतृत्व अल्पसंख्यक नेता एवं वरिष्ठ सामाजिक कार्यकर्ता प्रिन्स तमन्ना ने किया। इस अवसर पर उपस्थित गोविंदपुर विधायक मो कामरान ने सभी श्रद्धालुओं को श्रीराम जन्मोत्सव की बधाई दी और उनके आदर्शो पर चलने का सन्देश दिया। विभा देवी ने कहा कि नवादा में राम भक्तों की भारी भीड़ के बावजूद शांतिपूर्ण और उत्साहजनक शोभा यात्रा निकलती है जो यहां के लोगों की एकता और शौहार्द को दर्शाता है। प्रिंस तमन्ना ने कहा कि माननीय पूर्व राज्य मंत्री के सौजन्य से ऐसे धार्मिक अनुष्ठानों यह शोभा यात्रा में हर वर्ष शिविर लगाकर श्रद्धालुओं की सेवा की जाती है। उन्होंने कहा कि इस बार लगभग 10 क्विंटल खीर और 25 हजार शीलबन्द शीतल जल की व्यवस्था रामभक्तों के लिए की गई है जिसका नियमित वितरण किया गया। सेवा कार्य में दर्जनों अल्पसंख्यक कार्यकर्ता पूरी तन्मयता के साथ लगे रहे और श्रद्धालुओं की सुविधा का ख्याल रखने में कोई कोर कसर नहीं छोड़ी। मौके पर वरिष्ठ नेता राजद के पूर्व जिलाध्यक्ष महेंद्र यादव, अनिल प्रसाद सिंह, सुरेन्द्र उपाध्याय, हर्षवर्द्धन, मो इमरान, बॉबी, प्यारे मलिक, सुधीर यादव, लक्की खान, शेरअली खान, पप्पू ईराकी, जावेद इक़बाल, अफजल खान, इम्तियाज खान, सुहैल आलम, महताब आलम, रविशंकर सिंह, बिट्टू पाठक, जमाल राइन, मो अलाउद्दीन उर्फ़ मच्छड़ इत्यादि नेताओं कार्यकर्ताओं ने बढ़-चढ़ कर श्रद्धालुओं की सेवा की ।

# छापेमारी में चार शराब विक्रेता धराए

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**जहानाबाद।** जिला पदाधिकारी अलंकृता पाण्डेय एवं पुलिस अधीक्षक अरविन्द प्रताप सिंह के निर्देश पर, मद्य निषेध एवं उत्पाद विभाग, जहानाबाद की टीम द्वारा ज़िले के विभिन्न स्थलों पर सघन छापेमारी अभियान चलाया गया। इस विशेष अभियान में शकुराबाद, रतनी, सोनवां, घोसी, परसविगहा, झुनाठी, पंडोल, एरकी, बभना, नया टोला, कालीनगर, छरियारी, मकरपुर, मोकर, मुठेर, किनारी, कल्पा, सिकरिया, पहाड़ी विगहा, चैनपुरा, सरता, निजामुद्दीनपुर, ऊंटा, मदारपुर, मुस्तिचक सहित 25 से अधिक स्थानों पर कार्रवाई की गई। बताया गया कि जिला उत्पाद अधीक्षक के नेतृत्व में विभागीय टीम द्वारा जिले में शराब के अवैध व्यापार एवं सेवन पर प्रभावी नियंत्रण हेतु विशेष अभियान चलाया जा रहा है। जिसमें ब्रेथ एनालाइज़र की सहायता से शराब सेवन की जांच की जा रही है। 07 अप्रैल को 31 व्यक्तियों की जांच की गई। जिसमें किसी के भी शराब सेवन की पुष्टि नहीं हुई।इस अभियान में ड्रोन कैमरे की सहायता से जिले के चौक-चौराहों, होटल, ढाबों एवं रेस्टोरेंट्स आदि स्थानों पर सतत निगरानी रखी गई। साथ ही रात्रि गश्ती एवं वाहनों की सघन जांच की गई। जिला प्रशासन द्वारा नगर परिषद क्षेत्र के अंबेडकर चौक, अरवल मोड़, काको मोड़ आदि स्थानों पर प्रतिदिन संध्या समय नियमित जांच के निर्देश दिए गए हैं। इस पूरे अभियान में 04 शराब विक्रेताओं की उत्पाद विभाग द्वारा गिरफ्तार किया गया। वहीं परसविगहा थाना अंतर्गत मुस्तिचक गांव में ड्रोन से मिली सूचना के आधार पर 8600 किलोग्राम जावा महुआ जब्त कर नष्ट किया गया।इस दौरान छापेमारी स्थल पर 28 लीटर देशी शराब को विनष्ट किया गया।उत्पाद अधीक्षक ने पूरे मामले की जानकारी साझा करते हुए बताया कि इस प्रकार के छापेमारी अभियान लगातार जारी रहेंगे ताकि जिले में शराब के अवैध कारोबार पर पूर्ण अंकुश लगाया जा सके।

# विकास योजनाओं में गड़बड़ी की शिकायत पर अधिकारियों ने की जांच

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**कोइलवर/भोजपुर।** स्थानीय नगर पंचायत कोईलवर की विकास योजनाओं में गड़बड़ी की शिकायत पर अधिकारियों ने जहां स्थल पर पहुंच योजनाओं की जांच की तो वहीं कार्यालय में संबंधित फाइलों को भी खंगाला। डीएम के निर्देश पर जांच करने पहुंचे उक्त अधिकारी ने कार्यालय से लेकर स्थल का भी मुआयना किया। गौरतलब रहे की नगर पंचायत के वार्ड संख्या 12 के दलित मुहल्ले में लगभग दस लाख की लागत से सोलिंग, नली के साथ साथ पीसीसी कार्य कराया जाना था। जबकि बगैर सोलिंग कराए ही पुराने पीसीसी के ऊपर दुबारा पीसीसी कार्य करा दिया गया। नतीजा यह हुआ कि मुहल्ले के कई घर जमीन से नीचे आ गए। उक्त योजना को दैनिकभोगी कर्मी को अभिकर्ता बना संपन्न करा लिया गया। इस मामले में स्थानीय वार्ड पार्षद बीरेंद्र प्रसाद राम ने मुख्य पार्षद सरताज आलम को दोषी ठहराते जिला प्रशासन को शिकायत दर्ज कराई। इस मामले पर जिलाधिकारी ने अधीनस्थ अधिकारी को मामले की जांच की जिम्मेवारी सौंपी। कोईलवर पहुंची जांच टीम ने जहां आज स्थल निरीक्षण कर संबंधित वार्ड पार्षदों से जानकारी ली तो वहीं कार्यरत कर्मियों से भी पूछताछ की। नगर पंचायत में सफाई के नाम पर हो रहे लूट के बाबत अधिकारी ने पूरी जानकारी ली और संबंधित फाइलों को भी खंगाला। जिला प्रशासन के निर्देश पर नगर पंचायत के विकास कार्यों में हुई धांधली के बाबत कई मुद्दों पर पूछताछ की गई। इस जांच में कोईलवर नगर पंचायत की कार्यपालक पदाधिकारी प्रतीक्षा प्रजापति समेत नगर पंचायत कर्मियों की उपस्थिति रही।

# स्वास्थ्य विभाग में 20,016 पदों पर बहाली की प्रक्रिया होगी पूर्ण : मंगल पांडेय

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** बिहार के स्वास्थ्य मंत्री मंगल पाण्डेय ने स्वास्थ्य विभाग, सभागार में प्रेस कांफ्रेंस कर यह जानकरी दी कि राज्य में मंत्रिपरिषद द्वारा स्वास्थ्य विभाग के अन्तर्गत लोक स्वास्थ्य संवर्ग और अस्पताल प्रबंधन संवर्ग के गठन की ऐतिहासिक स्वीकृति मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व में प्रदान की गई है। इस निर्णय के तहत विभिन्न स्तरों पर कुल 20,016 अतिरिक्त पदों का सृजन किया गया है जो बिहार के स्वास्थ्य ढांचे को सुदृढ़ और आधुनिक बनाने की दिशा में एक मील का पत्थर साबित होगा। सभी नवसृजित पदों पर कुल 2192 करोड़ रूपये वार्षिक व्यय का अनुमान है। श्री पांडेय ने बताया कि विभागीय संरचना को अधिक कार्यकुशल बनाने के लिए लोक स्वास्थ्य निदेशालय, स्वास्थ्य सेवाएं निदेशालय, चिकित्सा शिक्षा निदेशालय का गठन किया जायेगा। तीनों निदेशालयों के प्रमुख महानिदेशक होंगे और इनके बीच समन्वय के लिए एक महानिदेशक-सह-विशेष सचिव के पद का भी सृजन किया गया है। अब तक जिला और उप-जिला स्तर के चिकित्सा संस्थानों में मरीजों की देखभाल और स्वास्थ्य कार्यक्रमों का संचालन एक ही चिकित्सा पदाधिकारी द्वारा किया जाता था। इस नवीन व्यवस्था से अब चिकित्सा सेवाओं और जनस्वास्थ्य कार्यक्रमों के लिए पृथक-पृथक तंत्र उपलब्ध होगा जिससे दोनों क्षेत्रों में अधिक दक्षता और पारदर्शिता सुनिश्चित की जा सकेगी। उन्होंने कहा कि इन व्यवस्थाओं के लागू होने से बिहार में स्वास्थ्य सुविधाएं और अधिक व्यवस्थित होंगी तथा आम जनता तक प्रभावी ढंग से पहुंचेगी। श्री पाण्डेय ने बताया कि यह निर्णय मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के दूरदर्शी नेतृत्व और उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी के सहयोग से संभव हो पाया है। इस ऐतिहासिक निर्णय के लिए मुख्यमंत्री एवं उपमुख्यमंत्री को दिल से धन्यवाद देता हूं। इन नवसृजित पदों के माध्यम से न केवल 20,016 नई नियुक्तियों का मार्ग प्रशस्त होगा, बल्कि वर्तमान में राज्य स्वास्थ्य समिति के अंतर्गत संविदा पर कार्यरत कर्मियों को स्थायित्व और वृत्ति उन्नयन का भी अवसर प्राप्त होगा। यह कदम स्वास्थ्यकर्मियों के मनोबल को ऊंचा करने और सेवाओं की गुणवत्ता में सुधार लाने में सहायक सिद्ध होगा। नवसृजित 20,016 पदों में मुख्यतः चिकित्सा पदाधिकारी, लोक स्वास्थ्य अधिकारी, कम्युनिटी प्रोसेस कोऑर्डिनेटर, हॉस्पिटल मैनेजर के पद शामिल हैं। विकास आयुक्त सह स्वास्थ्य विभाग के अपर मुख्य सचिव प्रत्यय अमृत ने जानकारी दी कि नवगठित संवर्गों की नियमावली के निर्माण हेतु एक विशेष कोषांग का गठन किया जाएगा जो जल्द से जल्द नियमावली बनाएगी जिसके बाद नियमावली के अनुमोदन के पश्चात शीघ्र ही भर्ती प्रक्रिया प्रारंभ की जायेगी। उन्होंने कहा कि यह निर्णय राज्य के स्वास्थ्य सेवा ढांचे को अधिक संगठित, उत्तरदायी और जनोन्मुखी बनाएगा तथा 'स्वस्थ बिहार' की दिशा में एक सशक्त कदम साबित होगा।

इस अवसर पर प्रत्यय अमृत, विकास आयुक्त सह अपर मुख्य सचिव, स्वास्थ्य विभाग, मनोज कुमार सिंह, सचिव, स्वास्थ्य विभाग, शशांक शेखर सिन्हा, सीईओ, बिहार स्वास्थ्य सुरक्षा समिति, अमिताभ सिंह, स्वास्थ्य मंत्री के आप्त सचिव के साथ स्वास्थ्य विभाग के अन्य अधिकारी और कर्मचारी मौजूद रहे।

# नवादा में धूमधाम से कड़ी सुरक्षा के बीच निकाली गई रामनवमी की शोभायात्रा

नवबिहार टाइम्स संवाददाता





**नवादा।** प्रभु श्री राम के जन्मोत्सव के उपरांत मंगलवार को नवादा में रामनवमी की भव्य शोभायात्रा निकाली गई । नवादा शहर के न्यू एरिया, मिर्ज़ापुर, रामनगर, स्टेशन रोड, इंदिरा चौक, पुरानी बाजार, भदौनी, पार नवादा सहित अनेक स्थलों से श्री राम जन्मोत्सव के मौके पर प्रतिवर्ष निकाले जाने वाले शोभायात्रा काफी धूमधाम से निकाली गई। विभिन्न मार्गो से होते हुए सभी शोभायात्रा बुंदेलखंड, अंसार नगर होते हुए मस्तानगंज तक पहुंची, वहां बजरंगबली की प्रतिमा का दर्शन करते हुए सभी शोभायात्रा वापस अपने स्थान पर चली गई। शोभायात्रा को लेकर प्रशासन की ओर से कड़ी सुरक्षा व्यवस्था की गई थी। शहर के विभिन्न स्थानों के साथ-साथ अंसार नगर स्थित मस्जिद और कब्रिस्तान के समीप भारी सुरक्षा बल और सैफ के जवान तैनात किए गए थे। इसके साथ-साथ कई स्थानों पर बांस की बैरिकेडिंग भी की गई थी, ताकि किसी भी प्रकार की दुर्घटनाओं से बचा जा सके। जिलाधिकारी रवि प्रकाश और पुलिस अधीक्षक अभिनव धीमान स्वयं पुरानी रजौली बस स्टैंड के समीप अधिकारियों के साथ कैंप कर रहे थे। पूरे जिले भर के पदाधिकारी, सभी थाना अध्यक्षों, 7 डीएसपी और कई इंस्पेक्टर को सुरक्षा कार्य के लिए लगाया गया था। शोभायात्रा में प्रभु श्री राम सीता और लक्ष्मण के रूप में बने कई झांकियां लोगों के लिए आकर्षण का केंद्र बनी रही। जबकि भदौनी और पार नवादा तेली टोला से निकाले गए प्रभु श्री राम की भव्य प्रतिमा लोगों को काफी आकर्षित कर रही थी। मातृशक्ति, दुर्गा वाहिनी की सबसे अधिक महिलाएं एक झुंड में जय श्री राम का नारा लगाते हुए मस्तानगंज तक पीले वस्त्र में पहुंची। सभी लोग उत्साह के साथ शोभायात्रा में शामिल हुए। डीजे पर प्रतिबंध के बाद रोशनी और लाउडस्पीकर के सहारे भगवान श्री राम का भजन किया जा रहा था । लोग जय श्री राम के नारे लगाए रहे थे। इस शोभायात्रा में विभिन्न दलों के नेता के साथ-साथ सामाजिक सांप्रदायिक सौहार्द बनाए रखने वाले कई मुस्लिम समुदाय के नेता भी साथ-साथ देखे गए।

# नामांकन लेने पहुंचें बच्चों का हुआ भव्य स्वागत

## विद्यालयों में चलाया जा रहा नामांकन अभियान, तिलक लगाकर बच्चों का किया जा रहा स्वागत

नवबिहार टाइम्स संवाददाता




**पकरीबरावां।** प्रखण्ड के विभिन्न विद्यालयों में नामांकन लेने वाले बच्चों का अलग- अलग तरीके से स्वागत किया जा रहा है। कहीं बच्चों पर पुष्पवर्षा कर तो कहीं गुलाब का फूल देकर। कहीं मिठाई खिलाकर तो कहीं फूलों का माला पहनाकर उनका अभिनंदन किया जा रहा है। कहीं- कहीं तिलक लगाकर एवं आरती उतारकर नए बच्चों का गर्मजोशी के साथ स्वागत किया जा रहा है। इसी परिप्रेक्ष्य में मंगलवार को उत्क्रमित मध्य विद्यालय रेवार (पश्चिमी) प्रखंड पकरीबरवां में प्रधानाध्यापक महेंद्र प्रसाद सिंह, शिक्षक संतोष कुमार, प्रहलाद कुमार सहित अन्य के द्वारा नामांकन अभियान चलाया जा रहा है। शिक्षकों के द्वारा पोषक क्षेत्रों में घूम-घूम कर अनामांकित बच्चों को विद्यालय में नामांकन करवाने के लिए अभिभावकों को जागरूक करने का कार्य किया जा रहा है। प्रधानाध्यापक ने बताया कि अभियान चलाने के परिणामस्वरूप मंगलवार को तीन बच्चों सुगंधा कुमारी का वर्ग तृतीय, मुस्कान कुमारी एवं लक्ष्मी कुमारी का वर्ग द्वितीय में नामांकन हुआ। नामांकित बच्चों का स्वागत वर्ग शिक्षिका उजाला कुमारी एवं शोभा कुमारी के द्वारा आरती उतारकर एवं फूलों की माला पहनाकर किया गया। आदर्श मध्य विद्यालय डुमरी में प्रभारी प्रधानाध्यापक पुरूषोत्तम कुमार के नेतृत्व में नामांकन अभियान चलाया गया। प्रधानाध्यापक ने बच्चों एवं शिक्षकों के साथ पोषक क्षेत्र में घूमकर बच्चों को नामांकन के लिए प्रेरित किया।

# विश्वविद्यालय स्वस्थ तथा तनाव मुक्त बनाने के लिए कृतसंकल्पित : कुलपति

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**मोतिहारी।** विश्व स्वास्थ्य दिवस के अवसर पर महात्मा गांधी केंद्रीय विश्वविद्यालय के सेहत केंद्र द्वारा एक विशेष व्याख्यान का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य संरक्षक और अध्यक्ष कुलपति प्रो. संजय श्रीवास्तव थे। इस मौके पर उन्होंने कहा कि भारत सरकार और कई राज्य सरकारें स्वास्थ्य संबंधी गतिविधियों पर विशेष ध्यान दे रही हैं। कुलपति ने सेहत केंद्र की जागरूकता पहल की सराहना करते हुए कहा कि विश्वविद्यालय स्वस्थ और तनावमुक्त परिसर बनाने के लिए प्रतिबद्ध है। कार्यक्रम के विशिष्ट वक्ता डॉ. राजेश कुमार श्रीवास्तव (होम्योपैथ फिजिशियन) ने विश्व स्वास्थ्य दिवस के उद्देश्यों और प्रयासों पर विस्तृत प्रकाश डाला। उन्होंने कहा, ल्लजो व्यक्ति आध्यात्मिक, मानसिक, सामाजिक और शारीरिक रूप से पूर्ण स्वस्थ है, वही सही मायने में स्वस्थ कहलाता है।ङ्क अपने व्याख्यान में उन्होंने स्वास्थ्य के विभिन्न पहलुओं और उपायों पर चर्चा की, खासकर महिलाओं और शिशुओं के स्वास्थ्य पर जोर दिया। डॉ. श्रीवास्तव ने बताया कि 2025 के विश्व स्वास्थ्य दिवस की थीम 'स्वस्थ शुरुआत, आशापूर्ण भविष्य' महिलाओं और बच्चों के स्वास्थ्य पर केंद्रित है। उन्होंने चिंता जताते हुए कहा कि वैश्विक स्तर पर हर साल लगभग 3 लाख महिलाओं की मृत्यु प्रसव के दौरान होती है, जो एक गंभीर समस्या है। इसके निवारण के लिए प्राथमिक स्तर पर जागरूकता अभियान जरूरी है। उन्होंने यह भी बताया कि लगभग 20 लाख बच्चे जन्म के पहले महीने में और इतने ही जन्म से पहले मृत्यु का शिकार हो जाते हैं। डॉ. श्रीवास्तव ने संतुलित जीवनशैली अपनाने की आवश्यकता पर बल दिया और कहा कि भागदौड़ भरी जिंदगी में असंतुलन वैश्विक चुनौती बन गया है। कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के जनसंपर्क प्रकोष्ठ के समन्वयक व हिन्दी विभाग के सहायक आचार्य डॉ. श्याम नंदन, सहायक आचार्या डॉ. गरिमा तिवारी और कुलपति के विशेष कार्याधिकारी डॉ. पाथलोथ ओंकार मौजूद रहे। विभिन्न विभागों के शोधार्थियों और छात्रों ने न केवल श्रोता के रूप में भाग लिया, बल्कि गंभीर सवालों के जरिए अपनी जिज्ञासा भी व्यक्त की। कार्यक्रम का संचालन सेहत केंद्र के समन्वयक डॉ. बबलू पाल ने किया, जबकि धन्यवाद ज्ञापन सह समन्वयक व हिन्दी विभाग के सहायक आचार्य डॉ. गोविंद प्रसाद वर्मा ने किया। कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान के साथ हुआ।

# विकास पथ में परिवर्तन के एक नए युग की हुई शुरुआत : राधामोहन

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**मोतिहारी।** आज भाजपा द्वारा गोविंदगंज विधानसभा के सक्रिय सदस्य सम्मेलन का आयोजन किया गया। सम्मेलन को संबोधित करते हुए सांसद पूर्व केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री राधामोहन सिंह ने कहा कि देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व वाली एनडीए सरकार का तीसरा कार्यकाल राष्ट्र की राजनीति और विकास पथ में परिवर्तन के एक नए युग की शुरुआत कर रहा है। उन्होंने कहा कि एक राष्ट्र एक चुनाव विधेयक, वक्फ संशोधन विधेयक, एक राष्ट्र एक सब्सक्रिप्शन, आयकर छूट सीमा को बढ़ाकर 12 लाख रुपये करने से करदाताओं को राहत जैसे कई निर्णय राजनीतिक और सामाजिक विमर्श की गतिशीलता को बदलने की क्षमता रखते हैंद्य श्री सिंह ने कहा कि हरियाणा, महाराष्ट्र और दिल्ली में एनडीए की निर्णायक जीत ने पुनः स्थापित कर दिया है कि भारतीय मतदाता नकारात्मक एवं भ्रम फैलाने वाले को स्वीकार नहीं करेगा। उत्तराखंड, हरियाणा, गुजरात, छत्तीसगढ़ स्थानीय निकाय चुनावों में भाजपा की प्रचंड जीत ने साबित किया है कि लोगों की पहली प्राथमिकता विकास ही हैद्य सम्मेलन में भाजपा जिलाध्यक्ष पवन राज, गोविंदगंज विधायक सुनील मणि तिवारी सहित बड़ी संख्या में विधानसभा क्षेत्र के सक्रिय कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# जिलाधिकारी ने आदर्श राजकीय मध्य विद्यालय, ऊंटा तथा आंगनबाड़ी केंद्र का किया औचक निरीक्षण

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**जहानाबाद।** जहानाबाद की जिला पदाधिकारी अलंकृता पाण्डेय द्वारा मंगलवार को जहानाबाद नगर परिषद क्षेत्र अंतर्गत आदर्श राजकीय मध्य विद्यालय, ऊंटा, तथा आंगनबाड़ी केंद्र, ऊंटा केन्द्र संख्या 138 का औचक निरीक्षण किया गया। आदर्श राजकीय मध्य विद्यालय, ऊंटा, के औचक निरीक्षण के क्रम में पाया गया उपस्थिती पंजी में बच्चों की संख्या एवं प्रधानाध्यापक द्वारा प्रतिवेदित मध्याह्न भोजन योजना में लगभग 100 से अधिक का अंतर था। निरीक्षण में मध्याह्न भोजन मेन्यू के अनुसार तैयार पाया गया,परन्तु भोजन में सोयाबीन की कमी पाई गई। मध्याह्न भोजन की गुणवत्ता संतोषजनक नहीं पाया गया। निरीक्षण में शौचालय की स्थिति अत्यंत ही खराब पाई गई, जो उपयोग लायक नहीं थी, जिसे अविलंब ठीक कराने एवं उपयोगी बनाने का निर्देश जिलाधिकारी द्वारा प्रध्यापक को दिया गया। निरीक्षण में प्राध्यापक द्वारा बताया गया कि तीन शिक्षक अवकाश पर हैं, शेष द्वारा बायोमेट्रिक उपस्थिति दर्ज की जा रही है। निरीक्षण में पाया गया कि विद्यालय का मैदान में लगभग 6 फीट गढ्ढा है, जिसमें बच्चों के गिरने की भी संभावना हो सकती है, जिसे अविलंब ठीक कराने का निर्देश जिलाधिकारी द्वारा दिया गया। विद्यालय के किचन का शेड में साफ सफाई का अभाव पाया गया, जिसे भी साफ-सफाई कराने का निर्देश दिया गया। इस विद्यालय कि पूरी अव्यवस्था पर नाराजगी जताते हुए जिला पदाधिकारी ने जिला शिक्षा पदाधिकारी को स्पष्टीकरण करते हुए प्राध्यापक के विरुद्ध कार्रवाई करने का निर्देश दिया। जिला पदाधिकारी द्वारा आंगनबाड़ी केंद्र, ऊंटा केन्द्र संख्या 138 के निरीक्षण में पाया गया कि आंगनबाड़ी में बच्चे अंधेरे कमरे में बैठे हुए थे, जिसमें ना तो बिजली की रोशनी थी और ना ही पंखा का कनेक्शन था, जो बच्चों के स्वास्थ्य के लिए बिल्कुल ही प्रतिकूल परिवेश कहे जा सकते हैं। निरीक्षण में स्टॉक पंजी का जांच किया गया, जो नियमित रूप से संधारित नहीं पाया गया, जिस पर जिलाधिकारी ने नाराजगी व्यक्त किया। आंगनबाड़ी केंद्र पर भी शौचालय की स्थिति दयनीय स्थिति में पाया गया। साथ ही कमरें में साफ-सफाई का अभाव पाया गया। निरीक्षण में यह भी देखा गया कि आंगनबाड़ी केंद्र पर बच्चों के अध्ययन सामग्री तथा खेल सामग्री संतोषजनक नहीं था, जिसके लिए भी जिलाधिकारी द्वारा असंतोष व्यक्त किया गया। इस केन्द्र पर फैले अव्यवस्था को लेकर जिला प्रोग्राम पदाधिकारी, आईसीडीएस को स्पष्टीकरण करते हुए जिलाधिकारी द्वारा कार्रवाई करने का निर्देश दिया।

# एईएस-जेई से बच्चों को बचाने के लिए आशा संजू कुमारी की मुहिम

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**मोतिहारी।** स्वास्थ्य विभाग एईएस (एक्यूट इंसेफ़ेलाइटिस सिंड्रोम) और जेई (जापानी इंसेफ़ेलाइटिस) से प्रभावित प्रखंडों में बच्चों की सुरक्षा को लेकर बेहद गंभीर है। इसके तहत आशा कार्यकर्ता संजू कुमारी महादलित टोलों में घर-घर जाकर और चौपाल लगाकर लोगों को जागरूक कर रही हैं। उनका लक्ष्य है कि चमकी बुखार के मामलों में बढ़ोतरी न हो और बच्चे इस खतरे से सुरक्षित रहें। संजू कुमारी रोजाना 40 से अधिक घरों में जाकर शाम को चौपाल आयोजित करती हैं। इस दौरान वे महिलाओं, बुजुर्गों और बच्चों को लीफलेट बांटकर एईएस और जेई के लक्षण, बचाव और उपचार के बारे में विस्तार से बताती हैं। वे बच्चों को कड़ी धूप में बाहर न निकलने, कच्चे या अधपके फल न खाने, रात में खाली पेट न सोने और हल्का मीठा खाने की सलाह देती हैं। इसके अलावा, वे अभिभावकों से कहती हैं कि अगर किसी बच्चे को बुखार हो तो तुरंत उनसे संपर्क करें, ताकि इलाज में देरी न हो। आदापुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के अंतर्गत नवसृजित प्राथमिक विद्यालय गम्हरिया खुर्द (अनुसूचित जाति टोला) में संजू कुमारी ने शिक्षकों की मौजूदगी में बच्चों को चमकी बुखार से बचाव की जानकारी दी। इस दौरान शिक्षकों से भी सहयोग मांगा गया ताकि स्कूली बच्चे इस बीमारी के प्रति सचेत रहें। संजू ने बताया कि वे अपने पास ओआरएस और पैरासिटामोल रखती हैं और जरूरतमंदों में इसका वितरण भी करती हैं।

# एएनएस कॉलेज में क्विज प्रतियोगिता का आयोजन

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो




**जहानाबाद।** जहानाबाद स्थित एएनएस महाविद्यालय में सामान्य ज्ञान विषय पर आधारित क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। मंगलवार को महाविद्यालय के सभागार में आयोजित इस प्रतियोगिता में विभिन्न संकायों के छात्र - छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम का उद्देश्य छात्रों में सामान्य ज्ञान और समकालीन घटना क्रम आदि के प्रति रुचि बढ़ाना था। प्रतियोगिता में इतिहास, स्वच्छता, देश, राज्य और जिला आदि विषयों से संबंधित रोचक प्रश्न पूछे गए। छात्रों ने इसमें बढ़-चढ़कर भाग लेकर अपने ज्ञान और समझ का शानदार प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता प्राचार्य डॉ ओमप्रकाश सिंह के मार्गदर्शन में प्रो0 अरविन्द कुमार सिंह, प्रो0 डॉ अमित कुमार सिंह, डॉ विनोद कौशिक उपाध्याय, प्रो0 रिंकू सिंह, प्रो0 फातिमा, डॉ रंगनाथ द्विवेदी ने छात्रों को ऐसे आयोजनों में सक्रिय भागीदारी के लिए प्रोत्साहित किया। सफल छात्रों को पुरस्कार एवं प्रमाणपत्र बुधवार को कॉलेज के संस्थापक सचिव स्व0 श्याम नारायण सिंह के पुण्य तिथि पर प्रदान किया जाएगा। इस प्रतियोगिता में शामिल होने वाले सभा प्रतिभागियों को सहभागिता प्रमाणपत्र भी दिया जाएगा। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ ओम प्रकाश सिंह ने क्विज प्रतियोगिता के सफल संचालन के लिए शिक्षकों को उनके सहयोग के लिए धन्यवाद देते हुए कहा कि यह कार्यक्रम आप सभी की सक्रिय सहभागिता से ही सफलतापूर्वक संपन्न हुई। उन्होंने प्रतिभागियों को भी अपनी ओर से शुभकामनाएं देते हुए कहा कि ऐसे कार्यक्रम में सहभागिता से न केवल छात्रों के बौद्धिक विकास में वृद्धि होती है, बल्कि इससे छात्रों में आत्मविश्वास और प्रतिस्पर्धा की भावना भी उत्पन्न होता है।

# बुखार/मस्तिष्क ज्वर को लेकर आंगनबाड़ी सेविकाओं को दिया गया प्रशिक्षण

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**तुरकौलिया (पूर्वी चम्पारण)।** प्रखंड परिसर स्थित सभागार भवन में चमकी बुखार/मस्तिष्क ज्वर को लेकर सोमवार को प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया। जहां बीसीएम विमलेंदु शेखर, यूनिसेफ के रमाकांत प्रसाद, आईसीडीएस बीसी मृगांक राज, एलएस किशोरी कुमारी व मंजू कुमारी द्वारा करीब पांचदर्जन आंगनबाड़ी सेविकाओं को प्रशिक्षित किया गया। प्रशिक्षण के दौरान चमकी बुखार से बचाव का उपाय बताया गया।

प्रशिक्षकों ने बताया कि रात में बच्चे को खाली पेट नही सुलाना है। खाना खिलाने के बाद कुछ मीठा सामान भी खिलाना है। क्योंकि चमकी बुखार होने पर शुगर लेवल गिर जाता है। रात में उठकर बच्चों को देखना है कि कहीं बच्चा बुखार के कारण बेहोश तो नही हो गया है। बुखार आने पर ताजा पानी से कपड़ा गिला करके बदन को पोछना है और पारासिटामोल का टेबलेट देना है। धूप में बच्चों को नही जाने देना है। पेड़ से गिरे या जुठा फल बच्चे को नही खिलाना है। इन सभी बातों का ख्याल रखना है।

चमकी बुखार का लक्षण दिखने पर अस्पताल आने के लिए एंबुलेंस या मुख्यमंत्री परिवहन योजना का सहारा लेना है या किराए पर गाड़ी लेकर बच्चा को तुरंत अस्पताल लाना है। चमकी बुखार साबित होने पर किराया दे दिया जाएगा। जेई/एईएस को लेकर अस्पताल में दो बेड का एसी वार्ड बनाया गया है। जहां 24 घंटे डॉक्टर व नर्स की व्यवस्था की गई है। साथ यह भी बताया गया कि बच्चों को धूप में नहीं घूमने देना हैद्य शिविर में प्रभा कुमारी, उमा देवी, नुरनेशा, गीता देवी, किसमति देवी, सुनिता देवी, मारोछो देवी, विद्यावती देवी, मधू देवी, चंदा देवी, रिता देवी आदि सेविका मौजूद थे।

# बकायेदार एक सप्ताह के अंदर किराया नहीं चुकायंगे तो उनका एकरारनामा करें रद्द : जिप अध्यक्ष

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**मोतिहारी।** जिला परिषदीय महात्मा गांधी सभा भवन में जीप अध्यक्ष ममता राय की अध्यक्षता में सामान्य बैठक सम्पन्न हुई। अध्यक्ष श्रीमती राय ने बैठक में अनुपस्थित पदाधिकारियों एवं अनुपालन प्रतिवेदन नही उपलब्ध कराने वाले पदाधिकारियो से कारण पृच्छा करने का निदेश देते हुए कहा कि संबंधित पदाधिकारियो एवं विभागो के विरूद्ध कार्रवाई हेतु उनके मूल विभाग को सूचित करने का निर्णय हुआ।जिला परिषद् के दुकान आवंटियो के यहा किराया बाकी है उन्हे शीघ्र जमा कराने तथा जिनका एकरारनामा नही हुआ है उन्हे शीध्र कार्यालय में सम्पर्क कर एकरारनामा कराने हेतु सख्त हिदायत दियाद्य साथ ही अगर बकायादार बकाया नही चुकाते है तथा एकरारनामा नही करते है तो उनके आवंटन को एक सप्ताह में रद्द करने का निदेश मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी जिला परिषद को दिया गया। श्रीमती राय द्वारा पशुपालन, बिजली, समेकित बाल विकास परियोजना एवं आयुष्यमान योजना को जनता के जरूरत के अनुरूप कार्य करने का निदेश दिया गया साथ ही अग्निशामक विभाग को एलर्ट रहने का निदेश दिया गया। श्रीमती राय द्वारा जिले में चल रहे स्वास्थ्य विभाग एवं शिक्षा विभाग के जॉच के संबंध में कड़ी फटकार लगाते हुए बताया गया कि जॉच में कौन-कौन से सदस्य शामिल है सूचीं उपलब्ध कराते हुए निदेश दिया गया कि जॉच दल में संबंधित मा0 जिला परिषद्, सदस्यो मा0 प्रमुख एवं स्थानीय मुखिया को भी शामिल करने का निदेश दिया गया।श्रीमती राय द्वारा स्थानीय जनप्रतिनिधियो को उनके गरीमा के अनुकूल सम्मान देने का निदेश पदाधिकारियो को दिया गया साथ वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए सर्व सम्मति से बजट पारित करते हुए हर्ष के साथ बताया गया कि इस बार पांच करोड़ उन्नीस लाख के मुनाफ़े का बजट है जो जिला परिषद् के लिए एक बड़ी उपलब्धि है। मौके पर जीप उपाध्यक्ष गीता देवी, विद्यायक ई. राणा रणधीर सिंह, अध्यक्ष, लोक कार्य समिति, जिला परिषद्, दिलीप कुमार, सुनिता देवी, तेजनारायण प्रसाद, उमरावती देवी, रूबी देवी, मनोज मुखिया, पंकज द्विवेदी, सुनैना देवी, आभा कुमारी, जितेन्द्र प्रसाद, मुन्नी देवी, कृष्णा दास, रिंकी कुमारी, निर्माला देवी, अनिता देवी, निर्जला देवी, मनोज कु0 सहनी, अभय कु0 गुप्ता, संतोष कुमार सिंह, शहनाज बेगम, सोनालाल साह, श्रवण यादव, लालबाबू प्र0 यादव, शाहजहां खातुन, दिलीप कुमार, आभा देवी, मो. नशीम अख्तर, राकेश पासवान, किरण कुशवाहा, अकबरी खातुन, परमानन्द पटेल, शिव कुमार चौधरी, मा0 प्रमुख पीपराकोठी, प्रमुख बंजरिया, प्रखंड प्रमुख केसरिया, प्रखंड प्रमुख ढ़ाका, प्रखंड प्रमुख पकड़ीदयाल, प्रखंड प्रमुख पताही, प्रखंड प्रमुख मधुबन, प्रखंड प्रमुख छौड़ादानो, उप विकास आयुक्त-सह- मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी शम्भू शरण पाण्डेय,अपर मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी राजेन्द्र राम, जिला अभियंता, जिला परिषद एवं निदेशक जिला ग्रामीण विकास अभिकरण, सिविल सर्जन, विद्युत, शिक्षा, पथ निमार्ण एवं ग्रामीण कार्य विभाग, पीएचईडी, अगनिशामक पदाधिकारी के साथ विभीन्न विभागों के पदाधिकारीगण उपस्थित रहें।

# नए प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी ने किया पदभार ग्रहण

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**मखदुमपुर (जहानाबाद)।** जहानाबाद जिले के मखदुमपुर प्रखंड के बीआरसी भवन में मंगलवार को नए प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी(बीईओ) ने अपना पदभार संभाला। मौके पर कार्यालय के सभी कर्मियों ने नए प्रखण्ड शिक्षा पदाधिकारी नरेन्द्र शर्मा का गर्मजोशी से स्वागत किया। इस मौके पर प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी ने सभी कर्मियों का अभिवादन स्वीकार करने के बाद पदभार ग्रहण किया। बाद में उन्होंने आदर्श राजकीयकृत मध्य विद्यालय सागरपुर का भ्रमण किया। जहां प्रधानाध्यापक धर्मेन्द्र कुमार एवं अन्य शिक्षक शिक्षिकाएं तथा छात्र-छात्राओं द्वारा उनका स्वागत किया गया। मौके पर विद्यालय परिसर में स्थित श्री कृष्ण मेमोरियल मंच पर बिहार के प्रथम मुख्यमंत्री डॉ श्रीकृष्ण सिंह की प्रतिमा पर बीइओ द्वारा माल्यार्पण एवं पुष्पांजलि अर्पित किया गया। प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी ने नए सत्र 2025-26 के लिए बच्चों के बीच पुस्तकों के वितरण का शुभारंभ इसी विद्यालय से प्रारंभ किया। मौके पर उन्होंने छात्रों एवं शिक्षकों को संबोधित किया और कहा कि आप लोग राष्ट्र निर्माता हैं। आप सभी से हमेशा समाज को अपेक्षा होती है कि आप अच्छा काम करें। इस दौरान छात्रों को उन्होंने विशेष रूप से स्नेह प्रदान करते हुए उनका हौसला अफजाई किया।

# सुरक्षा प्रहरी एवं सुरक्षा सुपरवाईजर हेतु भर्त्ती कैम्प का होगा आयोजन

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**जहानाबाद।** जिला पदाधिकारी अलंकृता पाण्डेय के निर्देश पर श्रम संसाधन विभाग एवं जिला नियोजनालय, जहानाबाद के नेतृत्व में फोर्स नाइन सिक्यूरिटी एंड कंसल्टेंसी सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड के द्वारा सुरक्षा प्रहरी एवं सुपरवाईज़र के पद हेतु रिक्तियां प्रखंडवार भर्त्ती कैम्प का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें 11 अप्रैल को मोदनगंज प्रखंड परिसर में, 12 अप्रैल को मखदुमपुर प्रखंड परिसर में, 16 अप्रैल को काको प्रखंड परिसर में, 17 अप्रैल को जहानाबाद सदर प्रखंड परिसर में, 21 अप्रैल को रतनी फरीदपुर प्रखंड परिसर में तथा 22 अप्रैल, 2025 को हुलासगंज प्रखंड परिसर में भर्त्ती कैम्प का आयोजन किया जाएगा।

भर्त्ती कैम्प में आवेदकों का चयन फोर्स नाइन सिक्यूरिटी एंड कंसल्टेंसी सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड के मापदण्ड के अनुसार की जाएगी, जिसमें चयनित अभ्यर्थियों को तीन दिन का प्रशिक्षण एवं किट/सामग्री दी जाएगी, जिसका शुल्क अभ्यर्थियों को वहन करना होगा। जिला नियोजनालय के द्वारा यहां स्पष्ट किया गया कि जिला नियोजन कार्यालय निजी नियोजक एवं अभ्यर्थियों के बीच मात्र समन्वय एवं सहयोग की भूमिका निर्वहन करती है।

# ई श्रम कार्ड से जुड़कर असंगठित क्षेत्र के श्रमिक संवार सकते हैं अपनी जिंदगी

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**जहानाबाद।** भारत सरकारी द्वारा श्रमिकों के कल्याण के लिए चलाए जा रहे ई-श्रम कार्ड योजना असंगठित क्षेत्र में काम करने वाले कामगारों के लिए वरदान साबित हो रहा है। केंद्र सरकार द्वारा जारी किए गए ई- श्रम कार्ड योजना का उद्देश्य असंगठित क्षेत्र के श्रमिकों का एक राष्ट्रीय डेटाबेस तैयार करना है। इस योजना के तहत, श्रमिकों को एक विशिष्ट पहचान संख्या (यूएएन) प्रदान की जाती है, जिससे उन्हें विभिन्न सामाजिक सुरक्षा योजनाओं का लाभ मिल सकता है।बिहार में असंगठित क्षेत्र के श्रमिक ई-श्रम पोर्टल के माध्यम से अपना पंजीकरण करवा सकते हैं। यह पोर्टल श्रम संसाधन विभाग, बिहार सरकार द्वारा संचालित किया जाता है। इस योजना का लाभ प्राप्त करने तथा पंजीकरण के लिए श्रमिकों को अपने आधार कार्ड, बैंक खाता विवरण, और मोबाइल नंबर की आवश्यकता होती है। ई-श्रम कार्ड धारकों को भविष्य में सरकार द्वारा चलाई जाने वाली विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं का सीधा लाभ मिलेगा। ई-श्रम कार्ड एक 12 अंकों की यूनिक संख्या वाला एक कार्ड है जो असंगठित क्षेत्र के श्रमिकों के लिए जारी की जाती है।

इस कार्ड के लिए असंगठित क्षेत्र में काम करने वाले सभी लोग पात्र हैं, जैसे- निर्माण कार्य करने वाले श्रमिक जिनमें राजमिस्त्री और मज़दूर शामिल हैं।घरेलू कामगार,रेहड़ी/ पटरी वाले, रिक्शा/ठेला चालक, खेतिहर मज़दूर, प्रवासी श्रमिक, आशा कार्यकर्ता, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता, मनरेगा मज़दूर, मछुआरे, बीड़ी मज़दूर, चमड़ा उद्योग मज़दूर आदि शामिल हैं। इस योजना का लाभ लेने के लिए लाभुक का उम्र 16 से 59 वर्ष के बीच होनी चाहिए, साथ ही लाभुक को ईपीएफओ या ईएसआईसी का सदस्य नहीं होना चाहिए।

**ई-श्रम कार्ड के लाभः**

1. दुर्घटना बीमाः- प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना के तहत 2 लाख तक का बीमा मुफ्त में मिलेगा। जिसमें दुर्घटना में मृत्यु या पूर्ण विकलांगता पर 2 लाख और आंशिक विकलांगता पर 1 लाख का लाभ दिया जाएगा।
2. सरकारी योजनाओं का लाभः- उज्ज्वला योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना, जनधन योजना, फ्री राशन जैसी कई योजनाओं का सीधा लाभ मिलेगा।
3. रोज़गार के अवसरः- सरकार इस डेटाबेस के माध्यम से कामगारों को उनकी योग्यता और अनुभव के अनुसार रोज़गार उपलब्ध कराने की योजना बना रही है।
4. भविष्य में पेंशन योजनाओं से जुड़ावः- जैसे कि प्रधानमंत्री श्रम योगी मानधन योजना (3000 प्रतिमाह पेंशन योजना)।

## एक नजर

### नगर क्षेत्र में खुलेगा आम्रपाली प्रशिक्षण केन्द्र

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**मोतिहारी।** कला संस्कृति एवं युवा विभाग, बिहार पटना के द्वारा पूर्वी चम्पारण, मोतिहारी में आम्रपाली प्रशिक्षण केन्द्र खोलने हेतु 3000 (तीन हजार) वर्गफीट का मकान 20/-रु0 प्रति वर्गफीट की दर से 60000/- (साठ हजार) रु0 प्रतिमाह की दर से किराये का मकान का चयन कर प्रतिवेदन की मांग की गई हैद्य इस संबंध में जिलाधिकारी,पूर्वी चंपारण के द्वारा जिला सामान्य शाखा प्रभारी पदाधिकारी को जरूरी निर्देश दिया गया है। जिला सामान्य शाखा प्रभारी के द्वारा बताया गया है कि इच्छुक व्यक्ति उक्त शर्त के आलोक में जिला सामान्य शाखा में आवेदन दे सकते हैं।

### 9 से 2 बजे तक आज विद्युत आपूर्ति रहेगी बाधित

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**चकिया (पूर्वी चम्पारण)।** शहर व ग्रामीण क्षेत्रों में मेंटेनेंस कार्य को लेकर बुधवार को विद्युत आपूर्ति बाधित रहेगी। उक्त जानकारी कनीय अभियंता बालमुकुंद कुमार ने दी। उन्होंने बताया कि 33 केवी के विद्युत तारों से सटे पेड़ो के डालियों की कटाई तथा विद्युत मेंटनेंस को लेकर उस फीडर में सुबह 9 से दोपहर 2 बजे तक विद्युत आपूर्ति बाधित रहेगी। जिससे प्रशाखा चकिया अंतर्गत भी विद्युत आपूर्ति बाधित रहेगी। कार्य निष्पादन के बाद विद्युत आपूर्ति पुनः बहाल कर दी जाएगी।

### सड़क दुर्घटना में युवक की मौत

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**चकिया (पूर्वी चम्पारण)।** थाना क्षेत्र अंतर्गत बाराघाट पुल के पूर्वी छोर के समीप बीती रात टेंपो व बाइक की टक्कर में बाइक सवार दो लोगों में एक युवक की मौत हो गई। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार बाइक पर सवार दो लोग मधुबन से चकिया की तरफ आ रहे थे जबकि टेंपो चकिया से मधुबन के तरफ जा रही थी तभी उक्त स्थान पर दोनों में जोरदार टक्कर हो गई। जिसमें बाइक सवार मधुबन थाना क्षेत्र के भंगरूआ गांव निवासी नवल किशोर यादव के पुत्र अमरेंद्र कुमार की इलाज के दौरान मौत हो गई। जबकि दूसरे का इलाज निजी अस्पताल में चल रहा है। वहीं टेंपो चालक घटनास्थल पर टेंपो छोड़ फरार हो गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने टेंपो को जब्त कर व बाइक को सुरक्षा में लेकर थाना लाई। साथ ही शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए मोतिहारी भेज दिया।

### भाजपा मंडल कार्यसमिति के सदस्यों की घोषणा, चंदन पटेल बने महामंत्री

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**चिरैया (पूर्वी चंपारण)।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की चिरैया पूर्वी मंडल कार्यसमिति की एक बैठक प्रखंड क्षेत्र के मधुबनी कला गांव स्थित मंडल कार्यालय में आयोजित हुई। बैठक की अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष अरविंद कुमार सिंह ने की। इस दौरान उन्होंने नई मंडल कार्यसमिति के सदस्यों के नामों की घोषणा की। अरविंद कुमार सिंह ने बताया कि चंदन पटेल और विजय कुमार को महामंत्री की जिम्मेदारी सौंपी गई है। वहीं, उपाध्यक्ष पद के लिए जलंधर कुशवाहा, मुकेश कुमार, राजकुमार, पूनम देवी, मनोज कुमार शर्मा और सत्येंद्र सिंह का चयन किया गया। मंत्री पद की जिम्मेदारी छट्टू ठाकुर, नवल किशोर कुशवाहा, राकेश कुशवाहा, सुबोध सिंह, रामा कुमार और रितेश रंजन कुमार को दी गई। इसके अलावा, राजेश गुप्ता को कोषाध्यक्ष और प्रिंस कुमार सिंह को कार्यालय मंत्री नियुक्त किया गया है। बैठक में भाजपा के कई नेता और कार्यकर्ता बड़ी संख्या में मौजूद रहे। नई कार्यसमिति के गठन से संगठन को मजबूती मिलने की उम्मीद जताई जा रही है।

### शहर की दो प्रमुख सड़कों के निर्माण को मिली मंजूरी

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**रक्सौल (पूर्वी चंपारण)।** रक्सौल शहर की जर्जर हो चुकी दो प्रमुख सड़कों, बैंक रोड और मछली बाजार सह फल मंडी रोड के निर्माण को लेकर बड़ी खबर सामने आई है। स्थानीय विधायक प्रमोद सिन्हा ने सोशल मीडिया के जरिए यह जानकारी साझा की है कि इन सड़कों के निर्माण को मंजूरी मिल गई है। इस घोषणा के बाद शहरवासियों में विकास को लेकर एक बार फिर उम्मीद जगी है। विधायक प्रमोद सिन्हा ने बताया कि मुख्यमंत्री समग्र शहरी विकास योजना की समीक्षात्मक बैठक में उन्होंने इन दोनों खस्ताहाल सड़कों के निर्माण की मांग उठाई थी। इस पर पूर्वी चंपारण के जिलाधिकारी ने उन्हें आश्वासन दिया कि बैंक रोड और मछली बाजार रोड के निर्माण के लिए प्राक्कलन तैयार हो चुका है। उन्होंने कहा कि इसी माह की 25 तारीख को इसके लिए टेंडर भी जारी कर दिया जाएगा। शहर की इन प्रमुख सड़कों की बदहाल स्थिति लंबे समय से लोगों के लिए परेशानी का सबब बनी हुई थी। अब निर्माण कार्य को मंजूरी मिलने से न केवल आवागमन सुगम होगा, बल्कि शहर के समग्र विकास को भी बढ़ावा मिलेगा। स्थानीय लोगों ने इस पहल का स्वागत किया है और इसे रक्सौल के लिए एक सकारात्मक कदम बताया है।

### डॉ. एसके सिन्हा महिला महाविद्यालय में परीक्षा शांतिपूर्वक सम्पन्न

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**मोतिहारी।** बी.आर.ए. बिहार विश्वविद्यालय, मुजफ्फरपुर के तत्वावधान में स्नातक (सी.बी.सी.एस.) तृतीय सत्रार्ध, सत्र 2023-27 की परीक्षा 3 अप्रैल, 2025 से शुरू हुई है। मंगलवार, 8 अप्रैल, 2025 को परीक्षा के चौथे दिन डॉ. श्री कृष्ण सिन्हा महिला महाविद्यालय, मोतिहारी में दोनों पालियों में परीक्षा कदाचारमुक्त और शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुई। परीक्षा केंद्र पर प्रथम पाली में मेजर विषयों हिंदी, मनोविज्ञान, भौतिकी, सामाजिक विज्ञान और गणित की परीक्षा आयोजित की गई। इस पाली में कुल 880 परीक्षार्थी उपस्थित रहे। वहीं, द्वितीय पाली में जंतु-विज्ञान, इतिहास और संगीत विषयों की परीक्षा हुई, जिसमें 902 परीक्षार्थियों ने भाग लिया।महाविद्यालय की मीडिया प्रभारी कुमारी रंजना ने परीक्षा नियंत्रक डॉ. नीतू के हवाले से बताया कि परीक्षा प्रक्रिया पूरी तरह पारदर्शी और व्यवस्थित रही। किसी भी तरह की अनियमितता या अशांति की कोई शिकायत नहीं मिली। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय के दिशा-निर्देशों का कड़ाई से पालन करते हुए परीक्षा का संचालन किया गया। यह परीक्षा सत्र 2023-27 के तृतीय सत्रार्ध के छात्र-छात्राओं के लिए महत्वपूर्ण है, और इसे सुचारु रूप से संपन्न कराने के लिए महाविद्यालय प्रशासन पूरी तरह प्रतिबद्ध दिखा।

### चित्रलेखा शॉपिंग मॉल का भव्य उद्घाटन

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**मोतिहारी।** शहर के मीना बाजार में चित्रलेखा शॉपिंग मॉल की नई शाखा का शानदार उद्घाटन किया गया। इस मौके पर भोजपुरी सिनेमा की लोकप्रिय अभिनेत्री अक्षरा सिंह ने फीता काटकर मॉल का विधिवत शुभारंभ किया। बिहार में बेहतरीन कपड़ों की विविधता और किफायती कीमतों के लिए प्रसिद्ध चित्रलेखा शॉपिंग मॉल ने बेतिया के बाद अब मोतिहारी में भी अपनी सेवाएं शुरू की हैं। चित्रलेखा शॉपिंग मॉल उच्च गुणवत्ता, नवीनतम डिजाइनों और उचित दामों पर कपड़ों की व्यापक रेंज उपलब्ध कराने के लिए जाना जाता है। उद्घाटन के मौके पर ग्राहकों के लिए खास आकर्षण के तौर पर मॉल ने वीआईपी ट्रॉली लगेज की बंपर स्कीम भी पेश की, जिसने खरीदारी के उत्साह को दोगुना कर दिया। पहले ही दिन मॉल में भारी भीड़ उमड़ी और ग्राहकों में इसे लेकर जबरदस्त उत्साह देखा गया। मैनेजमेंट ने बताया कि चित्रलेखा शॉपिंग मॉल की अगली शाखा जल्द ही मुजफ्फरपुर में खोली जाएगी। इस नए मॉल के साथ ग्राहकों को और बेहतर खरीदारी का अनुभव देने की तैयारी की जा रही है।

### ढ़ाबे से बाल मजदूरी करते बच्चे को कराया मुक्त

**मखदुमपुर।** जहानाबाद जिले के टेहटा थाना क्षेत्र के एनएच- 22 किनारे गोखुल ढ़ाबे पर श्रम प्रवर्तन पदाधिकारी एवं टेहटा थाने की पुलिस ने छापेमारी कर दो बाल श्रमिकों को मुक्त कराया है। इस आशय को जानकारी देते हुए थाना अध्यक्ष आलोक कुमार ने बताया की श्रम प्रवर्तन पदाधिकारी को गुप्त सूचना मिली थी की गोखुल ढाबे पर छोटे छोटे बच्चों से मजदूरी का काम करवाया जा रहा है। जिसे लेकर उनके द्वारा निरीक्षण किया गया, निरीक्षण के दौरान दो छोटे-छोटे बच्चे काम करते दिखे जिनका रेस्क्यु किया गया।

# संवाद कार्यक्रम में महिलाओं को दी गई सरकारी योजनाओं की जानकारी




**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**समस्तीपुर।** शहर के जननायक कर्पूरी सभागार में मंगलवार क महिला संवाद कार्यक्रम के तहत एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। अतिथियों के स्वागत सम्मान की औपचारिकता के बाद मुख्य अतिथि निदेशक डीआरडीए, डीपीएम जीविका एवं डीपीओ मनरेगा ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर कार्यशाला का उद्घाटन किया। कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य जिले में 17 अप्रैल 2025 से आयोजित महिला संवाद कार्यक्रम का सुचारू रूप से क्रियान्वयन सुनिश्चित करना है। इस कार्यशाला में जीविका के जिला एवं प्रखंड के सभी कर्मियों ने भाग लिया। इस अवसर पर महिला संवाद कार्यक्रम की विस्तृत जानकारी देते हुए बताया गया कि कार्यक्रम के दौरान महिलाओं को सरकार की सभी योजनाओं की जानकारी दे कर इन योजनाओ से लाभान्वित महिलाओं द्वारा अनुभव साझा किया जाना है। महिला संवाद कार्यक्रम का आयोजन जीविका के सभी ग्राम संगठन स्तर पर होना है। जिसमें षमिस एपष के माध्यम से वे अपनी बातों को रख सकती है। इस दौरान मुख्य अतिथि ने महिलाओं के लिए सरकार द्वारा चलाए जा रहे हैं विभिन्न योजनाओं के बारे में बताते हुए साईकिल योजना, स्वयं सहायता समूह की उपलब्धियों आदि के बारें में जानकरी दी गयी। जीविका के राज्य परियोजना प्रबंधक सह जिला मेंटर ने बताया कि इससे महिलाओं को सरकार की योजनाओं के बारें में जानकारी मिलेगी जिससे वे लाभान्वित हो सकें। इस कार्यक्रम में जीविका के सभी विषयगत प्रबंधक एवं सभी कर्मी शामिल हुए।

# उत्तर कोयल नहर के पुलिया निर्माण कार्य में कंपनी पर उठे सवाल

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**अंबा।** उत्तर कोयल मुख्य नहर के रिमॉडलिंग के दौरान पुलिया में आई दरार के बाद निमार्ण कंपनी पर सवाल उठने लगे हैं। ग्रामीण पुल-पुलिया ढलाई में विभाग द्वारा अनदेखी करने का आरोप लगा रहे हैं। मुख्य नहर के रामपुर खैरा गांव के समीप पुल में कई जगह पर दरार खुलने से आसपास के लोग हैरत में है। स्थानीय निवासी महेंद्र साव, श्यामजी पांडेय, विकास महतो, अर्जुन प्रजापति, मकसूद आलम समेत अन्य ग्रामीणों ने बताया कि शनिवार को उक्त पुल की ढलाई कराई की गई है। रविवार की सुबह ग्रामीण टहलने के क्रम में वहां पर पहुंचे तो देखा कि पुल की ढलाई में कई जगह दरार खुला हुआ है। इसके लिए उन्होंने विभागीय अधिकारियों का ध्यान आकृष्ट कराते हुए जांच की मांग की है, ताकि भविष्य में कोई परेशानी ना हो। विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार झारखंड पोरसन के जीरो आरडी से लेकर अंतिम छोर तक कोयल मुख्य नहर के लाइनिंग के साथ-साथ सभी तरह के संरचनाओं को सुदृढ किया जाना है। फिलहाल वाप्कोस की देख-रेख में 11 पैकेज में काम चल रहा है। निर्माण कार्य के मॉनिटरिंग के लिए जल संसाधन विभाग के अधिकारियो की अलग-अलग दो कमिटी गठित की गई है। इस संबंध में मुख्य अभियंता से संपर्क करने पर बताया कि मौसम के अधिकतम तापमान व धूप के वजह से ढलाई के उपरी लेयर में दरार आ गया है। अगले दिन साईड विजिट कर इसका मुआयना किया जाएगा। उन्होंने बताया कि नहर के पुनर्निर्माण में क्वालिटी से कतई समझौता नहीं किया जाएगा। किसान संघर्ष समिति के प्रखंड अध्यक्ष अजीत कुमार, देवेन्द्र सिंह उर्फ कुश सिंह, चंदन तिवारी व जीतू तिवारी ने औरंगाबाद पूर्व सांसद सुशील कुमार सिंह का ध्यान भी इस ओर आकृष्ट कराते हुए उचित जांच करवा कर बेहतर काम कराने की मांग की है। उन्होंने कहा कि पूर्व सांसद के प्रयास से ही कितनी मुश्किल से इस योजना पर काम हो रहा है। यदि इसमें भी लापरवाही हुई तो किसानों का भविष्य पूरी तरह अंधकारमय हो जाएगा।

# मारपीट मामले में दो पक्षों के खिलाफ एफआईआर दर्ज

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रफीगंज (औरंगाबाद)।** पौथू थाना क्षेत्र के बेलहड़िया गांव में हुई मारपीट की घटना में दो पक्षों के 13 लोगों के खिलाफ प्राथमिकी (एफआईआर) दर्ज की गई है। यह घटना तब शुरू हुई जब दोनों पक्षों के बीच रास्ते को लेकर विवाद हो गया। पहले पक्ष के अवधेश शर्मा ने अपने आवेदन में बताया कि उनका बेटा जयनिवास शर्मा घर से कार निकालने के लिए रास्ता ठीक करवा रहा था। इसी दौरान सत्येंद्र शर्मा, नागेंद्र शर्मा, विंकटेश शर्मा, अनिल शर्मा, कमलनैन कुमार, विष्णु उर्फ गोरेलाल कुमार, प्रहलाद शर्मा और रामजी शर्मा, सभी बेलहड़िया गांव के निवासी, लाठी, खंती और रॉड लेकर आए। आरोप है कि इन लोगों ने गाली-गलौज शुरू की और विरोध करने पर अवधेश और उनके बेटे जयनिवास के साथ मारपीट की। शोर सुनकर बीच-बचाव के लिए आए अवधेश के पुत्र रंजीत शर्मा, भाई रामाधार शर्मा और अन्य पर भी हमला किया गया। हमलावरों ने सभी को बुरी तरह जख्मी कर दिया और रंजीत के गले से सोने की चेन व अंगूठी छीन ली। ग्रामीणों के जमा होने पर आरोपी मौके से फरार हो गए। घायलों ने परिजनों की मदद से इलाज करवाया।

वहीं, दूसरे पक्ष की ओर से राजीव शर्मा की पत्नी कंचन देवी ने भी शिकायत दर्ज की है। उन्होंने अवधेश शर्मा, रामाधार शर्मा, जयनिवास शर्मा, रंजीत शर्मा और गौरव शर्मा पर गाली-गलौज और मारपीट का आरोप लगाया। कंचन देवी के अनुसार, ये लोग लाठी-डंडे, कुदाल और पिलास लेकर आए और उन पर हमला कर दिया। बीच-बचाव के लिए आए उनके ससुर प्रहलाद शर्मा, अनिल शर्मा और सत्येंद्र शर्मा पर भी हमला हुआ। आरोप है कि रंजीत शर्मा ने कुदाल से प्रहलाद शर्मा पर वार किया, जिससे सभी जख्मी हो गए। हमलावरों ने जान से मारने की धमकी भी दी। ग्रामीणों के आने पर आरोपी भाग निकले। घायलों का इलाज परिजनों की मदद से करवाया गया।

थानाध्यक्ष सोमेश्वर नाथ ने बताया कि दोनों पक्षों के आवेदनों के आधार पर एफआईआर दर्ज कर ली गई है और मामले में कार्रवाई शुरू कर दी गई है। पुलिस जांच में जुटी है। के आलोक में एफआईआर दर्ज कर कारवाई की जा रही है।

# राजू सहनी नें अग्निपीड़ितों से मिलकर निजी कोष से की सहायता

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**समस्तीपुर/उजियारपुर।** जिला के युवा समाजसेवी व उजियारपुर प्रखंड के कमला गांव निवासी प्रख्यात समाजसेवी भाई राजू साहनी ने गरीब गुरबा मिलन यात्रा के दौरान महेशपट्टी पंचायत समेत विभिन्न स्थानों पर अग्निपीड़ितों के बीच जाकर अपने निजी कोष से सहायता उपलब्ध कराया। इस क्रम में युवा समाजसेवी ने लखीमपुर महेशपट्टी के राम वृक्ष सदा व कैलाश सदा के पीड़ित परिवार समेत करीब एक दर्जन पीड़ित परिवारों से मिलकर नगदी समेत राहत सामग्री का वितरण किया। इस अवसर पर श्री सहनी ने कहा कि यह जानकर दुख हुआ कि घटना के बाद से आज तक न तो प्रशासन या किसी जनप्रतिनिधि ने पीड़ित परिवारों की सुध ली है और न ही इन्हे कोई सहायता उपलब्ध कराया गया है। मुझे जब इसकी सूचना मिली तो आज मैं अपनी पूरी टीम के साथ पीड़ितों से मिलने पहुंचा हूं और सहायता देकर पीड़ितों की परेशानियों को कम करने का प्रयास किया। उन्होंने कहा कि वो असम के गोहाटी में रहकर छोटा सा व्यवसाय करते हैं लेकिन उनकी टीम के लोगों के माध्यम से निजी कोष से जरूरत मंदों को सहायता पहुंचाया जाता रहा है। बता दें कि राजू साहनी ने दर्जनाधिक गरीब लड़कियों की शादी कराई हैं वहीं दर्जनों असहाय लोगों की मदद भी की है।

# जमीनी विवाद को लेकर दो पक्षों में मारपीट युवती समेत आधा दर्जन लोग जख्मी

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**औरंगाबाद।** जमीनी विवाद को लेकर दो पक्षों के बीच मारपीट की घटना घटी। मामला अंबा थाना क्षेत्र के धनीबार गांव की हैं। इस घटना में युवती सहित आधा दर्जन लोग जख्मी हो गए। जख्मियों में एक पक्ष से शिम्पी कुमारी, उसके पिता धनंजय तिवारी व चाचा पप्पू तिवारी शामिल हैं। वहीं दूसरे पक्ष से पंकज तिवारी तथा उसकी मां शकुंतला देवी को चोटें आई हैं। मारपीट की घटना के बाद सभी जख्मियों को कुटुंबा रेफरल अस्पताल ले चिकित्सकों ने सदर अस्पताल रेफर कर दिया। मंगलवार की दोपहर ढाई बजे सदर अस्पताल में जख्मी युवती के परिजनों ने बताया की सभी का पूर्व में ही बंटवारा हो चुका है। पाटीदार पहले से ही हिस्सा से अधिक जमीन पर कब्जा किए हुए हैं। मंगलवार को उनके जमीन में शौचालय बनाने के लिए गड्ढा खोद रहे थे। मना करने पर मारपीट की घटना को अंजाम दिया। इधर दूसरे पक्ष के लोगों ने बताया कि वे अपनी भूमि पर शौचालय का निर्माण करा रहे थे। मजदूरों को काम करने से मना करने पर मारपीट की घटना घटी। थानाध्यक्ष राहुल राज ने बताया कि मारपीट की सूचना मिली है। जख्मियों को इलाज के लिए अस्पताल भेजा गया है। मामले की जांच पड़ताल की जा रही है।

# मामूली विवाद में मारपीट दादा-पोता गंभीर

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**औरंगाबाद।** खलिहान में बकरी चले जाने से मारपीट की घटना घटी। मामला मुफस्सिल थाना क्षेत्र के खैरा पंचायत के करमा गांव की है। इस घटना में दादा-पोता गंभीर रूप से जख्मी हो गए। जख्मियों में उस गांव निवासी गणेश यादव व पोता भोला कुमार शामिल है। सदर अस्पताल में इलाज के दौरान जख्मी गणेश यादव ने बताया कि वे अपने पोते के साथ बकरी चरा रहे थे। इसी दौरान बकरी गांव के एक व्यक्ति की खलिहान में चली गयी। इसी बात को लेकर उक्त लोगों ने दादा-पोता की जमकर पिटाई कर दी, जिससे दोनों जख्मी हो गए। घटना के बाद परिजनों ने दोनों जख्मी दादा-पोता को इलाज के लिए सदर अस्पताल पहुंचाया, जहां के डॉक्टरों ने उपचार किया, फिलहाल घटना की सूचना मुफस्सिल थाना की पुलिस को दी गई है।

# प्रभारी प्रधानाध्यापक का भी एक दिन का वेतन काटेंगे डीपीओ (स्थापना)

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**समस्तीपुर।** सावन के अंधे को रेगिस्तान में भी चारो ओर हरियाली दिखती है। ऐसा ही कुछ चल रहा है जिले के शिक्षा विभाग में। जहां पिछले दिनों जिला कार्यक्रम पदाधिकारी (स्थापना) कुमार सत्यम ने जिले के सैकड़ों विद्यालयों में प्रधानाध्यापक की रिक्तिया उपलब्ध नही कराने वाले प्रभारी प्रधानाध्यापकों का एक दिन का वेतन काटने का आदेश जारी किया गया है। पत्रांक 2009 दिनांक 04 अप्रैल 2025 द्वारा जारी पत्र के साथ संलग्न सूची मे जिले के इकलौते अल्पसंख्यक उच्च माध्यमिक विद्यालय मिल्लत एकेडमी स्टेशन रोड समस्तीपुर का नाम क्रम संख्या 236 में अंकित है। मजे की बात यह है कि उक्त विद्यालय के प्रधानाध्यापक को वेतन मिलता ही नहीं है। क्योंकि यह विद्यालय शिक्षा विभाग के तमाम कायदे कानून से उपर है। सरकारी अभिलेख के मुताबिक मिल्लत एजुकेशनल सोसाइटी द्वारा संचालित जिले का यह एकलौता अल्पसंख्यक उच्च माध्यमिक विद्यालय विगत कई सालों से सिर्फ एक आदेशपाल सह रात्रि प्रहरी के भरोसे चल रहा है। फिर भी इस विद्यालय को सरकार द्वारा देय सभी संस्थानिक सुविधा का लाभ मिल रहा है। इस तथ्य से शिक्षा महकमे से जुड़ा बच्चा भी वाकिफ है। मगर उक्त आदेश पत्र को देख कर प्रतीत होता है कि कार्यक्रम पदाधिकारी को या तो इस बाबत कोई जानकारी नहीं है या फिर पूर्ववर्ती पदाधिकारियों के तरह उनके द्वारा भी विभाग के सबसे पुराने कर्मी के प्रभाव में उक्त तथ्य की अनदेखी कर खानापूर्ती की गई है। गौरतलब है कि इस विद्यालय में वर्षों से कोई नियुक्ति नहीं हुई। साल दर साल शिक्षक प्रधानाध्यापक बनते गये और सेवानिवृत्त होते चले गये। अंतिम प्रधानाध्यापक के सेवानिवृत्त हुए भी 15 साल से अधिक हो गये। सोसाइटी के सचिव सह उच्च माध्यमिक विद्यालय खतुआहा के प्रभारी प्रधानाध्यापक एजाज हुसैन द्वारा तत्कालीन मिल्लत बालिका उच्च विद्यालय के अवैतनिक प्रभारी प्रधानाध्यापक धर्मेंद्र कुमार को मिल्लत एकेडमी का प्रभारी प्रधानाध्यापक मनोनित कर दिया गया। तब से यह विद्यालय उनकी देख रेख में सिर्फ एक सरकारी आदेशपाल के दम पर संचालित है। श्री हुसैन ने दबंगई और मनमानी करते हुए लाखों रुपए की हेराफेरी कर मिल्लत बालिका उच्च विद्यालय को बंद कर दिया। श्री हुसैन की मनमानी का आलम है कि जिला शिक्षा पदाधिकारी कार्यालय के उक्त कर्मी की मदद से अवैध तरीके से विज्ञापन निकाल कर आये दिन शिक्षकों की भर्ती करते रहते हैं। मगर इन शिक्षकों की नियुक्ति अवैध होने के कारण उनको वेतन नहीं दिया जाता ळें यहां प्रश्न यह उठता है कि जिसे वेतन मिलता ही नहीं उसका वेतन डीपीओ स्थापना कहां से और किस मद से काटेंगे? बताते चलें कि मिल्लत एकेडमी के वर्तमान प्रभारी अनुसूचित जाति समुदाय से आते हैं।

# अनियंत्रित बाइक से गिरकर अधेड़ घायल

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**




**औरंगाबाद।** अनियंत्रित बाइक से गिरकर एक अधेड़ गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना देव थाना क्षेत्र के चतुर बिगहा गांव के समीप की हैं। घायल की पहचान थाना क्षेत्र के ही कुरका गांव निवासी जितेंद्र सिंह के रूप में हुई है। सदर अस्पताल में इलाज के दौरान घायल जितेंद्र सिंह ने बताया कि वह देव बाजार स्थित एक दुकान पर काम करता है। दोपहर में वह खाना खाने अपने घर गया था। इस दौरान दुकान उसका बेटा चल रहा था। खाना खाने के बाद वह दुकान जा रहा था। इसी दौरान चतुर बिगहा गांव के समय अनियंत्रित बाइक से गिरकर घायल हो गया। घटना के बाद परिजनों ने इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र देव पहुंचाया, जहां से चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर स्थिति में सदर अस्पताल रेफर कर दिया।

# तेज हवा के साथ दो मिमी तक हो सकती है बारिश

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**समस्तीपुर।** अगले दो दिनों में तेज हवा के साथ हल्की बारिश होने की संभावना है। जिले के डॉ राजेंद्र प्रसाद केंद्रीय कृषि विश्वविद्यालय पूसा स्थित ग्रामीण कृषि मौसम सेवा समस्तीपुर एवं भारत मौसम विज्ञान विभाग के सहयोग से जलवायु परिवर्तन पर उच्च अध्ययन केन्द्र द्वारा जारी 09-13 अप्रैल, 2025 तक के मौसम पूर्वानुमान के अनुसार पुर्वानुमान की अवधि में उत्तर बिहार के जिलों में आसमान में हल्के से मध्यम बादल देखें जा सकते है। इस अवधि में उत्तर बिहार के तराई तथा मैदानी भागों में बिजली गिरने और तेज हवा (40-50 किलोमीटर प्रति घंटे) के साथ हल्की वर्षा या बुंदा-बुंदी की संभावना है। इसकी ज्यादा सम्भावना 10-12 अप्रैल के बीच बन सकती है। इस दौरान हल्की वर्षा 2 से 5 मि0मी0 हो सकती है। इस अवधि में अधिकतम तापमान 32 से 36 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 20 से 23 डिग्री सेल्सियस के बीच रह सकती है। पूर्वानुमानित अवधि में औसतन 15 से 20 कि0मी0 प्रति घंटा की रफ्तार से अगले दो दिन पछिया हवा उसके बाद पुरवा हवा चलने की सम्भावना है। कुछ स्थानों पर तेज हवा (30-35 किलोमीटर प्रति घंटे) भी चल सकती है।

# सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में हीटवेब व चमकी बुखार को लेकर बैठक

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**रफीगंज (औरंगाबाद)।** रफीगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में चिकित्सकों एवं स्वास्थ्यकर्मियों के बीच मौसम को देखते हुए हीट वेव एवं चमकी बुखार को लेकर बैठक की गई। प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी अरविंद कुमार सिंह ने बदलते मौसम को देखते हुए हीट वेब एवं चमकी बुखार को बचाव हेतु सभी स्वास्थ्य कर्मियों को दिशा निर्देश करते हुये सजग रहने को कहा। साथ ही उससे संबंधित दवा उपलब्ध सुनिश्चित करने और इससे बचाव के तरीके को बताया। इस मौके पर डॉ संतोष कुमार, स्वास्थ्य प्रबंधक नेहा सिंन्हा, डॉ अरविंद कुमार केसरी, डॉ प्रियंका कुमारी, डॉ लालजी प्रसाद यादव, डॉ धनंजय कुमार, प्रधान लिपिक सुनील कुमार, रुपेश कुमार, एएनएम आशा सिंन्हा, दावन तिग्गा, प्रियंका कुमारी, सुमन कुमारी, बीसीएम सनी कुमार, बीएमसी सुभाष कुमार, अकाउंटेंट राजेश कुमार, सफाई सुपरवाइजर लाल बहादुर यादव सहित अन्य कर्मी उपस्थित थे।

# सर्वांगीण शिक्षा का अर्थ सिर्फ पुस्तक आधारित ज्ञान नहीं : महेश

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**समस्तीपुर।** शहर के मथुरापुर स्थित जेपी सेंट्रल स्कूल परिसर सोमवार को अभिभावकों की गरिमापूर्ण मौजूद्गी और बच्चों के हर्षकिलोल से गुलजार था। हर तरफ हर्ष और उत्साह का माहौल था। अवसर था जेपी ग्रुप अफ इन्स्टिच्यूशन के 14वें स्थापना दिवस समारोह का। जी हां! जेपी ग्रुप अफ इन्स्टिच्यूशन का 14वां स्थापना दिवस सोमवार को धूमधाम से समारोह पूर्वक मनाया गया। शॉल, पुष्प गुच्छ आदि से स्वागत सम्मान के बाद संस्थान के संस्थापक स्मृति शेष जय प्रकाश सिंह की तस्वीर पर माल्यार्पण व पुष्पांजलि अर्पित करते हुए मुख्य अतिथि सुप्रसिद्ध सर्जन ड राजेश कुमार सहित सभी अतिथियों ने तालियों की गड़गड़ाहट के बीच संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर समारोह का विधिवत उद्घाटन किया। इस अवसर पर संस्थान के सचिव महेश कुमार ने बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए शिक्षकों को प्रतिबद्धता पूर्वक सांकल्पित होने की जरूरत बताई। कहा कि सर्वांगीन शिक्षा का अर्थ सिर्फ पुस्तक आधारित ज्ञान नहीं होता। इसे समझने और महसूस कर उसी अनुरूप पाठ्यचर्या निर्माण महत्वपूर्ण है। इसके पुर्व अतिथियों का स्वागत करते हुए प्रधानाचार्य कमर आजम ने संस्थान की प्रगति का उल्लेख करते हुए वार्षिक लेखा जोखा प्रस्तुत किया।

# 61 घरों पर बुलडोजर कार्रवाई अधूरी, हाई कोर्ट के स्टे ऑर्डर के बाद प्रशासन लौटा

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**हसपुरा।** हसपुरा प्रखंड के पुरहारा गांव में मंगलवार को सरकारी जमीन पर बने 61 घरों को तोड़ने पहुंचा प्रशासन हाई कोर्ट के स्टे ऑर्डर के बाद बैरंग लौट गया। हाई कोर्ट के पहले के आदेश पर अतिक्रमण हटाने के लिए प्रशासन सैकड़ों पुलिस बल और पांच जेसीबी मशीनों के साथ गांव पहुंचा था, लेकिन ग्रामीणों के कड़े विरोध और बाद में आए स्टे ऑर्डर ने कार्रवाई को रोक दिया।

पुरहारा गांव में कुल 130 घर हैं, जिनमें से 61 परिवार कई पीढ़ियों से सरकारी जमीन पर बने मकानों में रहते आ रहे हैं। हाई कोर्ट ने इसे अतिक्रमण मानते हुए तोड़ने का निर्देश दिया था। मंगलवार दोपहर 1 बजे सीओ, बीडीओ, थानाप्रभारी सहित प्रशासनिक टीम और भारी पुलिस बल गांव पहुंचा। लेकिन ग्रामीणों ने नहर पुल के पास धरना देकर प्रदर्शन शुरू कर दिया। इस दौरान ग्रामीणों और पुलिस के बीच हल्की नोकझोंक भी हुई। करीब एक घंटे तक चले विरोध और समझाने-बुझाने के बाद पुलिस ने सख्ती दिखाई, जिससे ग्रामीण तितर-बितर हो गए।

दोपहर ढाई बजे प्रशासन ने गांव में प्रवेश किया और एक जेसीबी ने गांव के किनारे रतन यादव के घर को तोड़ना शुरू किया। लेकिन आधे घंटे की कार्रवाई के बाद पटना हाई कोर्ट से स्टे ऑर्डर की सूचना मिलते ही प्रशासन ने काम रोक दिया और वापस लौट गया। ग्रामीण शुरू से ही प्रशासन से कार्रवाई एक दिन टालने की गुहार लगा रहे थे, उनका कहना था कि हाई कोर्ट से स्टे ऑर्डर आने वाला है। हालांकि, प्रशासन पहले कोर्ट के पुराने आदेश के आगे मजबूर नजर आया। इस कार्रवाई में हसपुरा सीओ कैशल्या कुमारी, बीडीओ प्रदीप कुमार चौधरी, बीसीओ अभिजीत कुमार, थानाध्यक्ष नरोत्तम, एसआई पवन कुमार सहित कई अंचलकर्मी और अमीन शामिल थे। सीओ कैशल्या कुमारी ने बताया कि हाई कोर्ट के स्टे ऑर्डर के बाद अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई अगले आदेश तक स्थगित कर दी गई है।

**पूर्व रेलवे**

**निविदा सं.: डीएल_एचडब्ल्यूएच_ फ्लेक्सी_ कॉइल_147, दिनांक: 07.04.2025,** वरिष्ठ मंडल यांत्रिक इंजीनियर/लोको, पूर्व रेलवे, हावड़ा, रेलवे स्टेशन के पास डीआरएम बिल्डिंग, हावड़ा-711101 द्वारा निविदा सं.: **डीएल_एचडब्ल्यूएच_ फ्लेक्सी_ कॉइल_147** के प्रतिपक्ष निम्नलिखित कार्य के लिए खुली ई-निविदा आमंत्रित की जाती है। बोलीदाता केवल अंतिम तिथि और समय तक अपनी मूल/संशोधित बोली जमा कर पाएंगे। इस निविदा के लिए मैनुअल प्रस्ताव की अनुमति नहीं दी जाती है एवं मैनुअल प्रस्ताव प्राप्त होने पर ध्यान नहीं दिया जाएगा। **कार्य का नाम:** 01 वर्ष की अवधि के लिए हावड़ा डीजल शेड, पूर्व रेलवे, हावड़ा में डब्ल्यूएपी4 इलेक्ट्रिक लोको की 50 फ्लेक्सी कॉइल बोगियों की मरम्मत/ओवरहॉलिंग। **बोली प्रणाली** : एकल पैकेट प्रणाली। **विज्ञापित मूल्य:** रु. 65,63,457.95, **बयाना राशि:** रु. 1,32,000/-, **निविदा कागजात का मूल्य:** रु. 0.00, **समापन अवधि:** 12 माह। **प्रस्ताव की वैधता :** 60 दिन। **निविदा अपलोड करने की तिथि और समय:** दिनांक 04.04.2025 को 12.11 बजे। **बोली प्रारंभ होने की तिथि:** दिनांक 16.04.2025, **निविदा की अंतिम तिथि और समय:** दिनांक 30.04.2025 को 15.00 बजे। निविदा का विवरण वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है। HWH-11/2025-26

निविदा सूचना वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें : @EasternRailway
@easternrailwayheadquarter

**पूर्व रेलवे**

**ई-निविदा सूचना सं. : टीआरएस/एचडब्ल्यूएच/10/ओटी/150 दिनांक 07.04.2025,** वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियंता (टीआरएस), बामनगाछी, पूर्व रेलवे, हावड़ा-711106 द्वारा निम्नलिखित कार्य के लिए निविदाकारों से ई-निविदा प्रपत्र के माध्यम से निम्नलिखित ई-निविदा सूचना आमंत्रित की जाती है: **कार्य का विवरण:** इलेक्ट्रिक लोको शेड, हावड़ा में "इलेक्ट्रिक लोकोमोटिव कैबों में फिट किए हुए कैब एसी की एएमसी"। **अनुमानित मूल्य:** रु.2,63,68,561.84, **बोली प्रतिभूति:** रु. 2,81,900/-, **निविदा प्रपत्र का मूल्य:** शून्य।, **समापन अवधि:** 36 माह। **निविदा की अंतिम तिथि और समय:** दिनांक 25.04.2025 को 15.00 बजे। ई-निविदा का विवरण बेवसाइट **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है। इच्छुक/योग्य फर्मों से अनुरोध है कि अपने प्रस्ताव को उपर्युक्त वेबसाइट पर ऑनलाइन जमा करें। किसी भी संशोधन को यहाँ दी गई वेबसाइट अर्थात **www.ireps.gov.in** पर प्रकाशित किया जाएगा। कोई मैनुअल प्रस्ताव स्वीकार नहीं किया जाएगा। HWH-10/2025-26

निविदा सूचना वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें : @EasternRailway
@easternrailwayheadquarter

**पूर्व रेलवे**

**संक्षिप्त ई-निविदा सं. डीसीपीएम-जीएस-ईएनजी-एसडीएएच-02-25-26 (एकल पैकेट प्रणाली में खुली निविदा), दिनांक: 07.04.2025,** उप मुख्य परियोजना प्रबंधक, गति शक्ति इकाई, अभियांत्रिकी, पूर्व रेलवे, सियालदह, तीसरा तल, डीआरएम बिल्डिंग, काइजर स्ट्रीट, सियालदह, कोलकाता-700014 द्वारा निम्नलिखित कार्य के लिए ई-निविदा प्रणाली के तहत निविदा आमंत्रित की जाती है: **कार्य का नाम** : सियालदह मंडल-सीपीएम/जीएसयू/सियालदह के कार्यक्षेत्र में विभिन्न स्थानों पर सियालदह मंडल के रोड ओवर ब्रिज द्वारा एलसी को हटाने के लिए डीपीआर तैयार करना (कुल 27 लेवल क्रॉसिगं)। **अनुमानित मूल्य :** रु. 2,56,81,575.60, **बयाना राशि :** रु. 2,78,400/-, **निविदा कागजात का मूल्य :** शून्य। **समापन अवधि** : 6 माह। **खुलने की तिथि** : दिनांक 28.04.2025, 15.00 बजे। निविदा कागजात एवं अन्य विवरण वेबसाइट: **www.ireps.gov.in** से प्राप्त किए जा सकते हैं। निविदा के लिए बोली उक्त वेबसाइट पर ई-निविदा प्रणाली के माध्यम से जमा की जाएगी। इस निविदा के लिए कोई मैनुअल प्रस्ताव की अनुमति नहीं दी जाती है एवं कोई मैनुअल प्रस्ताव प्राप्त होने पर स्वीकार नहीं किया जाएगा एवं तत्काल रद्द कर दिया जाएगा। SDAH-08/2025-26

निविदा सूचना वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें @EasternRailway
@easternrailwayheadquarter

बिहार सरकार

**कार्यालय जिला पदाधिकारी एवं समाहर्त्ता, औरंगाबाद**
(जिला शस्त्र शाखा)

**औरंगाबाद जिला के सभी शस्त्र अनुज्ञप्तिधारियों हेतु महत्वपूर्ण सूचना**
**प्रेस विज्ञप्ति**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आगामी सत्र 2024–25 में शस्त्रों एवं कारतूसों का वार्षिक सत्यापन कराने हेतु औरंगाबाद जिला अंतर्गत सभी शस्त्र अनुज्ञप्तिधारी अपने शस्त्रों एवं कारतूसों की भौतिक सत्यापन (छोटे अग्नेयास्त्रों यथा पिस्टल/रिवॉल्वर को छोडकर) स्थानीय थाना में **दिनांक– 21.04.2025 से 15.05.2025** तक संबंधित थानाध्यक्ष एवं प्रतिनियुक्त पदाधिकारी के उपस्थिति में कराना सूनिश्चित करेंगे। छोटे अग्नेयास्त्रों (पिस्टल/रिवॉल्वर) का सत्यापन जिला शस्त्र कार्यालय, औरंगाबाद में जिला शस्त्र दण्डाधिकारी, औरंगाबाद के द्वारा किया जाना हैं। समय–सीमा के अंतर्गत अपने भास्त्रों एवं कारतूसों का सत्यापन नहीं कराये जाने की स्थिति में शस्त्र अनुज्ञप्ति निलंबित करते हुए रद्द करने की कार्रवाई की जायेगी।

PR- 000643 ( District ) 2025-26

**जिला दण्डाधिकारी, औरंगाबाद**

नशे से बचने का है एक ही उपचार, दृढ़ संकल्प और परिवार से प्यार।

CMYK

# कर्मी 10 बजे से कार्यालय में रहें उपस्थित : डीएम

## कलेक्ट्रेट स्थित कार्यालयों का डीएम ने किया निरीक्षण

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**बेगूसराय।** जिला पदाधिकारी तुषार सिंगला ने मंगलवार को 10 बजे से समाहरणालय अंतर्गत सभी कार्यालयों का औचक निरीक्षण किया। जांच के क्रम में उप निर्वाचन पदाधिकारी एवं मद्य निषेध अधीक्षक अनुपस्थित पाए गए। जिला पदाधिकारी द्वारा सभी कार्यालय में कर्मियों की उपस्थिति पंजी की जांच की गई, जिसमें जिला कल्याण विभाग के 9, नीलम शाखा के 4, जिला राजस्व शाखा के 3, जिला भू अर्जन कार्यालय के 3, जिला विधि शाखा के 3, जिला पंचायत कार्यकाल के 4, जिला नागरिक सुरक्षा के 1 कुल 28 कर्मी अनुपस्थित पाये गये। इसके बाद जिला पदाधिकारी द्वारा प्रखंड अंतर्गत सभी पदाधिकारियों की कार्यालय में उपस्थिति की जाँच करने हेतु 10:45 से 11 बजे पूर्वाह्न तक वाटसऐप वीडियोकॉल के माध्यम से औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण में भूमि सुधार उप समाहर्ता तेघड़ा, प्रखंड विकास पदाधिकारी खोदावंदपुर, छौड़ाही, अंचल अधिकारी छौड़ाही, प्रखंड पंचायत राज पदाधिकारी बछवाड़ा, चेरियाबरियारपुर, प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी बेगूसराय सदर, बछवाड़ा, कार्यक्रम पदाधिकारी साहेबपुर कमाल, सब इलेक्शन अफिसर बखरी कार्यालय में उपस्थित नहीं पाये गये। सभी अनुपस्थित पदाधिकारियों एवं कर्मियों का जिला पदाधिकारी द्वारा मानदेय स्थगित कर दिय गया। साथ ही ससमय कार्यालय में उपस्थित नहीं रहने पर स्पष्टीकरण की मांग की गई है। श्री सिंगला ने कहा कि सभी पदाधिकारी, नियमित कर्मी एवं नियोजित कर्मी सामान्य प्रशासन के दिशा-निर्देश पर 10 बजे से कार्यालय में उपस्थित होकर अपने कार्य का निर्वाहन करें। अन्यथा अनुपस्थित पाये जाने वाले पदाधिकारियों एवं कर्मियों पर अनुशानात्मक एवं दंडानात्मक कार्रवाई की जायेगी। वर्तमान समय में ग्रीष्म ऋतु के दौरान सभी विद्यालय मर्निंग हो गया है। अतः जब छात्र-छात्राएं विद्यालय मर्निंग में पहुंच कर पठन-पाठन कर सकते हैं तो पदाधिकारी एवं कर्मी भी ससमय उपस्थित होकर अपना कार्य करें। निरीक्षण के क्रम में उप विकास आयुक्त, जिला परिवहन पदाधिकारी, जिला पंचायत राज पदाधिकारी सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे।

## उत्कृष्ट शिक्षा का केंद्र बनेगा गुरूकुल

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**बखरी।** बखरी नगर परिषद क्षेत्र के शकरपुरा गांव में सोमवार की देर शाम गुरुकुल विद्यालय का उदघाटन विधायक सूर्यकांत पासवान और नगर सभापति गीता देवी कुशवाहा के द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। इस अवसर पर कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक श्री पासवान ने कहा कि गांव में स्थापित यह विद्यालय उत्कृष्ट शिक्षा का केंद्र बनेगा जहां के बच्चें गुणवत्तापूर्ण शिक्षा हासिल कर क्षेत्र का नाम रौशन करेंगे। उन्होंने विद्यालय के संचालनकर्ताओं से गरीब गुरबे बच्चों को भी अच्छी तालीम देकर शिक्षित बनाने की अपील की है। नगर सभापति गीता कुशवाहा ने कहा कि हर क्षेत्र में अच्छे अच्छे विद्यालय खुल रहे हैं जो शिक्षा का प्रसार और लोगों के शिक्षित होने के बेहतर प्रमाण हैं। शिक्षा का व्यापक असर हमारे समाज पर पड़ा है। जिस कारण आज बेटियां भी शिक्षित होकर हर क्षेत्र में परचम लहरा रही हैं। कार्यक्रम का संचालन अधिवक्ता नगर पार्षद मधुसूदन महतो के साथ शिक्षक लाल बहादुर ठाकुर संयुक्त रूप से कर रहे थे। मौके पर पूर्व विधायक रामविनोद पासवान, लोजपा रामविलास के प्रदेश महासचिव संजय पासवान, जिलाध्यक्ष प्रेम पासवान, पूर्व मुखिया घासीराम पोद्दार, प्रोफेसर अनिल शर्मा, समाजिक कार्यकर्ता रजनीकांत पाठक, मदन मोहन मिश्रा, पंकज मिश्रा, राजीव कुमार मिश्रा, परितोष कुमार सहित बड़ी संख्या में शिक्षाप्रेमी और ग्रामीण उपस्थित हुए।

## नाबालिग लड़की बरामद

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**नावकोठी।** थाना क्षेत्र से अठारह दिनों से लापता नाबालिग लड़की को पुलिस ने मंगलवार को बरामद कर लिया। थानाध्यक्ष दिनेश कुमार ने बताया कि उसकी बरामद्गी नीमा चांदपुरा क्षेत्र से हुई है। उसके परिजनों ने 20 मार्च को पुत्री के भगाये जाने की प्राथमिकी दर्ज करवायी थी। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए उसे बरामद कर लिया। उसे 183 बी एन एस के तहत न्यायालय में बयान दर्ज एवं मेडिकल जांच के लिए बेगूसराय भेजा गया है। इस बरामद्गी में पुलिस अवर निरीक्षक रंजीत कुमार सहित सशस्त्र बल के जवान मौजूद थे।

## भारत में जेबीएल की ट्यून सीरीज 2 लॉन्च : पर्सनल ऑडियो का नया अनुभव

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**नई दिल्ली।** ग्लोबल ऑडियो ब्रांड जेबीएल ने भारत में अपनी नई और उन्नत ट्यून सीरीज़ 2 को लॉन्च कर दिया है। यह सीरीज़ तीन शानदार मॉडल्स–ट्यून बड्स 2, ट्यून बीम 2 और ट्यून फ्लेक्स 2 के साथ पेश की गई है, जो दमदार साउंड, स्टाइलिश डिज़ाइन और नवीनतम टेक्नोलॉजी से लैस हैं।

जेबीएल की ट्यून सीरीज़ 2 खासकर उन यूज़र्स के लिए बनाई गई है, जो रोज़ाना म्यूजिक सुनने के अनुभव को बेहतर बनाना चाहते हैं। यह सीरीज़ ब्लूटूथ 5.3, एलई ऑडियो, एडाप्टिव नॉइस कैंसलिंग, 6 हाई-परफॉर्मेंस माइक्रोफोन्स, और मल्टी-पॉइंट कनेक्शन जैसे फीचर्स से लैस है। इसके अलावा, गूगल फास्ट पेयर से यूज़र्स तुरंत अपने डिवाइस से कनेक्ट हो सकते हैं। ट्यून बड्स 2 एर्गोनॉमिक बड-स्टाइल डिज़ाइन के साथ आता है, वहीं ट्यून बीम 2 में क्लोज्ड स्टिक डिज़ाइन और ट्यून फ्लेक्स 2 में ओपन स्टिक डिज़ाइन दिया गया है। फ्लेक्स 2 में सबसे बड़े 12 मिमी ड्राइवर्स हैं, जो बेजोड़ साउंड क्वालिटी प्रदान करते हैं। तीनों मॉडल्स में ऋ54 वॉटर और डस्ट रेसिस्टेंस है, जिससे ये ईयरबड्स हर मौसम और स्थिति में इस्तेमाल किए जा सकते हैं। यह सीरीज़ 48 घंटे तक की प्लेबैक क्षमता देती है। ट्यून बड्स 2 और बीम 2 में इगए ऑन पर 10+30 घंटे और इगए ऑफ पर 12+36 घंटे की बैटरी मिलती है। वहीं फ्लेक्स 2 में इगए ऑन पर 8+24 घंटे और इगए ऑफ पर 12+36 घंटे की बैटरी लाइफ दी गई है। सभी मॉडल्स में टॉकथ्रू, वॉइसअवेयर, वॉइस प्रॉम्प्ट्स, और जेबीएल पर्सोनी-फाई 3.0 जैसी टेक्नोलॉजी दी गई हैं, जिससे यूज़र्स अपने ऑडियो अनुभव को कस्टमाइज़ कर सकते हैं। इसके साथ ही, जेबीएल हेडफोन्स ऐप के ज़रिए यूज़र्स जेस्चर कंट्रोल और ऑडियो सेटिंग्स को भी अपने हिसाब से एडजस्ट कर सकते हैं।

## मां शीतला मातृशक्ति एवं शक्ति की प्रतीक : उप मुख्यमंत्री

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**बरौनी।** बीहट जलेलपुर स्थित प्रसिद्ध मां शीतल मंदिर के प्रांगण में दशकों से आयोजित चैत्र नवरात्र मेला इस वर्ष मां शीतल महोत्सव के रूप में मनाया जा रहा है। मां शीतल महोत्सव का शुभारंभ बिहार के लोकप्रिय उपमुख्यमंत्री विजय सिन्हा, शीतला मंदिर के मुख्य पुजारी महेश दास महाराज, बिहार के चर्चित यूट्यूबर मनीष कश्यप, जदयू के जिला अध्यक्ष रूदल राय, लोक गायिका स्वाती मिश्रा, भाजपा नेता केशव शांडिल्य, अमरेन्द्र अमर द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया।कार्यक्रम की अध्यक्षता आयोजन समिति के अध्यक्ष कन्हैया कुमार एवं संचालन भाजपा मंडल अध्यक्ष यशस्वी आनंद ने किया। उपमुख्यमंत्री विजय सिन्हा ने मंदिर प्रांगण में माता शीतला की पूजा अर्चना की एवं महंत जी द्वारा अंग वस्त्र व महोत्सव का प्रतीक चिन्ह भेंट कर उन्हें सम्मानित किया। वहीं मंच से महोत्सव के पत्रक का लोकार्पण किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि श्री सिन्हा ने कहा कि मातृशक्ति ज्ञान, बुद्धि एवं शक्ति की प्रतीक है। शक्ति स्वरूपा मां शीतल के आशीर्वाद से बीहट एवं बेगूसराय का क्षेत्र बिहार के विकास की अग्रणी गाथा लिख रही है। दशकों से आयोजित हो रहे इस मेले को राजकीय मेला के रूप में आयोजित करने का उन्होंने आश्वासन दिया। उन्होंने मंदिर के पुजारी महंत महेश दास जी के सादगी पूर्ण आध्यात्मिक जीवन शैली की भी प्रशंसा की। इस मंदिर में चार वक्त मां की आराधना नियमित रूप से होती है। जिले के लगभग हजारों भक्त चेचक, हैजा, प्लेग एवं अन्य गंभीर बीमारियों से जुड़े अपनी समस्याओं के समाधान के लिए मंदिर प्रांगण में आते हैं। मौके पर समाजसेवी संजय गौतम ने कहा कि मां शीतल माता कि महिमा बेगूसराय के साथ बिहार में फैली हुई है। इनकी आलौकिक शक्ति सबका कल्याण करती है। मौके पर किशोर न्याय बोर्ड सदस्य प्रीति गौतम, सुप्रीम कोर्ट के अधिवक्ता कुशेश्वर भगत, नगर परिषद बिहट के पूर्व मुख्य पार्षद अशोक कुमार सिंह, मीना सुरेश फाउन्डेशन के सचिव राहुलकुमार, समाजसेवी प्रियम रंजन, हर्ष राज, रामहित सिंह, रमेश कुमार, बब्लू सिंह, सभापति सिंह, निशांत कुमार, रामसुधीर सिंह, अरविंद महतो, कैलाश दास, मोहन झा व अन्य उपस्थित रहें।

## 155 अभ्यर्थियों का साक्षात्कार के बाद अगले चरण के लिए चयन

### जिला नियोजनालय में जॉब कैम्प का आयोजन

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**बेगूसराय।** श्रम संसाधन विभाग के तहत जिला नियोजनालय में मंगलवार को एक दिवसीय नियोजन कैम्प का आयोजन किया गया। जिला नियोजन पदाधिकारी राणा अमितेष की अध्यक्षता में किया गया। उक्त कैंप में निजी कंपनी विडेण्टर एस्क्यूटर प्रावेट लिमिटेड के प्रतिनिधि हिमांशु कुमार, बापिना सेठी के द्वारा कैंप में उपस्थित अभ्यर्थियों को कंपनी में कार्य सम्बंधित वेतन एवं भत्ते, कार्य स्थल एवं अन्य विषयों की जानकारी विस्तृत रूप में दी गयी। कंपनी के प्रतिनिधि द्वारा दिए गए 200 रिक्तियों के विरुद्ध कुल 155 अभ्यर्थियों का साक्षात्कारोपरांत अगले चरण के लिए चयनित किया गया। जब कैंप में कुल 234 अभ्यर्थी सम्मिलित हुए। इस अवसर पर जिला नियोजन पदाधिकारी श्री राणा अमितेष ने बेरोजगार युवकों को कैरियर एवं रोजगार सम्बन्धी मार्गदर्शन दिया एवं बताया कि नियोजन कार्यालय जिले के रोजगार इच्छुक अभ्यर्थिओं को रोजगार उपलब्ध करवाने की दिशा में प्रत्येक माह जॉब कैंप का आयोजन करता है। जिसमें बिहार एवं अन्य राज्यों के निजी क्षेत्र के नियोजकों को आमंत्रित किया जाता है। जिसकी सूचना समाचार पत्रों एवं सोशल मीडिया के माध्यम से प्रसारित की जाती है। साथ ही श्री अमितेष द्वारा बताया गया की जिले के वैसे अभ्यर्थी जो प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी करते हैं वो नियोजनालय में संचालित पुस्तकालय की सुविधा का निःशुल्क लाभ ले सकते हैं। जेएसए राहुल कुमार एवं वाई पी पंकज कुमार द्वारा एनसीएस पोर्टल द्वारा निःशुल्क प्रदान की जाने वाली सभी सुविधाओं के बारे में विस्तृत जानकारी दी गयी। इस अवसर पर प्रधानलिपिक विनय कुमार, डीएसएम रंजय सिंह देव, सतीश पटेल, सामंत कुमार, रामप्रीत उपस्थित थे।

## 12 मई को गांधी मैदान मसौढ़ी मे होगी आचार्य गुप्तेश्वर पांडेय की रामकथा

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**मसौढ़ी।** आगामी 12 मई को मसौढ़ी के ऐतिहासिक गांधी मैदान में राम कथा का आयोजन होने जा रहा है। 18 मई तक कार्यक्रम चलेगा। जिसकी तैयारी जोरों पर की जा रही है। जहां बिहार के डीजीपी की नौकरी छोड़कर कथावाचक बने रामगोविंदाचार्य गुप्तेश्वर पांडे के द्वारा राम कथा किया जाएगा। जिसको लेकर मसौढ़ी में राहुल चंद्रा के आवास पर मंगलवार की शाम को एक विशेष बैठक आहूत की गई और बैठक में कई अहम मुद्दों पर चर्चा की गई है।

बताया जाता है कि 12 मई को कथा आयोजन से पहले शहर में कलश यात्रा का आयोजन किया जाएगा जहां पर तकरीबन 5100 महिलाएं जलभरी कार्यक्रम में शामिल होंगे। जिसमें हाथी घोड़े ऊंट वगैरह शामिल होंगे। शोभायात्रा के बाद राम कथा का आयोजन संध्या प्रतिदिन सुबह 6:00 से रात 10:00 बजे तक होगा इसके अलावा हनुमान चालीसा का भी पाठ कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा।

इस पूरे कार्यक्रम को सफल बनाने को लेकर इस पूरे कमेटी बनाकर सभी लोगों की जिम्मेवारी तय की गई है जो यह सात दिवसिय पूरे कार्यक्रम का सफल आयोजन कराया जाएगा। बैठक में डॉ सुनील गावस्कर, राहुल चंद्रा, विश्वरंजन, कृष्णा सिंह, चंद्रकेत सिंह चंदेल, पालटन सिंह,, संतोष अनमोल, चंद्रकला देवी, गोल्डी कुमार, आदी शामिल रहे।

## मखदुमपुर की सुमेरा पंचायत के आवास सहायक पर प्राथमिकी दर्ज

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**मखदुमपुर (जहानाबाद)।** जहानाबाद जिले के मखदुमपुर प्रखंड के सुमेर पंचायत के आवास सहायक पर टेहटा थाना में प्रखंड विकास पदाधिकारी मृत्युंजय कुमार के दिए आवेदन पर प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है। जानकारी देते हुए थानाध्यक्ष आलोक कुमार ने बताया की आवास सहायक उमेश कुमार के विरुद्ध प्रखंड विकास पदाधिकारी ने आवेदन दिया था जिस पर प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है। वहीं इस मामले में प्रखंड विकास पदाधिकारी मृत्युंजय कुमार ने बताया की आवास योजना का सर्वेक्षण चल रहा है जिसमें उनके द्वारा गलत सर्वेक्षण किया गया था जिसके कारण उनके विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कराई गई है। बता दें की इन दिनों आवास योजना को लेकर पूरे राज्य में सर्वेक्षण का कार्य चल रहा है। जिसमें आए दिन किसी न किसी स्थान से आवास सहायक के विरुद्ध पैसा लेकर सर्वेक्षण करने की बात सामने आ रही है। वहीं सुमेरा पंचायत के काज़ी ढोंढा एवं अन्य गाँव मे काफी सुखी संपन्न लोगों का आवास सहायक द्वारा सर्वेक्षण कर सूची में नाम जोड़ा गया था। इस अनियमितता को लेकर लोगों ने पदाधिकारियों से शिकायत की गई थी। इसके पश्चात जाँच पड़ताल के बाद आवास सहायक पर प्राथमिकी दर्ज की गई है। वहीं प्राथमिकी के बाद प्रखंड के सभी आवास सहायकों में हड़कम्प मचा हुआ है।

## बांका के ढ़ाकामोड़ में आयोजित चैती दुर्गा पूजा कार्यक्रम में शामिल हुए नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**बांका।** बिहार के नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव ने मंगलवार को बांका के ढ़ाकामोड़ में आयोजित चैती दुर्गा पूजा कार्यक्रम में शामिल हुए। सबसे पहले उन्होंने दुर्गा मंदिर में माता का आर्शीवाद लेकर बिहार से गरीबी, मंहगाई दूर करने का आर्शीवाद मांगा। वहीं कार्यक्रम में शिरकत करते हुए अपने संबोधन में तेजस्वी यादव ने नीतीश कुमार की सरकार पर जमकर हमला बोला। उन्होंने सीधे-सीधे नीतीश कुमार को खटारा गाड़ी की संज्ञा दे दी। उन्होंने कहा कि 20 साल से नीतीश सरकार बिहार में हैं, लेकिन जनता के लिए कुछ काम नहीं किया है। 15 साल पुरानी गाड़ी को जब सरकार सड़क पर नहीं चलने देती है तो नीतीश कुमार 20 साल से सरकार चला रही है। अब नीतीश सरकार की खटारा सरकार को उखाड़ फेंकने का समय आ गया है। यही मौका है, जनता को एकजुट होकर राजद की सरकार बनाने में मदद करनी चाहिए। नीतीश कुमार कभी इधर, कभी उधर जाकर जनता के साथ धोखा कर रहे हैं। इतने साल सरकार में रहने के बावजूद बिहार से गरीबी, मंहगाई, पलायन नहीं रूकी है। भाजपा ने सीएम नीतीश कुमार को हाइजेक कर लिया है। बजट में भी केन्द्र सरकार ने बिहार के साथ सौतेला व्यवहार किया है। इस अवसर पर झारखंड सरकार में उद्योग व श्रम संसाधन मंत्री संजय प्रसाद यादव, पूर्व केन्द्रीय मंत्री सह पूर्व सांसद जयप्रकाश नारायण यादव, देवघर विधायक सुरेश पासवान, धोरैया विधायक भूदेव चौधरी, पूर्व मंत्री डॉ. जावेद इकबाल अंसारी, पूर्व विधायक स्वीटी सीमा हेम्ब्रम, पूर्व विधायक भोला प्रसाद यादव, पूर्व विधायक रामदेव यादव, राजद जिलाध्यक्ष अर्जुन प्रसाद ठाकुर, महिला जिलाध्यक्ष कंचन कुमारी, पूर्व एमएलसी संजय यादव, झारखंड के राजद प्रभारी धनंजय यादव, गुड्डू यादव सहित कई राजद नेता व कार्यकर्ता मौजूद थे।

## एक नजर

### कलाकारों को किया गया सम्मानित

**बरौनी (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** दुलारपुर मठ के प्रांगण में सुप्रसिद्ध रंगकर्मी, गीतकार' अमर बेगूसराई को उनके अंगिका फिल्म के क्षेत्र में विभिन्न विधाओं में विशेष योगदान के लिए दिनकर फिल्म सिटी के संस्थापक व अध्यक्ष चर्चित फिल्म अभिनेता अमिय कश्यप तथा मिथिला सेवी प्रो पीके झा प्रेम ने संयुक्त रूप से अंग वस्त्र और पुष्पाहार से सम्मानित किया। ज्ञातव्य हो कि अमर बेगूसराई हाल ही में चर्चित अंगिका फिल्म पकरौआ विआह एक मुख्य भूमिका में अपने दमदार उपस्थिति एवं फिल्म में गीत से मोहित कर दिया। इस अवसर पर दिनकर फिल्म सिटी से जुड़े कलाकार राकेश महंत, रंजन, राजीव कुमार, मुस्कान, बादल, संजीव पहलवान, राम रूचि, मुकेश शर्मा, कुंदन, राजन सिंह, अनिल कुमार, आर के पुनम गुडडू श्वेत कमल, विपिन, देवानंद, चम्पा राय आदि मौजूद थे।

### अग्नि पीड़ितों को दी राहत सामग्री

**बखरी (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** बखरी विधानसभा के नावकोठी में हुई भीषण अग्निकांड को लेकर अग्नि पीडित परिवारों के मदद के लिए हाथ उठने लगे हैं। इसी कड़ी में बखरी शकरपुरा निवासी भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा के प्रदेश प्रवक्ता विनोद राम के द्वारा नावकोठी प्रखंड के नावकोठी पंचायत महादलित टोला में लगभग 100 परिवारों को साड़ी, लुंगी, चूड़ा शक्कर मंगलवार को पीड़ित परिवारों के बीच वितरण किया गया।इस दौरान प्रदेश प्रवक्ता विनोद राम ने कहा कि गत दिनों भीषण अगलगी की घटना में दर्जनों परिवार बेघर हो गए ऐसे चिन्हित परिवारों के बीच उनकी निजी कोष द्वारा राहत कीट का वितरण किया गया। उन्होंने कहा कि गरीबों को मदद करना ही असली मानवता है। वही नावकोठी पंचायत के मुखिया एवं भाजपा नेता राष्ट्रपति कुमार ने पीड़ितों से मुलाकात कर उनकी पीड़ा साझा किया। इस दौरान नावकोठी भाजपा मंडल अध्यक्ष मुकेश कुमार, भाजपा ओबीसी मोर्चा के जिला अध्यक्ष कुंदन कानू, नितेश सिंह राजपूत,नावकोठी वार्ड सदस्य सुधीर रजक, संजीव चौधरी, नवल चौधरी, प्रिंस कुमार, सहित कार्यकर्ता मौजूद थे।

### फंदे से लटका मिला युवक का शव

**बछवाड़ा (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** थाना क्षेत्र अंतर्गत दादूपुर पंचायत के वार्ड संख्या चार वारिसनगर में सोमवार की देर रात लगभग 15 वर्षीय बालक का शव अपने डेरा में फंदे से लटका मिला। मौत की खबर सुनते ही परिजनों के चीत्कार से इलाके में सनसनी फैल गई और देखने वालों का हुजूम जमा हो गया। घटना की सूचना बछवाड़ा पुलिस को दी गई। मौके पर पुलिस ने पहुंचकर घटना की तहकीकात करते हुए उक्त बालक के शव को कब्जे में लिया और पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल बेगूसराय भेज दिया। मृतक की पहचान वार्ड संख्या चार वारिसनगर निवासी सेठों महतो के लगभग 15 वर्षीय पुत्र सुनील कुमार के रूप में की गई है। उक्त बालक के माता और पिता ने बताया कि मेरा पुत्र मेला देखने के लिए भगवानपुर गांव गया था। जिसके बाद देर रात जब शौच के लिए डेरा पर लौटा खोजने गए तो देखा कि पुत्र फंदे में लटका हुआ है। उन्होंने कहा कि पूर्व में हुए जमीनी विवाद के कारण मेरे पुत्र को बेहरमी से मारकर फंदे से लटका दिया गया है। क्योंकि शरीर के विभिन्न हिस्सों में अलग-अलग चोट के निशान है। मृतक चार भाई और एक बहन है। वही राजद युवा प्रदेश उपाध्यक्ष कुमार रूपेश यादव अपने साथियों के साथ पीड़ित परिवार से मुलाकात कर सांत्वना देते हुए अभिलंब मामले की छानबीन कर दोषियों को सजा दिलाने की मांग की है।

### बिजली रहेगी बाधित

**बखरी (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** बखरी प्रखंड में बुधवार सुबह 8 बजे से दोपहर 11 बजे तक बिजली आपूर्ति बंद रहेगी।मेंटेनेंस के कारण बखरी नगर परिषद् से लेकर ग्रामीण क्षेत्रों में सभी जगह विद्युत बाधित रहेगी। इस संबन्ध में जानकारी देते हुए विद्युत एसडीओ राजीव रंजन ने बताया कि 33 केभी बखरी लाइन में मेंटेनेंस के कारण बखरी पावर हाऊस के सभी 11 केभी फिडर का आपूर्ति 8 से 11 बजे दोपहर तक बाधित रहेगी। जिससे कि प्रखंड में बिजली की आपूर्ति नहीं होगी। जिससे आपको कुछ घंटों के लिए परेशानी हो सकती है।

### दुर्घटना में घायल

**बछवाड़ा (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** थाना क्षेत्र अंतर्गत बछवाड़ा-समसा पथ बैंक बाजार स्थित पुराना दक्षिण बिहार ग्रामीण बैंक के समीप सोमवार की देर शाम ई-रिक्शा और मोटरसाइकिल में आमने-सामने टक्कर हो गई। जिसमें ई-रिक्शा पर सवार एक युवक और मोटरसाइकिल सवार दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। आनन-फानन में स्थानीय लोगों ने उक्त घायलों को ई-रिक्शा के सहारे ईलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बछवाड़ा में भर्ती कराया। जहां प्रथम उपचार कर समुचित इलाज के लिए दो युवकों को सदर अस्पताल बेगूसराय रेफर किया गया। घायल युवक की पहचान बलिया थाना क्षेत्र अंतर्गत मंसूरचक निवासी स्वर्गीय विष्णुदेव दास के पुत्र मुन्ना कुमार और मंसूरचक थाना क्षेत्र अंतर्गत समसा निवासी साजन कुमार और राजेश पासवान के पुत्र मयंक कुमार के रूप में की गई है।

### मोटरसाइकिल जुलूस निकला

**बरौनी (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** रामनवमी के अवसर पर हर साल की भांति इस साल भी मंगलवार को श्री महाराणा प्रताप परशुराम व्यायाम साला सह बजरंग दल बरौनी इकाई के द्वारा बरौनी आलू चट्टी रोड अनिल आजाद के गली से सैकड़ो की संख्या में उत्साहित सनातनी युवाओं ने शांतिपूर्ण माहौल में मोटरसाइकिल शोभायात्रा का शुभारंभ किया। शोभायात्रा आलू चट्टी रोड़ से प्रारंभ होकर मिर्चौया चौंक, राजेन्द्र रोड़, वाटिका चौक, कोल बोर्ड रोड़, रजवाड़ा गुमटी से होकर ठाकुरिचक होते हुए बारों आर्य मंदिर बारों बाजार निपानिया, कादिर चक होते अंबे सिनेमा गुमटी, 7बी होकर कार्यकर्म स्थल पर जाकर शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न किया। जुलूस में सैकड़ों की संख्या में मोटरसाइकल पर सवार होकर लोग शामिल हुए। जूलूस के दौरान तेघड़ा अनुमंडल पदाधिकारी राकेश कुमार, तेघड़ा अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी रविंद्र मोहन प्रसाद, फुलवाड़िया थानाध्यक्ष दिवाकर प्रसाद सिंह, सहित भारी सुरक्षा कर्मी मौजूद थे।

### सद्भावना कप बैडमिंटन टूर्नामेंट शुरू

**अरवल (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** अरवल जिले में राज्य स्तरीय सद्भावना कप बैडमिंटन टूर्नामेंट का आज उद्घाटन आरक्षी अधीक्षक डॉक्टर इनामुल हक द्वारा किया गया। दो दिवसीय राज्य स्तरीय सद्भावना कप बैडमिंटन टूर्नामेंट मे उपस्थित खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए आरक्षी अधीक्षक ने कहा कि खेल के भावना से आपसी एकता और भाईचारा विकसित होता है और समाज में रचनात्मक कार्य को करने की प्रवृत्ति पैदा होती है। उन्होंने खिलाड़ियों से हार जीत से सीख लेने और आपसी एकता भाईचारा बना कर खेल भावना से खेलने का आह्वान किया।

### योजनाओं को ससमय पूरा करने का निर्देश

**अरवल (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** अरवल जिले में जिला स्तरीय योजना एवं विकास समिति की बैठक स्थानीय सांसद सुरेंद्र प्रसाद यादव की अध्यक्षता में समाहरणालय के सभा कक्ष में आयोजित की गई। इसमें स्थानीय विधायक महानंद सिंह, जिला पदाधिकारी कुमार गौरव, नगर परिषद के अध्यक्ष साधना कुमारी सहित जिले के अनेक पदाधिकारी और सदस्य शामिल हुए। सांसद ने सभी पदाधिकारी को सरकार द्वारा संचालित विकास योजनाओं को समय पर गुणवत्ता के साथ पूरा करने का निर्देश दिया।

## संक्षिप्त समाचार

### कांग्रेस के नवनियुक्त अध्यक्ष को दी गयी बधाई

**बेतिया/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** जिला युवा कांग्रेस के जिला कार्यकारी अध्यक्ष मो एजाज की अध्यक्षता में एक बैठक संपन्न हुई। बैठक में प्रमोद कुमार पटेल को कांग्रेस कमेटी के नव मनोनीत जिला अध्यक्ष बनाए जाने पर हर्ष व्यक्त किया गया।वक्ताओं ने कहा कि प्रमोद कुमार पटेल को अध्यक्ष बनने से कांग्रेस पार्टी मजबूत होगी। मौके पर पूर्व विधायक मदन मोहन तिवारी, युवा कांग्रेस के प्रदेश महासचिव विनय कुमार यादव, युवा कांग्रेस के पूर्व जिला अध्यक्ष, रंजीत पटेल, राजकुमार कुशवाहा, राजेंद्र राम, मो. एजाज, वसी अहमद, रिंकू पासवान,शम्स आगाज, सैयद नावेद अख्तर, देवेश दत्त त्रिपाठी,प्रखंड अध्यक्ष मोहम्मद कलीमुल्लाह,तुफैल अहमद, नवनीत पांडे, ब्रह्मानंद पांडे, उमेश पटेल तौकीर अजीज आदि मौजूद रहे।

### शराब जब्त, एक कारोबारी गिरफ्तार

**नरकटियागंज/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** शिकारपुर पुलिस द्वारा अलग अलग जगहों पर शराब के विरुद्ध छापेमारी की गई है। पुलिस के इस करवाई में नौ लीटर चुलाई शराब के साथ शराब बनाने के कई उपकरणों को भी जब्त किया है। वही इस करवाई में पुलिस ने एक शराब कारोबारी को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार कारोबारी की पहचान केसरिया धांगड़ टोली निवासी फागु माझी के रूप में हुई है। थानाध्यक्ष अवनीश कुमार ने बताया गुप्त सूचना के आलोक में केसरिया एवं मधुबनी में छापेमारी की गई है। इस दौरान चुलाई शराब व शराब बनाने के उपकरण को जब्त करते हुए एक शराब कारोबारी को गिरफ्तार किया गया है। वही मधुबनी के खुर्शीद मियां भागने में सफल रहा। थानाध्यक्ष ने बताया कि चुलाई शराब व उपकरण को जब्त कर थाना लाया गया है। उन्होंने बताया कि खुर्शीद मियां पर प्राथमिकी दर्ज कर उसकी गिरफ्तारी के लिए छापेमारी की जा रही है। वही गिरफ्तार फागु मांझी के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कर न्यायिक हिरासत में भेजा जा रहा है।

### मांगों को लेकर हड़ताल पर गए एलएसबीए के बीसी

**नरकटियागंज/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** लोहिया स्वच्छ बिहार अभियान संविदा कर्मी संघ के आह्वान पर अपनी 13 सूत्री मांगों को लेकर मंगलवार से अनुमंडल के सभी प्रखंड समन्वयक अनिश्चितकालीन हड़ताल पर चले गए है। इस संदर्भ में प्रखंड समन्वयक राम विनय प्रसाद ने बताया कि संघ की ओर से 13 सूत्री मांगों के समर्थन में आठ अप्रैल से अनिश्चितकालीन हड़ताल शुरू किया गया है।जब तक हमारी मांगे पूरी नहीं होगी, तब तक हड़ताल जारी रहेगा। प्रखंड समन्वयक ने बताया कि हमारी मांगों में वित्तीय अधिकारी, मानदेय पुनरीक्षण, 60 वर्ष तक सेवाकाल, लैपटॉप पॉलिसी, दुर्घटना अथवा मृत्यु लाभ, निकटतम गृह जिला में पदस्थापना, टीए/डीए,अतिरिक्त कार्य के लिए भत्ता समेत कई मांग शामिल है। उन्होंने बताया कि इस अनिश्चितकाल हड़ताल में गौनाहा, लौरिया, मैनाटांड व सिकटा समेत सभी प्रखंडों के प्रखंड समन्वयक शामिल हैं।

### दो पियक्कड़ गिरफ्तार, भेजे गए जेल

**गौनाहा/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** मटियरिया पुलिस ने सोमवार की देर शाम बड़हरवा व सोनवर्षा बाजार में शराब पीकर हंगामा कर रहे दो पियक्कड़ को गिरफ्तार कर जेल भेज दी है। पियक्कड़ की पहचान सीरिसिया गांव निवासी वीरेंद्र सिंह व बड़हरवा गांव निवासी अग्निदेव महतो के रूप में हुई हैं। इसकी जानकारी देते हुए थानाध्यक्ष दुर्गेश कुमार ने बताया कि दोनों पियक्कड़ों को मद्य व उत्पाद अधिनियम के तहत एसआईआर दर्ज कर जेल भेज दिया गया ।

### कल पांच घंटे नहीं मिलेगी बिजली

**सीवान/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** शहर के पुरानी पीएसएस से जुड़े आनन्द नगर फीडर के उपभोक्ताओं को गुरुवार को पांच घंटे बिजली नहीं मिलेगी. इस दौरान शांति वट वृक्ष के समीप मेंटनेंस कार्य होगा. इस संबंध में शहरी सहायक विद्युत अभियंता शिव शंकर सिंह ने बताया कि पुरानी पीएसएस से जुड़े आनन्द नगर फीडर के बड़ी मस्जिद, कसेरा टोली, शांति वट वृक्ष, डीएवी मोड़ समेत आसपास के मुहल्लों में बिजली आपूर्ति सुबह छह बजे से 11 बजे तक बंद रहेगी. उन्होंने बिजली संबंधी कार्यों को बिजली कटौती से पूर्व कर लेने की अपील की है.

### खलिहान में लगी आग, पांच सौ गेहूं का बोझा राख



**हसनपुरा/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** प्रखंड के पकड़ी पंचायत के महुअल महाल में मंगलवार की दोपहर खलिहान में रखे पांच सौ गेहूं के बोझा जला कर राख हो गया। महुअल निवासी चंद्रिका भगत ने गेहूं का बोझा ध्वनी कराने के खलिहान में रखा गया था। तभी अचानक बोझे में आग लग गया। उसके बाद सभी बोझे धूं-धूं कर जलने लगा।आग की लपटे देख वहां आग बुझाने के लिए अफरा तफरी का माहौल कायम हो गया। स्थानीय ग्रामीणों ने पंपिंग सेट चलाकर आग पर काबू पाया। तब तक चंद्रिका भगत का पांच सौ गेहूं का बोझा जल कर राख हो गया। संयोग वश खलिहान में रखे अन्य गेंहू का बोझा जलने से बच गया। आग कैसे लगी इसका पता अभी नहीं चल सका है। उपमुखिया पारसनाथ पंडित ने अंचलाधिकारी से मुआवजा दिलाने की मांग की है।

### जनता के आन्दोलनों के बगैर कोई भी समस्या का समाधान संभव नहीं

**बेतिया/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** भाजपा की मोदी सरकार हमारी खेती-खेत व फसल को कारपोरेट के पक्ष में हमसे छीन लेना चाह रही है। पहले हमारी खेती में मिलने वाली सभी सुविधाओं को समाप्त कर उसे घाटे का कार्य बना दिया, फिर कानून के सहारे खेत - खेती फसल पर कारपोरेट का कब्जा दिला देना चाहती है। उक्त बातें अखिल भारतीय किसान महासभा के राज्य परिषद के दूसरे दिन बैठक को सम्बोधित करते आरा सांसद सुदामा प्रसाद ने कहीं। आगे कहा कि हम किसान अब तक के इतिहास में सबसे संकट के दौर से गुजर रहे है। इसलिए कृषि को बचाने के लिए फसल पर टी -2$50ः के साथ एम एस पी की कानूनी गारंटी, खाद्य सुरक्षा, संपूर्ण कर्ज माफी, कृषि मंडियों की पुनर्बहाली, सिंचाई हेतु मुफ्त बिजली, सिंचाई संसाधनों का जीर्णोद्धार व नए का निर्माण, बाढ़ सुखाड़ का स्थाई प्रबंध करें। आगे कहा कि 10 मई 1857 ऐतिहासिक दिवस पर अखिल भारतीय किसान महासभा की स्वापन दिवस पर सभी जिला मुख्यालयों पर राज्य / जिला/ अंचल कार्यालयों पर आंदोलन को सफल करे। काराकाट विधायक अरूण सिंह ने कहा कि सिंचाई के बिना खेती की परिकल्पना भी नहीं की जा सकती है। आज के आधुनिक समय में भी हमारी खेती प्रकृति पर पूर्णतः निर्भर है। अतीत में बिहार में जो भी सिंचाई संसाधन थे, वे सभी सरकारी उदासीनता के कारण मृत प्राय हो चुके हैं। सभी सरकारी नलकूप बंद पड़े है। डीजल और बिजली काफी महंगी है। आगे कहा कि भाजपा के नफरत और विभाजन थी राजनीति को किसानों के हर सवालों को मजबूती से खड़ा कर लगाम लगा सकते हैं। अखिल भारतीय किसान महासभा राज्य सचिव उमेश सिंह ने कहा कि 20 वर्षों से नीतीश बाबू बिहार की सत्ता पर कायम है।

# पांच पंचायतों के कलस्टर पर एक नया आधार केंद्र की जरूरत

**प्रस्ताव विभाग को अग्रसारित**



**सीवान/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** जिले में आधार कार्ड बनाने में हो रही समस्या को देखते हुए मंगलवार को जिला पदाधिकारी ने कई महत्वपूर्ण निर्देश दिए है। बैठक के माध्यम से बताया कि प्रत्येक पांच पंचायतों के क्लस्टर पर एक नया आधार केंद्र खोलने का प्रस्ताव ग्रामीण विकास विकास को भेजा जाना है। ताकि महादलित टोलों में निवास करने वालों का शत-प्रतिशत आधार से आच्छादन हो सके।

वही पूर्व से विभाग का जो केंद्र प्रखंड / जिला मुख्यालय/अनुमंडल/ नगर पंचायत मुख्यालय में कार्यरत है उनको भी सुचारू रूप से क्रियाशील रखने का निदेश दिया गया ताकि स्कूल के बच्चों व आंगनबाड़ी के बच्चों व लाभार्थियों का आधार कार्ड के लिए पंजीयन का लक्ष्य शत प्रतिशत पूरा हो सके। इसके अलावा जानकारी देते हुए कहा कि इसके लिए भी जिले के 285 पोस्ट ऑफिस में से 28 में आधार केंद्र कार्यरत है। इसको सख्या बढ़ाने का निर्देश प्रबंधक इंडिया पोस्ट पेमेंट बैंक को दिया गया। बैंकों में जो केंद्र संचालित है वे सुचारू रूप से चलता रहे ये भी सुनिश्चित करने का निर्देश एलडीएम को दिया गया और सभी संबंधितों को केन्द्रों के सुचारू रूप से नियमानुसार कार्यरत रहने का जांचोपरांत प्रतिवेदन देना है ।साथ साथ नवम्बर 2024 से मार्च 2025 तक के प्रगति का भी प्रतिवेदन देने का निदेश दिया गया। बैठक में अपर समाहर्ता सिवान, उपविकास आयुक्त सिवान, सिविल सर्जन सिवान, डायरेक्टर डीआरडीए, एलडीएम, मैनेजर इंडिया पोस्ट पेमेंट उपस्थित रहें।

## जिला पदाधिकारी ने गेहूं खरीद में तेजी लाने का दिया निर्देश



**सिवान/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** मंगलवार को जिला पदाधिकारी, सिवान की अध्यक्षता में जिला गेहूं अधिप्राप्ति टास्क फोर्स की बैठक कार्यालय कक्ष में की गई ।बैठक में जिला पदाधिकारी के द्वारा जिला में गेहूं खरीद के अद्यतन स्थिति की समीक्षा की गई। तत्पश्चात गेहूं खरीद में तेजी लाने व गेहूं खरीद के पश्चात किसानों को 48 घंटे के अंदर राशि का भुगतान उनके खातों के जरिए करवाने का निर्देश जिला पदाधिकारी द्वारा दिया गया। साथ साथ जिला प्रबंधक, राज्य खाद्य निगम को बड़े निजी गोदाम को भाड़े पर लेने का प्रस्ताव कमेटी के समक्ष रखने का भी निर्देश दिया ताकि प्रस्ताव पर सम्यक जांचोपरांत प्रस्ताव पारित कर विभाग को भेजा जा सके। तत्पश्चात जिले में अनाज के भंडारण हेतु किसी भी तरह की समस्या का सामना नहीं करना पड़ेगा । मौके पर उपस्थित आपूर्ति पदाधिकारी, सिवान को राशनकार्ड धारियों के लिए अनिवार्य आधार सीडिंग का कार्य को 30 जून तक शत प्रतिशत करवाने का भी निर्देश दिया गया।बैठक में जिला आपूर्ति पदाधिकारी, वरीय उपसमाहर्ता अधिप्राप्ति सिवान,जिला कृषि पदाधिकारी, जिला प्रबंधक राज्य खाद्य निगम एवं जिला सहकारिता पदाधिकारी, सिवान उपस्थित रहें। इसके साथ साथ जिला प्रबंधक राज्य खाद्य निगम, सिवान को मिलरों से चावल प्राप्त करने के साथ चावल भंडारण हेतु बड़े निजी गोदाम को भाड़ा पर लेने हेतु गोदाम की खोज कर जांच करने का निर्देश जिला प्रबंधक राज्य खाद्य निगम को दिया और कहा कि अधिक क्षमता का अनाज भंडारण करने वाले गोदाम को जांचोपरांत टास्क फोर्स के समक्ष प्रस्ताव उपस्थापित करे।।जिला धान अधिप्राप्ति टास्क फोर्स के अनुमोदनोपरान्त प्रस्ताव विभाग को भेजा जाएगा। तत्पश्चात अनुमोदन मिलने पर मिलों से प्राप्त किए गए चावल के भंडारण करने में सहूलियत हो सकेगी।चावल प्राप्त करने की अंतिम तिथि विभागीय निर्देश में 15 जून तय की गई।

## चमकी से बचाव के लिए चौपाल जरूरी : सीएस

**बेतिया/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** जिले में चमकी के मामलों पर रोकथाम हेतु जागरूकता बेहद जरुरी है, तभी चमकी के मामलों में कमी आएगी ये कहना है जिले के सीएस डॉ विजय कुमार का। उन्होंने कहा की आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, आशा व अन्य स्वास्थ्य कर्मी अपने क्षेत्र में लगातार संध्या चौपाल लगाए।

लोगों को एईएस जेई के लक्षण एवं इससे बचाव के उपाए बताए। क्योंकि अब गर्मी व लू का असर जिले में देखने को मिल रहा है। जिले की आशा, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता घर- घर जाकर चमकी बुखार से बच्चों के सुरक्षा के मद्देनजर उनके बचाव हेतु उपायों से अवगत कराएं, चमकी से बचाव के उपाय बताएं। साथ ही चमकी के लक्षणों की जानकारी देते हुए उन्हें चमकी के केस में तुरंत मिलने वाली सहायता, दवा, एम्बुलेंस के सम्पर्क नम्बर डॉक्टर के नम्बर, अस्पताल का नम्बर उपलब्ध कराएं, ताकि इलाज में किसी भी तरह से देरी न हो। अगर मामला आए भी तो तुरंत चिकित्सकीय सहायता प्रदान हो सके। जिले के मेडिकल कॉलेज व स्वास्थ्य केंद्रों पर जरूरी दवा और बेड चिकित्सकों के साथ 24 घंटे उपलब्ध कराया गया है। उन्होंने कहा चमकी से लड़ने के लिए चौपाल का एक बड़ा हथियार साबित होगा, जागरूकता से ही इस पर जीत हासिल होगी।

## शहर में आज चार घंटे बंद रहेगी बिजली

**सीवान/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** शहर के पुरानी व नई पीएसएस से जुड़े उपभोक्ताओं को बुधवार की सुबह चार घंटे बिजली नहीं मिलेगी.इस दौरान मेंटनेंस कार्य होगा। इस संबंध में शहरी सहायक विद्युत अभियंता शिव शंकर सिंह ने बताया कि पुरानी पीएसएस से जुड़े हॉस्पिटल फीडर व बलेथा फीडर में बुधवार की सुबह छह बजे से दस बजे तक बिजली बंद रहेगी.

वहीं आनंदनगर फीडर में भी सुबह नौ बजे से 12 बजे तक बिजली बाधित रहेगी. उन्होंने बताया कि इस दौरान हॉस्पिटल फीडर के छपरा रोड में तरवारा मोड़ से लेकर बबुनिया मोड़, मखदुम सराय, तेलहट्टा बाजार, बबन पान भंडार व बलेथा फीडर के फतेहपुर, चकिया, हॉस्पिटल रोड, महादेवा, हकाम, बिन्दुसार बुजुर्ग समेत आसपास के क्षेत्रों में बिजली बाधित रहेगी. उन्होंने बिजली कटौती के दौरान वैकल्पिक व्यवस्था कर लेने की अपील की है.वहीं नई पीएसएस से जुड़े टाऊन वन, टाऊन टू व आइबी फीडर के महादेवा, विद्युतीहाता, खुरमाबाद, कागजी मोहल्ला, थाना रोड, सब्जी मंडी समेत कई जगहों पर बिजली बंद रहेगी.

## राज्य में टॉप फाइव में शामिल हुआ प.चंपारण

**भूमि निबंधन में पिछले वर्ष की तूलना में 36.87 प्रतिशत की वृद्धि**

**बेतिया/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** जिले के पांच निबंधन कार्यालयों में वितीय वर्ष 2024-25 राजस्व वसूली के मामले में चनपटिया निबंधन कार्यालय ने फिर बाजी मार ली है। हालाकि जिलाधिकारी सह जिला निबंधन पदाधिकारी दिनेश कुमार राय के दिशा निर्देश में प.चंपारण जिला इस बार पुरे बिहार में टॉप फाईव में अपना स्थान बना लिया है। जिसमें यदि आंकड़ो को देखा जाय तो प.चंपारण जिले में पुरे वितीय वर्ष 2024-25 में निर्धारित लक्ष्य से 20.56 प्रतिशत अतिरिक्त राजस्व की वसूली की गयी है। जो विगत वितीय वर्ष की तूलना में 36.87 प्रतिशत की वृद्धि है।

जिलाधिकारी दिनेश कुमार राय के हवाले से बेतिया के अवर निबंधन पदाधिकारी गिरीश चंद्र ने बताया कि वितीय वर्ष 2024-25 में प.चंपारण जिला को भू निबंधन मामले में 189 करोड़ 64 लाख का लक्ष्य निर्धारित किया गया था। जिसके विरुद्ध निबंधन विभाग ने 228 करोड़ 63 लाख 45 हजार 803 रुपया का राजस्व प्राप्त किया। जबकि वितीय वर्ष 2023-24 में 167 करोड़ 4लाख 79 हजार 928 रुपये की प्राप्ति हुयी थी। अवर निबंधन गिरीश चंद्र ने बताया कि केवल अकेले बेतिया निबंधन कार्यालय ने निर्धारित लक्ष्य 81 करोड़ 91 लाख के विरुद्ध 99 करोड़ 53 लाख 93 हजार 4 रुपये प्राप्त किया है। जबकि शिकारपुर निबंधन कार्यालय ने निर्धारित लक्ष्य 42 करोड़ 21 लाख के विरुद्ध 47 करोड़ 87 लाख 85 हजार 341 रुपये, बगहा ने 27 करोड़ 76 लाख के विरुद्ध 31 करोड़ 95 लाख 96 हजार 872 रुपये, लौरिया ने 19करो. 85 लाख के विरुद्ध 24 करोड़ 74 लाख 11 हजार 585 रुपये तथा चनपटिया ने 17करोड़ 91 लाख के विरुद्ध 24 करोड़ 51 लाख 59 हजार 1 रुपये की वसूली की है। इस उपलब्धि से जिले के विकास कार्यों को गति मिलने की उम्मीद है। अवर निबंधक ने बताया कि आगामी वर्ष में और बेहतर परिणाम के लिए रणनीति बनाई जा रही है।

## भाजपा चुनाव में जो वादा करती है उसे निभाती है : डा. संजय



**बेतिया/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** भाजपा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष सह स्थानीय सांसद डा संजय जायसवाल ने कहा है कि भाजपा चुनाव में जो वादा करती है उसे निभाती है। पार्टी जो कहती है उसे पूरा करती है। वे मंगलवार को मेहदियाबारी स्थित पार्टी के जिला कार्यालय में मीडिया कर्मियों को संबोधित कर रहे थे। सांसद ने कहा कि चुनाव के पूर्व भाजपा ने 10 लाख नौकरी और 20 लाख लोगों को रोजगार देने का वादा किया था। अब तक सवा नौ लाख लोगों को नौकरी दी जा चुकी है। सरकार चुनाव तक 12 लाख लोगों को नौकरी देने में सफल हो जाएगी। 20 लाख की बजाय 24 लाख लोगों को रोजगार दिया जा चुका है। चुनाव तक 34 लाख लोगों को रोजगार दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सहयोग से मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व में सूबे का विकास हो रहा है, हर काम पर ध्यान दिया जा रहा है। सांसद ने चनपटिया विधायक उमाकांत सिंह के कामकाज की प्रशंसा करते हुए कहा कि चनपटिया विधानसभा क्षेत्र का काफी विकास हुआ है। चनपटिया एक नया मुकाम हासिल कर रहा है। चनपटिया बाजार समिति प्रांगण को इंडस्ट्री का सेंटर घोषित किया गया है। यहां सूबे का पहला बायोगैस प्लांट बन रहा है। वही चनपटिया विधायक उमाकांत सिंह ने कहा कि चनपटिया विधानसभा का कोई पंचायत विकास से अधूरा नहीं है हर जगह सड़क, पुल पुलिया, नाले का निर्माण हुआ है। चनपटिया में रजिस्ट्री कार्यालय, टेक्सटाइल्स पार्क, एनडीआरएफ ट्रेनिंग सेंटर, स्टार्टअप जोन का निर्माण हुआ है। करोड़ों की लागत से कई सड़क बनने वाला है। प्रेस वार्ता के दौरान भाजपा जिलाध्यक्ष रूपक श्रीवास्तव, रवि सिंह, मुन्ना तिवारी, विश्वनाथ कुशवाहा आदि मौजूद रहे।

## शिक्षा पदाधिकारी ने स्कूलों का किया औचक निरीक्षण



**सिसवन /सीवान/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी चंद्रभान सिंह ने मंगलवार को प्रखंड के बखरी मध्य विद्यालय सहित प्रखंड क्षेत्र के आधा दर्जन स्कूलों का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने शिक्षकों से विद्यालय में पठन-पाठन की स्थिति में सुधार लाने सहित अन्य दिशा निर्देश दिया। निरीक्षण के क्रम में प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी चंद्रभान सिंह ने शिक्षक शिक्षिकाओं एवं छात्र-छात्राओं की उपस्थिति पंजी सहित मध्यान भोजन पंजी का निरीक्षण करते हुए साफ सफाई का भी जायजा लिया। उन्होंने कहा कि जो बच्चे विद्यालय नहीं आते हैं उसके घर जाकर अभिभावकों को प्रेरित करें। विद्यालय में उपस्थिति बढ़ाने के लिए शिक्षकों को बच्चों तथा अभिभावकों से संपर्क रखना जरूरी है।कक्षा संचालन में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

## फिकल स्लज ट्रीटमेंट प्लांट निर्माण को लेकर भसुरारी में भूमि का निरीक्षण



**नरकटियागंज/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** प्रखंड में फिकल स्लज ट्रीटमेंट प्लांट का निर्माण कराया जाएगा। इसको लेकर पटना से आई अधिकारियो की टीम ने भसुरारी पंचायत में प्लांट स्थापित करने को लेकर भूमि का जायजा लिया है। टीम के साथ एसएलडब्ल्यूएम के जिला सलाहकार शशि रंजन व बीडीओ सूरज कुमार सिंह भी शामिल रहे। पटना से पहुचीं टीम में प्रोजेक्ट मैनेजर कुमारी मेघना एवं कुमारी पूर्वा ने सबसे पहले भसुरारी पंचायत नरकटिया गांव के समीप चिन्हित भूमि का अवलोकन किया। हालाकि चिन्हित भूमि के समीप धार्मिक स्थल होने के चलते इसे अस्वीकृत कर दिया गया। इसके बाद अधिकारियो की टीम पंचायत के वार्ड संख्या 15 में डब्ल्यूपीयू के समीप भूमि का जायजा लिया। इस दौरान पटना से आई टीम ने बीडीओ सूरज कुमार सिंह से आवश्यक जानकारी ली। बीडीओ ने बताया कि फिकल स्लज ट्रीटमेंट प्लांट यानी मल- कीचड़ उपचार संयंत्र स्थापित करने के लिए पटना से एक टीम आई थी। भसुरारी में प्लांट स्थापित करने को लेकर टीम ने भूमि का जायजा लिया है। प्लांट के लिए करीब एक एकड़ भूमि को चयनित किया गया है। उक्त भूमि का अंचल प्रशासन की ओर से एनओसी दिया जाएगा। इसके बाद प्लान स्थापित होगा।

## सीआइटीयू से सम्बद्ध बिहार राज्य आटो ई रिक्शा चालक संघ का प्रदर्शन




**बेतिया/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** नगर निगम, रेलवे तथा बेतिया राज के द्वारा ई रिक्शा चालकों से कौड़ी के नाम पर शोषण किये जाने को लेकर आज बेतिया में ई रिक्शा तथा आटो पूर्णतः बंद रहा, तथा नगर भवन से विशाल मार्च निकाला गया जो जिला समाहर्ता के समकक्ष जाकर सभा में तब्दील हो गया। सभा की अध्यक्षता संयोजक म॰ हनीफ ने कि। संयोजक म. हनीफ ने बताया कि आज ई रिक्शा चालकों पर तुगलकी फरमान जारी कर के एक ई रिक्शा चालकों से प्रतिदिन 142 रू लिया जा रहा है एक तरफ नगर निगम, रेलवे तथा बेतिया राज के द्वारा तो दूसरी तरफ लगेज का नाम पर मोटी उगाही की जा रही है।शहर के अंदर न ही ई रिक्शा का पड़ाव स्थल है न ही चार्जिंग प्वाइंट है जिससे ई रिक्शा चालकों को काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। सभा को म॰ शम्मी आलम, लड्डू कुमार, आर्यन कुमार,सी आई टी यू के जिला महासचिव शंकर कुमार राव, अध्यक्ष विनोद नरूला,खेतिहर मजदूर यूनियन के अध्यक्ष प्रकाश कुमार वर्मा, सचिव प्रभुनाथ गुप्ता, किसान सभा के राज्य के साथी चांदसी प्रसाद यादव, नौजवान नेता सुशील श्रीवास्तव, सी आई टी यू राज्य कार्यकारिणी सदस्य नीरज बरनवाल ने सम्बोधित किया। प्रदर्शन के बाद एक प्रतिनिधिमंडल मेयर से मुलाकात किया गया तथा सम्मान पूर्वक वार्ता हुई, उन्होंने कहा कि लगेज का पैसा जो लगता है वो नहीं लगेगा तथा और सब आप सबों का जो मांग है जिला समाहर्ता से वार्ता कर आपको सूचना जल्द दे दी जाएगी। आज के प्रदर्शन मे गोपी कुमार, सुरेश कुशवाहा,अजय कुमार,म॰ वहीद,म॰ सहीम,राजु बैठा,के साथ सैकड़ों ई रिक्शा चालक मौजूद थे।

## इंफोटेक ने किया प्रतिभाशाली छात्र-छात्राओं को सम्मानित



**बेतिया/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** मझौलिया प्रखंड परिसर अवस्थित सभागार में प्रखंड के सभी उच्च एवं माध्यमिक विद्यालयो के मैट्रिक एवं इंटरमीडिएट टॉपर छात्र छात्राओं के लिए प्रतिभा सम्मान 2025 का आयोजन किया गया। यह आयोजन बिहार कौशल विकाश मिशन द्वारा चलाये जा रहे निरूशुल्क प्रशिक्षण कार्यक्रम ष्कुशल युवा कार्यक्रम ष की संचालक संस्था इंफोटेक, कविवर नेपाली पथ, बेतिया के द्वारा किया गया। जिसमे मुख्य अथिति के रूप में प्रखंड विकास पदाधिकारी (प्रशिक्षु) सौरभ कुशवाहा, प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी मझौलिया हफीजुर्रहमान, राजस्व पदाधिकारी रमेश कुमार सिंह, उच्च माध्यमिक विद्यालय रामनगर बनकट की प्राचार्या माला कुमारी एवं अन्य विद्यालयों के प्रधानाध्यापकों ने उपस्थित होकर बच्चों का उत्साहवर्धन किया। कार्यक्रम में इंफोटेक के निदेशक ज्ञानेंद्र शरण द्वारा कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए सभी अथितियों का स्वागत किया गया। उपस्थिति सभी छात्र छात्राओं को कुशल युवा कार्यक्रम में नामांकन पर ली जाने वाली 1000 रुपए सिक्योरिटी डिपाजिट के राशि को उनके नामांकन पर छूट दी। मौके पर कौशल विकास केंद्र मझौलिया के लर्निंग फैसीलिटेटर चन्दन जोशी, आफताब आलम, अर्जुन कुमार शशिभूषण कुमार एवं प्रदीप उपस्थित थे। कार्यक्रम का समापन सेंटर कोआरडिनेटर सुश्री सबा खानम के द्वारा किया गया।

## आठवीं के बच्चों की सम्मान के साथ हुई विदाई



**दरौली/ सिवान/ नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** स्थानीय थानाक्षेत्र के उत्क्रमित मध्य विद्यालय पतौवा में छात्र-अभिभावक सम्मान समारोह कार्यक्रम आयोजित कर आठवीं उतीर्ण छात्र छात्राओं को सम्मानित कर विदाई किया गया। विद्यालय के प्रधानाध्यापक आनंद कुमार नीरज की अध्यक्षता में आयोजित इस कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि वाराणसी के प्रसिद्ध चिकित्सक डॉ जेपी विश्वकर्मा व सामाजिक नेत्री शशि शर्मा मौजूद रहीं जिन्होनें बच्चों को सम्मानित किया व अपने अभिभाषण से बच्चों को बेहतर शिक्षा के लिए प्रेरित किया। डॉ जेपी ने अपने संबोधन में कहा कि "शिक्षा का अभाव जीवन का अंधेरा है" "शिक्षा ही एक ऐसी कुंजी है जिससे किसी भी ताले को खोल सकते है"अतः कठिन परिश्रम और लगन के साथ पढ़ाई करें। उन्होंने अभिभावकों से अनुरोध किया अपने बच्चों को शिक्षा जरूर दे चाहे इसके लिये आपको अतिरिक्त मेहनत ही क्यों न करनी पड़े। कार्यक्रम को सहायक शिक्षक सुरेंद्र कुमार सहित अन्य ने संबोधित किया। इस मौके पर काफी संख्या में अभिभावक भी मौजूद रहे।

## बेतिया पुलिस का वेबसाइट लांच

**बेतिया/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** बेतिया पुलिस ने मंगलवार को अपना वेबसाइट लांच किया है। वेबसाइट से आम लोगों को काफी राहत मिलेगी/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो। वेबसाइट लॉन्च हो जाने के बाद अब कई तरह कामों के लिए लोगों को पुलिस के पास दौड़ने से मुक्ति मिल जाएगी। इस वेबसाइट के माध्यम से पुलिस की कई तरह की सूचनाएं आम लोगों तक पहुंचेगी। वेबसाइट में गुम हुए मोबाइल फोन का भी एक कालम है। मोबाइल फोन चोरी या गुम होने पर आमलोग अपने आधार नंबर के और मोबाइल फोन का बिल व उससे संबंधित सारी डिटेल उक्त कॉलम में अपलोड करेंगे। पुलिस की आसूचना इकाई के टीम उसे चेक कर संबंधित व्यक्ति से बात कर वेरीफाई करेगी। फिर संबंधित व्यक्ति को एक रजिस्ट्रेशन नंबर दिया जाएगा।

## शिक्षा के साथ-साथ बच्चों के अंदर कौशल और अनुशासन का होना आवश्यक : प्रदीप

**वार्षिक पुरस्कार समारोह सह विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन**



**नरकटियागंज/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** नगर के हरदिया चौक अवस्थित सेंट्रल स्कूल में वार्षिक समारोह सह विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन किया गया. समारोह का उदघाटन सेवानिवृत शिक्षक महेश्वर चतुवेर्दी, भाजपा नेता प्रदीप दुबे, प्राचार्य धिरेन्द्र मिश्र ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया. समारेह के दौरान स्कूल में सफल छात्रो को मेडल व प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया. प्रत्येक वर्ग के प्रथम द्वितीय एवं तृतीय रैंक एवं अनुशासन में प्रथम द्वितीय एवं तृतीय छात्रो को पुरस्कृत किया गया. कार्यक्रम को संबोधित करते हुए भाजपा के वरीय नेता प्रदीप दुबे ने कहा कि शिक्षा के साथ साथ बच्चो के अंदर कौशल और अनुशासन का होना आवश्यक है. इस पर शिक्षको को ध्यान देना होगा. बच्चो के अंदर छिपी प्रतिभा को पहचान कर उन्हे शिक्षा के क्षेत्र में आगे बढ़ाना होगा. वही प्राचार्य धीरेन्द्र मिश्र ने स्कूल के विभिन्न वर्गो के टापर बच्चों के साथ उनके अभिभावको को शाल ओढ़ा कर व मेडल देकर सम्मानित किया. इस दौरान स्कूल के बच्चो ने विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन किया. जिसमें चन्द्रयान, रिमोट से जेसीबी और ड्रोन कैमरा चलाने के अलावा कई प्रोज्क्ट का प्रदर्शन किया गया.

# भीषण गर्मी एवं लू से बचाव को लेकर औरंगाबाद जिला प्रशासन एक्शन मोड में

## समीक्षात्मक बैठक में जिलाधिकारी श्रीकांत शास्त्री ने दिए कई निर्देश

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**




**औरंगाबाद।** समाहरणालय सभागार में आपदा प्रबंधन विभाग अंतर्गत ग्रीष्मकालीन तैयारी से संबंधित लू एवं गर्मी से बचाव हेतु समीक्षात्मक बैठक जिलाधिकारी श्रीकांत शास्त्री की अध्यक्षता में आयोजित की गई। जिलाधिकारी द्वारा गर्मी के मौसम में संभावित आपदा से सुरक्षा हेतु विभागवार समीक्षा की गई। गर्मी के कारण सुखाड़, अगलगी, पीने के पानी की कमी, लू जैसे आपदा से निपटने के लिए सभी संबंधित विभाग के पदाधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए गए। बैठक में जिलाधिकारी द्वारा बताया गया कि ग्रीष्मकाल प्रारम्भ होने वाला है। भीषण गर्मी एवं लू (हिट वेब) के कारण जन-जीवन प्रभावित होता है। स्वास्थ्य एवं पेयजल संबंधी समस्याएं उत्पन्न होती हैं। विशेष रूप से बच्चों, गर्भवती महिलाओं एवं दिहाड़ी मजदूरों को कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। पेय जल संकट की स्थिति भी उत्पन्न हो जाती है। ऐसे में यह आवश्यक है कि राज्य सरकार के विभागों के द्वारा आमजनों को भीषण गर्मी एवं लू से बचाव हेतु कारगर उपाय एवं कार्रवाई की जाय। बैठक में जिलाधिकारी के द्वारा सिविल सर्जन को निर्देश दिया गया कि सभी अस्पतालों में लू से प्रभावितों के इलाज हेतु विशेष व्यवस्था यथा पेयजल की समुचित व्यवस्था, दवा की उपलब्धता ओआरएस घोल की उपलब्धता, ऑक्सीजन सिलेंडर, चिकित्सकों की प्रतिनियुक्ति, साफ-सफाई की उचित व्यवस्था एवं अस्पतालों ओपीडी स्थल में एसी और कुलर की पर्याप्त व्यवस्था करना सुनिश्चित करें। साथ ही साथ ओआरएस घोल बंटवाने हेतु पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध रखें। सभी पीएचससी अस्पतालों में कम से कम पांच वतानुकूलित बेड लू प्रभावितों मरीज के लिए बनाएं। इसके अतिरिक्त आवश्यकता अनुसार प्रभावित क्षेत्र के लिए चलंत चिकित्सा दल का भी व्यवस्था सुनिश्चित करें। पपपजिलाधिकारी के द्वारा सभी कार्यपालक पदाधिकारी से संबंधित वार्डो में पेयजल की समस्या का समाधान किस प्रकार कर रहे हैं इसकी बिंदुवार जानकारी ली एवं वार्डो में पेयजल आपूर्ति की व्यवस्था टैंकर, वाटर एटीएम एवं पियाउ के माध्यम से माध्यम से करने का निर्देश दिए। शहरी क्षेत्र में सार्वजनिक स्थलों पर पेयजल की व्यवस्था,खराब चपकालों की युध्दस्तर पर मरम्मति करने का एवं स्लम क्षेत्र एवं आश्रय स्थलों में पेयजल और व्यवस्था भी सुनिश्चित करने का निर्देश दिए। इसके अतिरिक्त जिलाधिकारी द्वारा सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी को निर्देश दिया गया कि किसी घर में अगलगी की घटना होती है तो उसे अविलंब मुआवजा भुगतान करें। अगर किसी घर में सारा सामान जल गया हो तो उन परिवारों के लिए खाना-पीना का भी व्यवस्था करें। इस भीषण गर्मी में के कारण सुखाड़, पीने के पानी की समस्या, लू जैसे आपदा से निपटने के लिए अन्य विभाग के संबंधित पदाधिकारियों को भी आवश्यक निर्देश दिए गए। इस बैठक में उप विकास आयुक्त अभ्येंद्र मोहन सिंह, अपर समाहर्ता आपदा उपेंद्र पंडित, जिला परिवहन पदाधिकारी शैलेश कुमार, जिला पंचायती राज पदाधिकारी इफ्तेखार अहमद आपदा प्रभारी अंतरा कुमारी, कार्यपालक अभियंता पीएचडी एवं विद्युत, सिविल सर्जन विनोद कुमार सभी प्रखंड पंचायती राज पदाधिकारी एवं वीडियो कांफ्रेंसिग के माध्यम से सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी एवं अंचल अधिकारी एवं जिला स्तरीय अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे।

# राष्ट्रीय लोक अदालत सुलहनीय वादों के निपटारे का सशक्त मंच : जिला जज

## 10 मई को जिले में आयोजित होगी इस वर्ष की दूसरी राष्ट्रीय लोक अदालत

- लंबित सुलहनीय वादों के निस्तारण की प्रक्रिया की तैयारी प्रारंभ
- वाद के प्राथमिकता के आधार पर लोक अदालत में निस्तारित किया जाएगा मामला
- वादों की पहचान कर नोटिस किए जा रहे तैयार



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** आगामी 10 मई को आयोजित होने वाली राष्ट्रीय लोक अदालत को लेकर जिले में तैयारियां जोरों पर हैं। प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण राज कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि यह लोक अदालत आमजन के लिए सुलह योग्य वादों के त्वरित और सौहार्दपूर्ण समाधान का एक महत्वपूर्ण अवसर है। जिला जज ने बताया कि इस वर्ष की दूसरी राष्ट्रीय लोक अदालत में जिले के सभी न्यायालयों में लंबित सुलहनीय वादों के निस्तारण की प्रक्रिया की तैयारी प्रारंभ कर दी गई है। संबंधित पक्षकारों को नोटिस भेजने का कार्य प्रगति पर है और कई पक्षकारों तक नोटिस पहुंच भी चुके हैं। साथ ही सभी न्यायालयों द्वारा ऐसे वादों की पहचान कर नोटिस तैयार किए जा रहे हैं ताकि अधिक से अधिक वादों का समाधान संभव हो सके। जिला जज ने आम नागरिकों से अपील करते हुए कहा कि यदि उनके न्यायालय में कोई सुलह योग्य वाद लंबित है, तो वे किसी भी कार्य दिवस में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के कार्यालय से संपर्क कर प्री-काउंसलिंग की प्रक्रिया पूरी कर सकते हैं। इससे 10 मई को लोक अदालत के दिन पक्षकारों की उपस्थिति में तत्काल निस्तारण की कार्रवाई सुनिश्चित की जा सकेगी। उन्होंने यह भी कहा कि लोक अदालत की तिथि में अब महज एक माह का समय शेष है, ऐसे में यदि किसी पक्षकार को अपने वाद के संबंध में सूचना प्राप्त होती है और वे न्यायालय या प्राधिकरण से संपर्क करते हैं, तो उनके वाद को प्राथमिकता के आधार पर लोक अदालत में निस्तारित किया जाएगा। राष्ट्रीय लोक अदालत में विभिन्न प्रकार के सिविल, राजस्व, पारिवारिक, बैंक ऋण, मोटर दुर्घटना दावा, विद्युत व जलकर, श्रम विवाद, किराया विवाद तथा अन्य सुलहनीय वादों का निपटारा आपसी सहमति के आधार पर किया जाता है, जिससे समय, ऊर्जा और खर्च की बचत होती है।

# कुसुम की खेती कर किसान बढ़ा रहे अपनी आमदनी

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**औरंगाबाद।** झारखंड के किसानों से प्रेरणा लेकर औरंगाबाद के प्रगतिशील मदन सिंह ने कुसुम की खेती शुरू की और आज अच्छी आमदनी कर रहे हैं। मदन औरंगाबाद जिले के कुटुंबा प्रखंड क्षेत्र के पोली गांव के रहने वाले हैं। आज उनकी प्रेरणा से गांव के अन्य किसान भी कुसुम की खेती कर रहे हैं। मार्केटिंग के लिए भी कही बाहर जाना नहीं पड़ता है, लोग एक हजार रूपये प्रति किलो की दर से कुसुम की फूल खरीदते ले जाते हैं। बताया जाता है कि एक पौधे से तीन बार फुल निकलते हैं, जिन्हें तोड़कर छांव में सुखाने के पश्चात बेचा जाता है। कुसुम के बीज का तेल निकाल कर खाने में इस्तेमाल किया जाता है। वहीं तेल निकालने के बाद बचे हुए खली का पशु आहार के रूप में इस्तेमाल किया जाता है। उस गांव के छह प्रगतिशील किसान करीब दो बीघा में खेती कर रहे हैं। कुसुम के पौधे अक्ट- नवंबर माह में लगाए जाते हैं। किसान धर्मेंद्र सिंह ने बताया कि एक कट्ठा जमीन में कुसुम की खेती लगाने से फूल बेचकर दो हजार रूपये तक की आमदनी हो जाती है। वहीं 25 से 30 किलो तक बीज निकल जाते हैं, जिनसे तेल निकाला जाता है। गांव के मदन सिंह, धर्मेंद्र सिंह, मुन्ना सिंह, उपेंद्र सिंह, उमेश सिंह ने कुसुम की खेती की है। उन्होंने बताया कि कुसुम के खेती में पटवन की समस्या बनी हुई है। वहीं व्यवसायियों द्वारा किसानों को फूलों के उचित मूल्य नहीं मिल पाता है। अन्य रबी फसल के मुकाबले लाभ ज्यादा होने के कारण कुसुम की खेती कर रहे हैं। किसानों ने सरकार से मदद की अपील की है।

# हाइवा की टक्कर से बाइक सवार युवक की मौत

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**




**औरंगाबाद।** बाइक सवार युवक को एक अनियंत्रित हाइवा ने जोरदार टक्कर मार दिया जिसमें उसकी मौत हो गई। घटना ओबरा थाना क्षेत्र के खराटी पुल की है। मृतक की पहचान गोह थाना क्षेत्र के दधपी गांव निवासी धनंजय वर्मा के 24 वर्षीय पुत्र विक्रम कुमार वर्मा के रूप में की गई है। जानकारी के मुताबिक विक्रम का दो साल पहले भारतीय नौसेना में नौकरी लगी थी। एक सप्ताह पहले छुट्टी लेकर वह घर आया था। आज किसी काम से औरंगाबाद जा रहा था, तभी उस जगह हादसे का शिकार हो गया। वह फिलहाल केरल में पदस्थापित था। इस घटना से परिजनों में शोक व्याप्त है। लोगों का रो-रोकर बुरा हाल है। थानाध्यक्ष नीतीश कुमार ने बताया कि सड़क दुर्घटना में एक युवक की मौत हो गई जिसकी सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम करवा कर परिजनों को सौंप दिया हैं। वहीं मामले में आगे की कार्रवाई की जा रही है।

# अनियंत्रित बाइक से गिरकर अधेड़ घायल

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** अनियंत्रित बाइक से गिरकर एक अधेड़ गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना देव थाना क्षेत्र के चतुर बिगहा गांव के समीप की है। घायल अधेड़ की पहचान थाना क्षेत्र के ही कुरका गांव निवासी जितेंद्र सिंह के रूप में हुई है। सदर अस्पताल में इलाज के दौरान घायल जितेंद्र सिंह ने बताया कि वह देव बाजार स्थित एक दुकान पर काम करता है। दोपहर में वह खाना खाने अपने घर गया था। इस दौरान दुकान उसका बेटा चल रहा था। खाना खाने के बाद वह दुकान जा रहा था। इसी दौरान चतुर बिगहा गांव के समय अनियंत्रित बाइक से गिरकर घायल हो गया।

# हमारी सरकार बनी तो महिलाओं को मिलेंगे प्रतिमाह 2500 : भाई बीरेंद्र

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**औरंगाबाद।** बिहार की जनता ने फैसला कर लिया है, प्रदेश में महागठबंधन की पूर्ण बहुमत से सरकार बनेगी। सरकार बनते ही माई बहिन मान योजना लाकर महिलाओं को प्रतिमाह 2500 रूपये तथा सामाजिक सुरक्षा पेंशन 400 से बढ़ाकर 1500 की जाएगी। उक्त बातें राष्ट्रीय जनता दल के मनेर विधायक भाई बीरेंद्र ने औरंगाबाद में एक प्रेस वार्ता में कही। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार आने पर रसोई गैस सिलेंडर की कीमत 12 सौ से घटाकर 500 रूपये किया जाएगा। वहीं बिजली बिल 200 यूनिट फ्री किया जाएगा। पूर्ण बहुमत से सरकार बनेगी तो हर वर्ष 1 लाख लोगों को नौकरी दी जाएगी। श्री बीरेंद्र ने कहा कि बिहार के लोग महंगाई, बेरोजगारी और अपराध से तबाह है। मौके पर राजद प्रदेश महासचिव ई. सुबोध कुमार सिंह, अरविंद यादव, संजय यादव, शत्रुध्न कुमार सहित कई अन्य मौजूद रहे।

# प्रतिभा सम्मान समारोह में मेधावी छात्रों को मिला सम्मान

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**




**औरंगाबाद।** मैट्रिक और इंटर में प्रथम एवं द्वितीय श्रेणी से पास हुए छात्र-छात्राओं के लिए प्रतिभा सम्मान समारोह आयोजित हुआ। यह कार्यकम शहर के चतरा मोड़ के समीप एक निजी होटल में आयोजित किया गया जिसकी अध्यक्षता जिला परिषद प्रतिनिधि राजेश कुमार ने किया। मौके पर बिनोद शर्मा ने कहा कि हमारे समाज, राज्य व राष्ट्र का भविष्य बच्चों के मजबूत कंधों पर टिका है। इस प्रतिभा सम्मान समारोह का उद्देश्य बच्चों को आगे बढ़ाने के लिए उन्हें प्रोत्साहित करना है। आपको मिलने वाले इस सम्मान से आप प्रोत्साहित होते हैं। साथ ही समाज के लोगों को आगे बढ़ने की प्रेरणा मिलती है। उन्होंने कहा कि 10वीं व 12वीं कक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन आपने किया है। यह पहला पड़ाव है। इससे अति आत्मविश्वास में नहीं आ जायें। आगे आपको करियर बनाना है। भविष्य में आपके ऊपर काफी जिम्मेदारियां भी आयेंगी। मुकेश शर्मा ने कहा कि आप मेहनत करेंगे तो आपकी सफलता में हर कोई मदद करेगा। इस अवसर पर राम प्रसाद शर्मा एवं कई बच्चे सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

# पीड़ित को मिली बीमा की राशि

**औरंगाबाद (नबिटा ब्यूरो)।** उपभोक्ता अदालत के एक वाद में जिला उपभोक्ता अदालत सदस्य बद्रीनारायण सिंह ने सूचक मुफस्सिल थाना क्षेत्र के तेदुआ पोखर निवासी महेंद्र प्रसाद को ओरिएंटल इंश्योरेंस कंपनी का 83833 रूपये का चेक सौंपा। इस अवसर पर सूचक के अधिवक्ता जगनरायण सिंह उपस्थित रहे। वाद सूचक ने बैंक ऋण से शिवगंज बाजार से एक गाय खरीदा था और उक्त बीमा कंपनी से बीमा कराया था।

# उचित मुआवजे की मांग को लेकर किसानों ने दिया धरना

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**




**नबीनगर (औरंगाबाद)।** भारतमाला परियोजना के तहत निर्माण हो रहे वाराणसी-कोलकाता ग्रीनफील्ड एक्सप्रेस-वे के लिए की जा रही भूमि अधिग्रहण तथा अंचल कार्यालयों में भ्रष्टचार रिश्वतखोरी के विरोध में भारतीय किसान यूनियन से जुड़े किसानों ने अंचल कार्यालय नबीनगर के प्रांगण में एक विशाल महाधरना दिया जिसमें लगभग पांच सौ की सख्या में महिला तथा पुरुष किसानों ने हिस्सा लिया। इस धरना कार्यक्रम का संचालन भारतीय किसान यूनियन के सदस्य अमरेश दूबे ने तथा अध्यक्षता अवधेश प्रसाद सिंह ने किया। इस दौरान किसानों ने अन्यायपूर्ण और नियम सम्मत भूमि अधिग्रहण न होने का कड़ा विरोध किया। धरना में पहुंचे विधायक डब्लू सिंह ने किसानों को सड़क से सदन तक कंधा से कंधा मिलाकर साथ लड़ने का भरोसा दिया। डब्लू सिंह ने आरोप लगाते हुए सरकार से सवाल किया कि जब प्रभावित किसानों को पैसा केंद्र सरकार को देना है तब भूमि का उचित दर तय करने में बिहार सरकार को दिक्कत क्यों हो रही है। भारतीय किसान यूनियन के जिला संयोजक वशिष्ठ प्रसाद सिंह ने कहा कि एक्सप्रेस-वे निर्माण में हमें जब तक उचित मुआवजा नहीं दिया जाता तब तक हम अपनी अपनी जमीनें नहीं देंगे। श्री सिंह ने कहा कि इसी जिला और इसी अंचल में संडा- महाराजगंज से रांची फोर लेन सड़क का निर्माण होता है तब वहां के प्रभावित किसानों को तीस हजार छह सौ बीस रु प्रति डिस्मिल के दर से ब्याज सहित चार गुणा करके मुआवजा राशि दी जाती है जबकि ठीक उसके बगल में एक ही जिला और एक ही अंचल होने के बावजूद भारत माला परियोजना में हमारे जमीनों का दर मात्र आठ हजार रुपये प्रति डिस्मिल तय किया गया है जो सरासर अन्याय है।

# मामूली विवाद ने लिया हिंसक रूप

**औरंगाबाद (नबिटा ब्यूरो)।** खलिहान में बकरी चले जाने से मारपीट की घटना घटी। मामला मुफस्सिल थाना क्षेत्र के खैरा पंचायत के करमा गांव की है। इस घटना में दादा-पोता गंभीर रूप से जख्मी हो गए। जख्मियों में उस गांव निवासी गणेश यादव व पोता भोला कुमार शामिल है। सदर अस्पताल में इलाज के दौरान जख्मी गणेश यादव ने बताया कि वे अपने पोते के साथ बकरी चरा रहे थे। इसी दौरान बकरी गांव के एक व्यक्ति की खलिहान में चली गयी। इसी बात को लेकर उक्त लोगों ने दादा-पोता की जमकर पिटाई कर दी, जिससे दोनों जख्मी हो गए। घटना के बाद परिजनों ने दोनों जख्मी दादा-पोता को इलाज के लिए सदर अस्पताल पहुंचाया, जहां के डॉक्टरों ने उपचार किया, फिलहाल घटना की सूचना मुफस्सिल थाना की पुलिस को दी गई है।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक कमल किशोर द्वारा भास्कर प्रिंटिंग प्रेस (डी.बी.कॉर्प.लि.), उड़ान टोला, दानापुर कैंट, शिवाला रोड, खगौल, शाहपुर, पटना (बिहार) से मुद्रित एवं सत्येन्द्र नगर, औरंगाबाद (बिहार) से प्रकाशित।

**संपादक - कमल किशोर**
नवबिहार टाइम्स (दैनिक)
सत्येन्द्र नगर औरंगाबाद (बिहार)
पिन - 824101
मो.-9431223574,9572550076
व्हाटसप नं.-7295863300
ई-मेल: nbtimesbihar@gmail.com
Web : www.navbihartime.com

**झारखंड कार्यालय**
31, कॉपरेटिव कॉलोनी.
बोकारो स्टील सिटी, बोकारो
मो.- 9431145865

**दिल्ली प्रतिनिधि**
मो.- 09818366269

हर घर नल का जल

## आगत गर्मी के मद्देनजर चापाकल की मरम्मति हेतु विशेष अभियान

बिहार सरकार
लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग



चापाकलों की मरम्मति हेतु सभी जिलों में चलन्त चापाकल मरम्मत दल (मोबाईल हैंडपंप रिपेयरिंग टीम) की व्यवस्था की गयी है।

आपके क्षेत्र में खराब सरकारी चापाकलों की सूचना आप जिला नियंत्रण कक्ष में निम्न नंबरों पर दे सकते है।



जलापूर्ति संबंधित के शिकायत हेतु अपने जिला नियंत्रण कक्ष के निम्न नंबरों पर संपर्क करें :

नियंत्रण कक्ष (मुख्यालय, पटना) : 0612 2215145 | 0612 2215152 | 0612 2215271 | 0612 2215739

| जिला का नाम | नियंत्रण कक्ष दूरभाष | कार्यपालक अभियंता का मोबाईल नम्बर | जिला का नाम | नियंत्रण कक्ष दूरभाष | कार्यपालक अभियंता का मोबाईल नम्बर | जिला का नाम | नियंत्रण कक्ष दूरभाष | कार्यपालक अभियंता का मोबाईल नम्बर |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| पटना | 0612—2225796 | 8544428562 | शेखपुरा | 06341—223262 | 8544428589 | रोहतास | 8544428995 | 8544428572 |
| | 0612—2280879 | 8544428563 | लखीसराय | 06346—296112 | 8544428590 | सुपौल | 06473—223669 | 8544428593 |
| नालंदा | 06112—230071 | 8544428565 | जमुई | 8544428957 | 9939259474 | मधुबनी | 06276—296190 | 8544429062 |
| | 06111—291501 | 8544428564 | मुजफ्फरपुर | 0621—3552758 | 8544429036 | | 06273—222280 | 8544428601 |
| गया | 0631—2220611 | 8544428566 | | 0622—3291255 | 8544428612 | सहरसा | 06478—225501 | 8544428592 |
| | 8544428865 | 8544428649 | वैशाली | 06224—260320 | 8544428577 | सीतामढ़ी | 06226—251818 | 8544429001 |
| जहानाबाद | 9430099051 | 8544428568 | सारण | 06152—244791 | 8544428578 | शिवहर | 06222—299928 | 8544428576 |
| नवादा | 06324—210036 | 8544428567 | सीवान | 06154—242075 | 8544428579 | खगड़िया | 06244—222815 | 8544428594 |
| औरंगाबाद | 8544428862 | 8544428570 | गोपालगंज | 06156—224700 | 8544428580 | मधेपुरा | 06476—223382 | 8544428595 |
| कैमुर | 06189—223445 | 8544428574 | दरभंगा | 06272—220256 | 8544428581 | पुर्णियाँ | 06454—242531 | 8544428596 |
| भोजपुर | 06182—350034 | 8544428571 | समस्तीपुर | 06274—295464 | 8544428602 | | 9504043182 | 8544428605 |
| बक्सर | 06183—295053 | 8544428573 | पूर्वी चम्पारण | 06252—233374 | 8544428985 | किशनगंज | 06456—295069 | 8544428597 |
| भागलपुर | 0641—2400586 | 8544428584 | | 06250—296049 | 8544428582 | अररिया | 9403993759 | 8544428598 |
| | 0641—2400097 | 8544428586 | प० चम्पारण | 9471807001 | 8544428583 | | 7903996518 | 7979076133 |
| बाँका | 9472667624 | 8544428587 | अरवल | 06337—229306 | 8544428569 | कटिहार | 06452—242580 | 8544428599 |
| | 06424—458609 | 8544428608 | बेगुसराय | 0624—3358334 | 8544428603 | | | |
| मुंगेर | 06344—226211 | 8544428588 | | 0624—3358334 | 8544428549 | | | |

टोल फ्री नम्बर: (6 am to 8 pm)

लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग, बिहार सरकार द्वारा जनहित में जारी।